* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

02 नवंबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 14



योगी आदित्यनाथ ने दी ग्रेटर नोएडा को गंगाजल परियोजना समेत 1670 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं की सौगात





SURJABASHA






CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301


### सीएम हेमंत सोरेन वरीय अधिकारियों संग पहुंचे कांटाटोली, दिये निर्देश

# फ्लाइओवर का निर्माण कार्य तय समय पर पूरा करें : हेमंत

- जुडको और संबंधित पदाधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश
- भू-अर्जन, विद्युत पोल शिफ्टिंग, अतिक्रमण सहित अन्य बाधाओं को जल्द दूर करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कांटाटोली चौक पहुंच कर योगदा सत्संग आश्रम (सिरमटोली)-कांटा टोली-कोकर फ्लाइओवर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूरा कर लिया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण कार्य में समयबद्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। राजधानी रांची में आवागमन की सुविधा सुलभ करना हमारी प्राथमिकता है। लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवर का शुभारंभ होना आवश्यक है। फ्लाईओवर निर्माण कार्य में यदि कोई बाधा आ रही है, तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी तथा जुडको राज्य सरकार के साथ तत्काल समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लायें। मुख्यमंत्री ने जुडको के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 नवंबर तक भू-अर्जन तथा पेट्रोल पंप एवं अन्य अतिक्रमण संबंधित सभी प्रक्रिया का निपटारा कर लें। इसी प्रकार विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाये, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की रुकावट न हो। मुख्यमंत्री निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के दौरान लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखें। अच्छे डायवर्सन रोड का निर्माण करें, ताकि वाहनों के आवागमन कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जाम से मुक्त कराने के लिए कांटाटोली जहां-जहां जंक्शन की आवश्यकता हो, वहां जंक्शन भी बनाया जाये। फ्लाईओवर निर्माण के समय सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें। सुरक्षा मानकों में किसी तरह की कोताही न बरती जाये। मुख्यमंत्री ने रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में बालू की कमी न हो, यह सुनिश्चित करें।



कांटाटोली चौक पहुंच कर योगदा सत्संग आश्रम (सिरमटोली)-कांटाटोली-कोकर फ्लाइओवर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। साथ में हैं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय कुमार चौबे।

## मुख्यमंत्री ने कार्य प्रगति का प्रजेंटेशन देखा

फ्लाइओवर निरीक्षण से पहले कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जुडको एवं कांट्रैक्टर कंपनी एम/एस दिनेश चंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के समक्ष कार्य प्रगति से संबंधित प्रजेंटेशन रखकर हर पहलू पर विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं से कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित कर तेज गति से कार्य करें। राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर सभी कार्यों को समय पूरा करें।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, जुडको और कांट्रेक्टर कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोरबी हादसे में घायलों से अस्पताल में मिले पीएम

### पीड़ितों को हरसंभव मदद देने के निर्देश

- घायलों और अपनों को खोने वाले परिवारों से मिले, टूटे ब्रिज का मुआयना भी किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मोरबी।** गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए केबल सस्पेंशन ब्रिज हादसे में अब तक 135 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। हादसे के बाद से राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। 100 से ज्यादा घायल लोगों का इलाज अभी भी जारी है। प्रधानमंत्री ने मोरबी सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिल उनका हाल चाल जाना। साथ ही पीएम ने हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। मोरबी का दौरा के दौरान पीएम मोदी ने राहत एवं बचाव कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सभी के साहस की प्रशंसा की। शवों की तलाश मंगलवार को भी की गयी। एनडीआरएफ के मुताबिक नदी में 2 और शव फंसे हो सकते हैं। 125 लोगों की टीम और 12 नावों के साथ गोताखोर तलाशी कर रहे हैं। गुजरात में बुधवार को एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

**वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक :** प्रधानमंत्री मोदी, मोरबी में हुए केबल ब्रिज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने अस्पताल पहुंच घायलों से उनका हाल चाल भी जाना है। प्रधानमंत्री ने मोरबी में केबल ब्रिज हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारियों को प्रभावित परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस दुखद घड़ी में उन्हें हर संभव मदद मिले।

### ठग सुकेश का दावा : आप पार्टी को दिये 50 करोड़

# प्रोटेक्शन के लिए मंत्री सत्येंद्र जैन को दिये 10 करोड़ रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को चिट्ठी लिख आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर बड़ा दावा किया है। सुकेश ने कहा कि जेल में सुरक्षा और सहूलियत के नाम पर जैन ने 10 करोड़ रुपये वसूले थे। ये रकम उनके एक करीबी के जरिये ली गयी थी। सुकेश ने दावा किया कि उसने आप पार्टी को भी 50 करोड़ रुपये दिये थे और बदले में पार्टी ने दक्षिण भारत में जिम्मेदारी सौंपने का वादा किया था। सुकेश चंद्रशेखर 2017 से मंडोली जेल में बंद है। उसे बीच में तिहाड़ भी शिफ्ट किया गया था। सुकेश ने हाइकोर्ट में भी सत्येंद्र जैन के खिलाफ शिकायत की है। इस पर अगले महीने सुनवाई होगी। आप सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 6 महीने से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सुकेश चंद्रशेखर की तरफ से उसके वकील ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र सौंपा है। इस पत्र में सुकेश ने कहा कि उसे कई बार जान से मारने की धमकियां दी गयी हैं। सुकेश ने अपनी चिट्ठी में कहा है कि उसने तिहाड़ में प्रोटेक्शन मनी दी है।

# हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ डॉ जेजे ईरानी का अंतिम संस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ जेजे इरानी का अंतिम संस्कार मंगलवार दोपहर बिस्टुपुर स्थित पार्वती घाट में हुआ। डॉ ईरानी भले ही पारसी थे, लेकिन उनकी और उनके परिवार की इच्छा अनुसार उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से हुआ। डॉ ईरानी के निधन के बाद मंगलवार सुबह से ही उनके बिस्टुपुर स्थित बेल्डीह लेक स्थित आवास पर कंपनी और शहर के जाने-माने नेतागण का आना शुरू हो गया था। भीड़ इतनी थी की सिक्युरिटी विभाग को रास्ते को बंद करना पड़ा। दोपहर 12 बजे उनका अंतिम संस्कार यात्रा फूलों से सजी गाड़ी से निकली और बिष्टुपुर मुख्य मार्ग के होते हुए पार्वती घाट पहुंची। इस दौरान उनकी पत्नी डेजी ईरानी काफी दुखी नजर आयी। पूरा परिवार सदमा में था।






अंतिम यात्रा में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, स्वास्थ्य एवं आपदा मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारी, जुस्को श्रमिक यूनियन के नेता, जुस्को एमडी तरुण डागा, टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन उनकी पत्नी रुचि नरेंद्रन, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय सहित विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

**घर में गिरने के कारण हो गये थे घायल :** टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक डॉ जेजे ईरानी का सोमवार की रात निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उनका काफी दिनों से टाटा मुख्य अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार की शाम को उनकी हालत अचानक से खराब हो गयी, जिसके बाद उनका निधन हो गया। डॉ ईरानी पिछले दिनों अपने घर में ही गिर गए थे, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आयी थी। लगातार उनकी तबीयत बिगड़ रही थी। सोमवार को रात करीब नौ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे अपनी पत्नी, एक बेटी और एक बेटा को छोड़ गये हैं।

डॉ जेजे ईरानी को देश का नाचीन मेटालर्जिस्ट माना जाता है। रूसी मोदी एवं रतन टाटा की बीच बढ़ती खाई के बाद टाटा संस ने टाटा स्टील की कमान जेजे ईरानी को सौंपी थी। विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने टाटा स्टील को नयी ऊचाईयों तक पहुंचाया। डॉ जेजे ईरानी वर्ष 2007 में वे टाटा स्टील के एमडी के पद से रिटायर हुए थे।




# टाटा अपनी फैक्टरी में 45 हजार महिलाओं की भर्ती करेगा

### आइफोन पार्ट्स बनानेवाले प्लांट में हायरिंग का प्लान, अभी यहां केवल 10,000 कर्मचारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चेन्नई।** टाटा ग्रुप तमिलनाडु के होसुर में अपने इलेक्ट्रॉनिक फ्रैक्ट्री में इंप्लॉइज की संख्या बढ़ाने का प्लान बना रहा है। यहां आईफोन केस बनते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक टाटा नयी प्रोडक्शन लाइन की स्थापना के साथ 18-24 महीनों के भीतर 45,000 महिलाओं को काम पर रखेगा। इस फैक्ट्री में पहले से ही 10,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। सितंबर में कंपनी ने लगभग 5,000 महिलाओं को काम पर रखा था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि होसुर प्लांट में महिला श्रमिकों को 16,000 रुपये से ज्यादा की ग्रॉस सैलरी मिलती है, जो इंडस्ट्री ऐवरेज से करीब 40% ज्यादा है। श्रमिकों को परिसर के भीतर भोजन और आवास भी मिलता है। इसके अलावा टाटा की योजना श्रमिकों को भी ट्रेनिंग और एजुकेशन देने की भी है। यह प्लांट 500 एकड़ से ज्यादा में फैला हुआ है। भारतीय कंपनियां वर्क फोर्स में जेंडर इमबैलेंस सुधारने पर काम कर रही हैं।

**टाटा करना चाहता है आइफोन असेंबलिंग :** टाटा ग्रुप भारत में आइफोन को असेंबल करने के




लिए एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ज्वाइंट वेंचर स्थापित करने के लिए विस्ट्रॉन के साथ भी बातचीत कर रहा है। आइफोन मैन्युफैक्चरिंग के जरिए टाटा टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग में एक ताकत बनना चाहता है। यदि टाटा की विस्ट्रॉन के साथ आइफोन बनाने की डील फाइनल होती है, तो यह टाटा को आइफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बना देगा।

**मैन्युफैक्चरिंग बेस शिफ्ट करना चाहता एपल :** चीन के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में डॉमिनेंस को कोविड लॉकडाउन और अमेरिका के साथ राजनीतिक तनाव ने खतरे में डाल दिया है। एपल भी अपने मैन्युफैक्चरिंग बेस को चीन के बाहर शिफ्ट करना चाहता है। अब वह आइफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए अकेले चीन पर डिपेंड नहीं रहना चाहता। कंपनी चीन से दूर अपने उत्पादन में विविधता लाना चाहती है और भारत में अपनी सप्लाई चेन को गहरा करना चाहती है।

**आइफोन का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन चीन में :** आइफोन का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन चीन में होता है। एपल फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन जैसे अपने कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चर्स को पार्ट सप्लाई करती है और फिर वो मैन्युफैक्चरर इसे असेंबल कर आइफोन तैयार करते हैं। एपल ने 2017 में आइफोन एसइ के साथ भारत में आइफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। भारतीय कंपनी टाटा के आइफोन बनाना शुरू करने से चीन को कड़ी टक्कर मिलेगी।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,700 रु./10 ग्राम
चांदी 60,000 रु./प्रति किलो



# सियासत में आदिवासियों की ताकत का अब चल रहा पता

## मानगढ़ के बहाने तीन राज्यों की 99 विधानसभा और 48 लोकसभा सीटों को साधने की कोशिश

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अभी से ही अपने 18वें आम चुनाव की तैयारी में जुट गया है, जबकि अभी इसमें करीब डेढ़ साल का समय बाकी है। दुनिया के सबसे बड़े चुनाव से पहले आधा दर्जन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राजनीतिक दल अपने-अपने तरीके से वोटरों को रिझाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। इस पृष्ठभूमि में पिछले कुछ दिनों से एक बात नोट की गयी है कि बरसों से उपेक्षित रहे आदिवासी अचानक से सियासत के केंद्र में आ गये हैं। गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में जहां अगले एक साल में चुनाव होना है, में सियासी दलों का आदिवासी प्रेम सिर चढ़ कर बोलने लगा है। हाल के दिनों में कई ऐसे फैसले लिये गये हैं, जिनसे साफ पता चलता है कि सियासी दलों को आदिवासियों की बढ़ती ताकत का बखूबी अंदाजा हो गया है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानगढ़ दौरे को ही लिया जाये। वह मानगढ़ गये और सदियों से उपेक्षित आदिवासियों की इस गौरव भूमि के विकास का एलान किया। यह दरअसल तीन राज्यों के चुनाव में उन 99 सीटों को जीतने की रणनीति का हिस्सा है, जो आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। इन तीन राज्यों की करीब 48 लोकसभा सीटों पर भी आदिवासी समुदाय का असर माना जाता है। पीएम के साथ राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यक्रम में उपस्थित हुए और आदिवासियों के विकास का राग अलापा। आखिर क्या है सियासी दलों के आदिवासी प्रेम के पीछे का असली कारण और राजनीति में कितने महत्वपूर्ण हो गये हैं आदिवासी, इसका परत-दर-परत विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



**राजनीतिक दलों के उमड़ते आदिवासी प्रेम के पीछे दरअसल चुनावी गणित**

इस साल जब राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया, तो इसे भाजपा का मास्टर स्ट्रोक माना गया। बाद में श्रीमती मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं और इसे भाजपा के आदिवासी प्रेम का जीता-जागता उदाहरण माना गया। इससे पहले 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाने और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनका चित्र लगाने जैसे फैसले भी हो चुके हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के मानगढ़ में इस पवित्र भूमि के विकास का एलान कर आदिवासियों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल हो गये। यहां बड़ा सवाल यह है कि आखिर आजादी के इतने वर्षों वाद तक राजनीतिक रूप से हाशिये पर रहे आदिवासी अचानक से केंद्र में क्यों आ गये हैं। आखिर कोई तो कारण होगा, जिसके कारण तमाम राजनीतिक दल आदिवासियों को साधने की जुगत में जुट गये हैं।

इसका जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। आदिवासियों के प्रति यह प्रेम अचानक नहीं उमड़ा है। ऐसे समय में, जब देश 2024 के आम चुनाव की तैयारी में जुटा है और उससे पहले आधा दर्जन राज्यों के चुनाव बिलकुल सिर पर हैं, तब आदिवासी वोटों को अपने पाले में करना एक कारण हो सकता है। लेकिन तब सवाल यह है कि इतने वर्षों तक ऐसा क्यों नहीं किया गया। तो इसका जवाब गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान की उन 99 सीटों से आसानी से समझा जा सकता है, जिन्हें साधने के लिए पीएम मोदी ने आज मानगढ़ का दौरा किया।

दरअसल गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में सत्ता हासिल करने का एक कॉमन फैक्टर है और वह है आदिवासी वोट। तीनों राज्यों की कुल 652 में से 99 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इसका मतलब यह है कि तीनों राज्यों की कुल 16 प्रतिशत सीटों से आदिवासी विधायक ही चुने जायेंगे। मध्य प्रदेश की कुल 230 विधानसभा सीटों में से 35 अनुसूचित जाति और 47 अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व हैं। राज्य में आदिवासी सीटों का हिस्सा 20.4% है। ऐसे में कुल सीटों का पांचवां हिस्सा रखने वाली इन सीटों की ताकत से ही चुनावी हार-जीत का फैसला होता है। इसी तरह राजस्थान की कुल दो सौ विधानसभा सीटों में से 34 अनुसूचित जाति और 25 अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व हैं। आदिवासी सीटों की हिस्सेदारी करीब 12.15% है। यह आंकड़ा मध्य प्रदेश की तुलना में कम है, लेकिन चुनावी हार-जीत के लिहाज से बेहद अहम है। गुजरात में विधानसभा की कुल 182 सीटें हैं। इनमें से 13 अनुसूचित जाति और 27 अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व हैं। यहां कुल सीटों का 14.83% हिस्सा आदिवासियों के लिए सुरक्षित है। ऐसे में हर पार्टी की कोशिश इस वर्ग के वोटों को साधने की होती है। तीन राज्यों में इन 99 सीटों से सटी करीब 50 दूसरी सीटों पर भी आदिवासियों के वोट हार-जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। आदिवासी सीटों पर जीत दर्ज करने वाली पार्टी ही अमूमन सत्ता तक पहुंचती रही है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछले चुनाव के नतीजे इसकी गवाही देते हैं। गुजरात में आदिवासी वोट हासिल करके भी कांग्रेस सत्ता तो हासिल नहीं कर सकी, लेकिन उसने भाजपा को कड़ी टक्कर दी।

ऐसे में पीएम मोदी की मानगढ़ यात्रा के पीछे की रणनीति को आसानी से समझा जा सकता है। मोदी जब 10 साल पहले गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब वह मानगढ़ गये थे। उन्होंने तब गुजरात के हिस्से में मानगढ़ तक पहुंचने की सड़कों को शानदार करवाया था, ताकि पर्यटक आसानी से यहां तक पहुंच सकें। इस धाम तक पहुंचने की पहली पक्की सड़क मोदी ने ही बनवायी थी। उसके बाद गुजरात वाले हिस्से में वह लगातार विकास करवाते रहे। अब भाजपा इसके इतिहास पर एक किताब भी छपवा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा के साहित्य में भी इसे बहुत महत्व दिया जाता है। आदिवासी समाज परंपरागत रूप से गुजरात में भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। इधर राजस्थान वाले हिस्से की सड़कें तो खस्ताहाल हैं, हालांकि मुख्यमंत्री गहलोत ने यहां 2009 में एक स्तंभ बनवाया था, जो आज इस धाम का मुख्य हिस्सा है। राजस्थान में आदिवासी समाज कांग्रेस का वोट बैंक माना जाता है। 2004-05 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस धाम परिसर में एक धूणी हॉल भी बनवाया था।

### आदिवासियों को साधने मानगढ़ धाम ही क्यों चुना

राजस्थान की राजधानी जयपुर से 550 किलोमीटर दूर बांसवाड़ा जिले में मानगढ़ की पहाड़ियां मौजूद हैं। मानगढ़ की पहाड़ियों की सीमा गुजरात और राजस्थान को छूती है, तो मध्य प्रदेश की सीमा भी इसके बेहद नजदीक है। इस तरह से यह तीन राज्यों का कनेक्टिंग प्वाइंट है। मानगढ़ धाम आदिवासियों की आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है।

### क्यों सुर्खियों में हैं आदिवासी

गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों से देश भर में आदिवासी समुदाय सुर्खियों में है। आदिवासियों को लुभाने के लिए उनके हित में कई फैसले लिये गये हैं। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती (15 नवंबर) को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ण के रूप में मनाने और इस दिन भव्य आयोजन करने की घोषणा की गयी है। कई दूसरी घोषणाएं भी हुई हैं। झारखंड की अलग सरना कोड की मांग पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। आदिवासियों को प्रभावित करने, अपना बताने और अपना बनाने की इस चौतरफा कवायद से यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है कि यह उपेक्षित तबका अचानक से राजनीति के केंद्र में कैसे आ गया है।

### जलियांवाला बाग से बड़ा नरसंहार हुआ था मानगढ़ में

#### डेढ़ हजार आदिवासियों की हुई थी हत्या, खून से लाल हो गयी थी पहाड़ी

17 नवंबर 1913 को अंग्रेजों ने अचानक निहत्थे आदिवासियों पर फायरिंग शुरू कर दी। डेढ़ हजार से ज्यादा आदिवासी मारे गये। मानगढ़ की पहाड़ी खून से लाल हो गयी। यह जलियांवाला बाग हत्याकांड से भी बड़ा नरसंहार था। इसके बावजूद लोगों को मानगढ़ नरसंहार के बारे में समुचित जानकारी नहीं है, क्योंकि इतिहास ने कभी इस नरसंहार को जगह नहीं दी। मानगढ़ धाम के चारों ओर पहाड़ी और जंगल है। इस पहाड़ी की ऊंचाई करीब दो सौ मीटर है। गुजरात और राजस्थान की सीमा से लगती इस पहाड़ पर एक धूणी है। यहां गोविंद गुरु की प्रतिमा है। साथ ही मानगढ़ से संबंधित जानकारी पत्थरों पर लिखी हुई है। गोविंद गुरु का जन्म 20 दिसंबर 1858 को डूंगरपुर जिले के बांसिया गांव के बंजारा परिवार में हुआ था। 1903 में गोविंद गुरु ने संप सभा बनायी, जिसका उद्देश्य विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार था। उन दिनों पूरा देश अंग्रेजों के जुल्म से परेशान था। इस दौरान गोविंद गुरु ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया था। सबसे पहले उन्होंने लोगों में शिक्षा का अलख जगाने और धर्म से जोड़ने का काम शुरू कर दिया। गोविंद गुरु के आंदोलन से काफी आदिवासी जुड़े हुए थे। 17 नवंबर 1913 को गोविंद गुरु का जन्म दिन मनाने के लिए आदिवासी भक्तों की टोलियां मानगढ़ धाम के पहाड़ पर जुटी थीं। इसी दिन खेरवाड़ा से ब्रिटिश बटालियन और गुजरात के दाहोद से अंग्रेजी सेना को बुलाया गया था। अंग्रेजों ने मानगढ़ धाम की सड़क के पार समांतर पहाड़ पर खच्चरों से मशीन गन और तोप पहुंचाये थे। मेजर हैमिल्टन और उसके तीन अफसरों ने हथियारबंद फौज के साथ मानगढ़ पहाड़ी को तीन ओर से घेर लिया था। खेरवाड़ा से आयी अंग्रेजी सेना ने रात में पूरा सफर तय कर पहाड़ियों पर हथियार जमा किये थे। अगली सुबह अंग्रेजी फौज के कर्नल शटन का आदेश मिलते ही सेना ने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। आदिवासियों पर तोप और तत्कालीन मशीन गनों से हमला बोल दिया गया। इस हमले में डेढ़ हजार आदिवासियों की मौत हो गयी थी। हमले के दौरान अंग्रेजों ने गोविंद गुरु और उनके एक साथी को पकड़कर जंजीरों से जकड़ दिया था। इसके बाद अहमदाबाद और संतरामपुर की जेलों में रखा गया था। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविंद गुरु को फांसी की सजा सुनायी थी, जिसे बाद में 10 साल की कैद में बदला गया था। 12 जुलाई 1923 को उन्हें संतरामपुर जेल से इस शर्त पर रिहा किया गया कि वह बांसवाड़ा, डूंगरपुर और संतरामपुर रियासत में प्रवेश नहीं करेंगे।

# बालू-पत्थर के अवैध कारोबार में अधिकारी और जेएमएम नेता संलिप्त : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार के साथ गिरिडीह के दोनों विधायकों पर हमला बोला है। बाबूलाल मरांडी भाजपा नेता सुरेश साहू के शास्त्री नगर आवास महापर्व का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे, जहां बातचीत के क्रम में बाबूलाल ने कहा की पहले उन्हें सिर्फ संदेह था कि हेमंत सरकार का बालू और पत्थर के अवैध कारोबारी से मिलीभगत है। अब यकीन हो गया है कि हेमंत सरकार बालू, कोयला और पत्थरों के अवैध कारोबार से खुल कर पैसे कमा रही है। राज्य के अधिकारी के साथ दलाल और जेएमएम नेता लूटने में लगे हुए हैं। तीनों मिलकर पैसे कमा रहे हैं।

हैरानी की बात है कि साहिबगंज में कारवाई के दौरान इडी ने अपने चार्जशीट में डीसी और डीएमओ तक के नाम को शामिल किया है। इसके बाद भी सरकार इन दोनों अधिकारयों के



खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे जाहिर हो रहा है कि सरकार की भी मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हेमंत सरकार बालू, कोयला और पत्थर लूट रही है तो दूसरी ओर गिरिडीह और कोडरमा में मजदूरों के रोजगार के साधन माइका को ठप कर दिया गया है। वन विभाग को माइका कारोबार को लेकर खुला छोड़ दिया गया है, चाहे वो फिर वन विभाग से बाहर के इलाके से माइका निकल रहा हो, या बन विभाग के भीतर इलाके से। भाजपा ने भी प्रण लिया है की जब तक हेमंत सरकार को सत्ता से बाहर नहीं निकाल देती, तब तक शांत नहीं बैठने वाली। इसी के मद्देनजर सात नवंबर से राज्य सरकार के खिलाफ प्रखंड स्तर पर आंदोलन शुरू किया जा रहै है। इसी कड़ी के तहत भाजपा की ओर से कोडरमा और गिरिडीह में ठप पड़े माइका कारोबार को चालू कराने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाना है।

एक सवाल के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने तेलोडीह की घटना के लिए सदर विधायक सुदिव्य सोनू और गांडेय विधायक सरफराज अहमद को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दोनों की साजिश थी फेस्टिवल में दो समुदाय के बीच विवाद पैदा करने की, लेकिन दोनों की साजिश नाकाम हुई। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच, पूर्व मेयर सुनील पासवान, मनोज संघई, राजेश जायसवाल समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गैंगस्टर अखिलेश सिंह के नाम पर मांगी एक करोड़ की रंगदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले बिल्डर रोशन शर्मा से रंगदारी की मांगी गयी है। रंगदारी गैंगस्टर अखिलेश सिंह के नाम पर मांगी गयी है। रंगदारी के तौर पर एक करोड़ की रुपये की मांग की गयी है। रोशन शर्मा ने अरगोड़ा थाना में अखिलेश सिंह और अमलेश सिंह के विरुद्ध नामजद एवं एक अज्ञात के विरुद्ध रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**25 अक्टूबर को मांगी गयी रंगदारी :** रोशन शर्मा के पार्टनर आशुतोष गिरि ने अरगोड़ा थाने में दर्ज कराये गयी प्राथमिकी के बारे में बताया कि धमकी भरा फोन उन्हीं के मोबाइल पर आया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आशुतोष गिरि और रोशन शर्मा पारिवारिक मित्र होने के साथ साथ बिल्डर का काम करते है और दोनों पार्टनर भी हैं। 25 अक्टूबर को दोनों रोशन शर्मा के घर पर



बैठकर बातें कर रहे थे, उसी दौरान आशुतोष गिरि के मोबाइल पर एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि वह गैंगस्टर अखिलेश सिंह का आदमी बोल रहा है। उसने कहा कि अपने पार्टनर रोशन शर्मा से कहना है कि एक करोड़ रुपए रंगदारी अखिलेश सिंह के भाई अमलेश को पहुंचा दे। अन्यथा उनको पूरे परिवार के साथ जान से मार डालेगा। फोन करने वाले ने अपना नाम रौशन पाठक बताया।

# जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा में उम्र सीमा में छूट के लिए ट्विटर पर चलेगा कैंपेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन की आगामी परीक्षा को लेकर ट्वीटर पर कैंपेन चलाने की तैयारी है। झारखंडी बेरोजगार युवा उम्र सीमा में 5 वर्ष की छूट के लिए ट्विटर पर अभियान चलायेंगे। इसके लिए अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी कर युवाओं से अपील की गयी है। राज्य के युवाओं से को ट्वीट और रीट्वीट करने की अपील की गयी है। इस डिजिटल आंदोलन में सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया है। डिजिटल क्रांति में सहयोग देने के लिए कुणाल प्रताप सिंह, राजेश ओझा, जोहार फाइनल फाइटर, स्टडी विद स्मृति, पतंजलि आइएएस, विनय आइएएस एकेडमी, उड़ान आइएएस एकेडमी, एग्जाम हेल्पर, एग्जाम फाइटर, दुबे आइएएस एकेडमी, झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन,




झारखंड यूथ एसोसिएशन के अलावा छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, गुलाम हुसैन, मनोज यादव, अपने-अपने ट्विटर हैंडल का भी इस्तेमाल करेंगे। यह जानकारी झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक राजेश ओझा ने दी है।

### बीते वर्ष भी चलाया गया था कैंपेन

राजेश ओझा के मुताबिक झारखंड में हेमंत सरकार बनने से दो वर्ष पहले 2018 से ही जेपीएससी व खररउ द्वारा कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है. अगर एक दो परीक्षा हुई भी तो किसी कारणवश रद्द हो गयी या लटकी हुई है। इस कारण लगभग 5 लाख रिक्त पद पड़े हुए हैं। कर्मचारियों के अभाव में सरकारी कार्य ठप पड़ा हुआ है और विकास बाधित है। पिछले पांच वर्षों से परीक्षा नहीं होने की वजह से झारखंड के युवाओं की उम्र और नौकरी की उम्मीद खत्म हो गयी है। हेमंत सरकार के नियुक्ति वर्ष 2021 के बाद 2022 भी खत्म होने को है, लेकिन सरकार तीन साल में एक ठोस स्थानीय-नियोजन नीति नहीं बना सकी, जो भी नियमावली बनी वह अदालत में विचाराधीन है। इससे आगे राजेश ओझा ने कहा कि खतियान आंदोलन के बाद आनन-फानन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का प्रारुप सरकार कैबिनेट में लायी। मगर उसमें भी नौवीं अनुसूची का पेंच फंसा हुआ है। बता दें कि इससे पहले भी झारखंडी युवा मांगे रोजगार के स्लोगन से पिछले वर्ष ट्विटर पर कैंपेन चलाया गया था, जो सफल हुआ था।

# पीएम आवास में अतिरिक्त कमरा के लिए 50 हजार देने की योजना ठंडे बस्ते में, धरा का धरा रह गया 2000 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने बजट सत्र में अपने वार्षिक बजट के हाइलाइटस में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए एक नये आवंटन के साथ अतिरिक्त कमरा देने की घोषणा की थी। सदन में बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने पूरे तेवर से यह कहा था कि प्रत्येक यूनिट के लिए सरकार 50 हजार रुपये अतिरिक्त राशि देने जा रही है और इसका प्रावधान इस बजट में है। सात माह बीत गये सरकार की घोषणा धरी की धरी रह गयी। अब तक इस राशि पर कोई काम आगे नहीं बढ़ा है। इसकी बड़ी वजह है केंद्र से अब तक झारखंड को इस वित्तीय वर्ष में पीएम आवास का आवंटन नहीं मिलना। केंद्र ने स्पष्ट किया है कि जब तक लंबित आवास पूर्ण नहीं होगा, नया आवास निर्माण का लक्ष्य नहीं दिया जायेगा। राज्य में बालू संकट बरकरार है। त्योहार में भी काफी समय बीत गया है, वहीं अब धान काटने का भी समय आ रहा है। इस पर भी एक माह से अधिक समय लगेगा। ऐसे में जो स्थिति है, उससे साफ प्रतीत हो रहा है कि लाभुकों को अगले दो माह तक इस योजना का लाभ फिलहाल मिलना संभव नहीं है। ऐसे में लाभुकों को एक अतिरिक्त कमरा का सपना साकार होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के बजट में इस योजना के लिए लगभग 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। कैबिनेट से भी इसकी स्वीकृति मिल गयी है, फिर भी यह धरातल पर उतरता नहीं दिख रहा है। समय पर काम नहीं हुआ, तो अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए जो राशि दी गयी है, उसका दूसरे जगह उपयोग करने पर सरकार विचार कर रही है।

**केंद्र से नहीं मिला लक्ष्य, 2.50 लाख से अधिक आवास पेंडिंग :** दरसअल, झारखंड में अब भी 2.50 लाख आवास योजना पेंडिंग है। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक लंबित आवास योजना पूरी नहीं की जायेगी, तब तक इस वित्तीय वर्ष 2022-23 का टारगेट नहीं दिया जायेगा। ऐसे में इस वित्त वर्ष के सात माह बीत जाने के बाद भी केंद्र की ओर से झारखंड को नया आवास निर्माण का लक्ष्य नहीं दिया गया है। वहीं राज्य सरकार के अतिरिक्त कमरा देने की योजना नये आवास योजना के साथ ही थी, ऐसे में जब तक नयी स्वीकृति नहीं मिलेगी, तब तक अतिरिक्त कमरा की 50 हजार रुपये की राशि भी स्वीकृत नहीं होगी।

### केंद्र से आवंटन लेने का हो रहा प्रयास : आलमगीर



इस मामले पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम का कहना है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लाभुकों के लिए पीएम आवास योजना ग्रामीण से स्वीकृत आवास में एक अतिरिक्त कमरा देने का निर्णय लिया है, लेकिन केंद्र सरकार ने पीएम आवास योजना बंद कर आवास प्लस शुरू किया है। वहीं, अभी तक नया आवास का आवंटन भी नहीं मिला है। हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि इस वित्तीय वर्ष में केंद्र से आवंटन मिल जाये, ताकि लाभुकों को अतिरिक्त कमरा के लिए राशि दी जा सके।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 15.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.54 बजे |



# दुष्कर्म का फरार आरोपी चला रहा था स्कूल बस, पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम जोहन डांग (37) है। वह गुमला जिला के कुरकुरा थाना क्षेत्र के टाटी सराड़मा का रहनेवाला है। घटना जून 2021 में सदर थाना क्षेत्र में घटी थी। आरोपी पीड़िता के पड़ोस में किराये के मकान में रहता था। इसी दौरान उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस ने पीड़िता का 164 के तहत कोर्ट में बयान कराया था। सदर थाना में दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

जांच के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर जोहन डांग के खिलाफ कोर्ट से पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट



प्राप्त किया था। इसके बाद से गुमला जिला स्थित पैतृक घर पर पुलिस की टीम कई बार गयी थी, लेकिन वह वहां नहीं मिल पा रहा था। इसी दौरान सदर पुलिस को सूचना मिली कि जोहन रांची के एक निजी स्कूल के बस चालक के तौर पर करीब छह माह से काम कर रहा था। सूचना के बाद पुलिस हरकत में आयी और सदर थाना क्षेत्र में कोकर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

गुमला जाने पर सदर पुलिस को यह जानकारी मिली कि जोहन ने वहां पर भी एक लड़की के साथ गलत काम किया था। लेकिन स्थानीय स्तर पर पंचायत में मामला रफा-दफा कर दिया गया था। मामले में सदर पुलिस ने स्कूल के बस का कार्य देखने वाले मैनेजर से मामले में पूछताछ की, तब पता चला कि बिना पुलिस वेरिफिकेशन के ही जोहन डांग को चालक के तौर पर रखा गया था।

# पिता ने अपनी ही बेटियों की हत्या कर दी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव के कराईकेला थाना के हुडंगदा पंचायत अंतर्गत आने वाले परसाबहाल गांव में एक पिता ने अपनी दो बेटियों की हत्या धारदार हथियार से कर दी। बेटियों की हत्या करने के साथ ही वह घर की तीन मुर्गियों को भी मार दिया। जानकारी मिलने के बाद लोगों ने उसे कमरे में बंद कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार परसाबहाल गांव निवासी बुधन सिंह बोदरा की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। वह बैल चराने के लिए जंगल की ओर गया हुआ था। लौटने पर वह धारदार हथियार दावली एवं पत्थर लेकर घर आया। इसके बाद अनाप-शनाप बोलने लगा। रात 10 बजे को वह धारदार हथियार को पत्थर में तेज करने लगा। यह देख कर उसकी पत्नी राय मुनी बोदरा आसपास के लोगों के घर जाकर इसकी सूचना दी। जब गांव वाले आये और आकर देखा तो घर का दरवाजा बंद था। गांववालों ने घर का दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया। दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया था।



## छप्पर तोड़ कर ग्रामीण पहुंचे

आवाज देने के बाद भी दवराजा नहीं खोलने के बाद ग्रामीणों ने छप्पर तोड़ कर देखा, तो बुधन सिंह बोदरा अपनी छह और तीन वर्षीय बेटियों की हत्या कर चुका था. उसने बेटियों के चेहरे और सिर पर वार किया था. इस वजह से उनकी मौत मौके पर हो गई थी। वहीं बुधन घर में रखे हुए तीन मुर्गा को भी मार डाला। रात होने की वजह और लाश देखकर घबराये गांव वालों ने घर का दरवाजा बाहर से ही बंद कर दिया।

## पुलिस को सुबह दी गयी जानकारी

सुबह में गांव के मुंडा सिकंदर जामुदा एवं कराईकेला थाना के अस्थाई चौकीदार जोगेन नाग ने पुलिस को घटना की जानकारी दी. इसके बाद कराईकेला थाना प्रभारी दीपक क्रेएशन दल बल के साथ आकर बुधन सिंह बोदरा को गिरफ्तार किया. वहीं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर भेज दिया. गांव वालों ने पुलिस को बताया कि इसकी मानसिक स्थिति पहले भी खराब हो चुकी है। यह घर में पहले भी तोड़फोड़ कर चुका है। गांव में बुधन सिंह बोदरा के प्रति लोगों में काफी नाराजगी थी।

## सरकार आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण शुरू

# सीएम हेमंत सोरेन आज साहेबगंज में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण एक नवंबर से शुरू हो गया। अभियान 14 नवंबर को समाप्त होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दूसरे चरण के अभियान के दौरान दो नवंबर को साहेबगंज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों को योजनाओं से आच्छादित करेंगे। साहेबगंज में मुख्यमंत्री कुल 10,481 लाख रुपये की 14 योजनाओं का शिलान्यास एवं नौ योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी होगा। मालूम हो कि पहले चरण के अभियान में 21 लाख से अधिक आवेदन विभिन्न शिविरों में प्राप्त हुए, जिनमें से 15 लाख से अधिक आवेदन का निष्पादन कर दिया गया है। शेष आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। प्रथम चरण के अभियान में सरकार की प्राथमिकता की योजनाओं के लिए 12 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आठ लाख से अधिक आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित हुआ।

## लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

विगत वर्ष सरकार ने भगवान



बिरसा मुंडा की जयंती एवं सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 नवंबर 2021 से 28 दिसंबर 2021 तक पूरे राज्य में ₹आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसकी सफलता और लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कारगर माध्यम बनाने के उद्देश्य से फिर से अभियान की पुनरावृत्ति आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से हुई है। जिसके तहत लोगों को योजनाओं का लाभ देने में सरकार सफल हो रही है और जरूरतमंद अपने अधिकार के प्रति जागरूक भी हो रहे हैं। यह अभियान उन व्यक्तियों को समर्पित है, जो पूर्व के अभियान में योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये थे।

**समस्याओं का समाधान और परिसंपत्ति का होगा वितरण :** अभियान से सरकार की योजनाएं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, हरा राशन कार्ड, छात्रवृत्ति योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री दूसरे चरण के अभियान में भी विभिन्न जिलों में आयोजित शिविर का निरीक्षण करेंगे, ताकि लोगों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

# क्या कोई सरकारी उपक्रम सिर्फ संविदा कर्मियों के भरोसे चल सकता है : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने झारक्राफ्ट के कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से यह पूछा है कि क्या कोई सरकारी उपक्रम सिर्फ संविदा कर्मियों पर चल सकता है। अदालत ने इस बिंदु पर सरकार और झारक्राफट से जवाब मांगा है। इस मामले के याचिकाकर्ता प्रकाश रंजन, अंजनी सहाय एवं अन्य के अधिवक्ता अभय मिश्रा के मुताबिक हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले सभी



कर्मचारियों को झारक्राफ्ट ने नियुक्त किया था। कुछ वर्षों तक कार्य लेने के बाद झारक्राफ्ट ने यह निर्देश जारी कर दिया कि सभी कर्मचारी कॉन्ट्रेक्ट पर ही नियुक्त होंगे। उन्हें नियमित यानी स्थायी नहीं किया जायेगा।

**नियुक्ति के लिए झारक्राफ्ट ने निकाला था विज्ञापन :** नियुक्ति का विज्ञापन भी झारक्राफ्ट ने ही जारी किया था। झारक्राफ्ट के इस आदेश के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अभय मिश्रा ने अदालत में दलील दी कि झारक्राफ्ट में सभी पद सेंक्शन हैं, इसलिए वहां स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए न कि कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई।

## नेतरहाट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

# 29 जनवरी को होगी प्रवेश परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा। अंतिम रूप से कुल 100 छात्रों का चयन किया जायेगा। चयन से पूर्व सभी विद्यार्थियों की मेडिकल जांच के साथ ही दस्तावेजों की जांच होगी। चयनित छात्र सीबीएसइ बोर्ड से संबद्धता प्राप्त नेतरहाट विद्यालय में 12वीं तक की निःशुल्क पढ़ाई कर सकेंगे। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र की उम्र 10 से 12 साल के बीच होनी चाहिए। साथ ही वे पांचवीं पास हों। आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही मोड में जमा करने होंगे। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



**कोल्हान में होगा परीक्षा केंद्र :** नेतरहाट विद्यालय में एडमिशन के लिए 29 जनवरी को प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए कोल्हान के तीनों जिले (पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम) में परीक्षा केंद्र होगा। परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसमें मानसिक योग्यता, हिंदी, गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जायेंगे। उक्त सभी पांच विषय 20-20 अंकों की होगी।

**प्रवेश परीक्षा में शामिल होनेकी शर्तें :** अभ्यर्थी को झारखंड का मूल निवासी या स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा। इसके लिए सक्षम प्राधिकार (अंचलाधिकारी या अनुमंडलाधिकारी) से निर्गत निवास प्रमाण पत्र संलग्न अनिवार्य होगा। एक अगस्त 2022 को जिसकी उम्र 10 वर्ष से कम नहीं हो या 12 वर्ष से अधिक नहीं हो। जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अगर आरक्षण श्रेणी का है, तो सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण पत्र से संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

# कोयला कारोबारी मैनेजर राय को रंगदारी के मामले में मिली जमानत

**झारखंड उच्च न्यायालय ने दिया आदेश, निचली अदालत ने खारिज की थी याचिका**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयला कारोबारी राकेश ओझा से रंगदारी के मामले में 19 जुलाई से जेल में बंद मैनेजर राय को मंगलवार को अदालत से बड़ी राहत मिली। उनके अधिवक्ता शाहनवाज ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुभाष चंद्रा की अदालत में मैनेजर राय को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया है। जमानत संबंधी आदेश निचली अदालत को पहुंचते ही वह जेल से बाहर आ जायेंगे। विगत 31 अगस्त 22 को मैनेजर राय की जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने खारिज कर दी थी। बता दें कि इसके पूर्व जमानत अर्जी 21 जुलाई 22 को अवर न्यायाधीश राजीव त्रिपाठी की अदालत ने नामंजूर कर दी थी।

**क्या है मामला :** शिवम हार्डकोक के मालिक राकेश ओझा ने अरूप चटर्जी एवं निरसा मैथन के कोयला कारोबारी मैनेजर राय के खिलाफ गोविंदपुर थाना में 27 जून 22 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में 11 लाख रुपये रंगदारी मांगने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया गया था।

# झारखंड कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण कल से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत तीन नवंबर से पलामू प्रमंडल से होगी। तीन नवंबर को लातेहार, चार नवंबर को पलामू, पांच नवंबर को गढ़वा और छह नवंबर को लोहरदगा में पदयात्रा का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, जिलों के प्रभारी व संयोजक शामिल होंगे। विधायकों को भी इस यात्रा में शामिल होने का निर्देश



दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि राज्य में भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत खूंटी जिला से हो चुकी है। त्योहार की वजह से अभियान की गति धीमी पड़ गयी थी। अब फिर इसको गति प्रदान किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों व विधानसभा में 15 दिसंबर तक पदयात्रा का कार्यक्रम चलेगा। इसको लेकर रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। पलामू प्रमंडल के बाद संथाल परगना प्रमंडल में भारत जोड़ो यात्रा शुरू होगी। झारखंड के महान विभूतियों की प्रतिमा से इसकी शुरुआत होगी। कांग्रेसजन प्रतिदिन 10 किलोमीटर तक की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम इस यात्रा के माध्यम से लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि संविधान, लोकतंत्र व देश खतरे में है।

## गोपाष्टमी महोत्सव पर राजधानी में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

# 500 से ज्यादा लोगों ने गौशाला में किया तुलादान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची गौशाला का पारंपरिक त्यौहार श्रीकृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव, हरमू रोड स्थित रांची गोशाला प्रांगण में मंगलवार को सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ। कार्यकारिणी सदस्य प्रेम मित्तल ने श्री गणेश पूजन कर इसका प्रारम्भ किया। इसके बाद आठ बजे से गौशाला प्रांगण पहुंच कर कई लोगों ने गो माता की पूजा सपरिवार की। मौके पर 500 से भी ज्यादा लोगों ने गौशाला में गायों के आहार के लिए तुलादान कराया। इसके बाद रांची गौशाला प्रांगण से विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकाली गयी। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, महापौर आशा लकड़ा, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व पार्षद सुनीता देवी एवं अन्य ने गौ पूजन किया। इसके बाद शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से प्रचार



वाहन ,संस्था का बैनर, धर्म ध्वज पताका लिए डीएवी नंदराज एवं अपर बाजार शिवकन्या मध्य विद्यालय के बच्चे और बच्चियां साथ साथ चल रहे थे। एक वाहन पर श्री राधा कृष्ण की सजीव झांकी व नंदी, गाय, बछड़े, बाछे सुंदर सुशोभित श्रृंगार युक्त वस्त्रों में चल रहे थे। रातू रोड स्थित श्री दुर्गा जागरण मंडली एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर के सदस्यों द्वारा भजनों की गंगा प्रवाह की जा रही थी।

शोभायात्रा मुख्य रूप से हरमू रोड, गाड़ी खाना, बकरी बाजार, चुरूवाला चौक, जेजे रोड, कोतवाली थाना, शहीद चौक, कुंजीलाल स्ट्रीट, महावीर चौक, मेकी रोड मार्गों से चल कर गोशाला प्रांगण पहुंची। इन मार्गों पर श्री श्याम मंडल, श्री अग्रवाल सभा, भारतीय युवक संघ, विप्र फाउंडेशन, जेजे रोड व्यापार समिति, श्रवण मोदी ट्रस्ट, झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ द्वारा गायों के स्वागत में गुड़, चोकर और घास खिलाया गया। वहीं छोटे बच्चों के स्वागत में बिस्कुट, टॉफी, जूस, अमूल दूध, पानी,




चाय की व्यवस्था थी। शोभायात्रा के स्वागत में पुष्प वर्षा की गयी। पदाधिकारियों को माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा का संचालन मारवाड़ी युवा मंच एवं श्री रानी सती मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा किया जा रहा था।

गौशाला में विशेष सहयोग देने वाले 25 से ज्यादा दानदाताओं को सीपी सिंह के द्वारा और गौशाला ट्रस्टी चेयरमैन रतन लाल जालान व अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार सहित कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीपी सिंह ने गोपाष्टमी में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामना दी। साथ ही साथ उन्होंने अपने विधायक कोष से गोशाला को 5 लाख राशि देने की घोषणा की। अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने विधायक सहित सभी दानदाताओं का गौशालाओं में दी जाने वाली सहयोग राशि के लिए आभार प्रकट किया।

10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस हो राधा कृष्ण की झांकी की प्रतियोगिता रखी गयी। बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा के द्वारा इस कार्य में सहयोग किया गया। साथ ही साथ झारखंड के सुप्रसिद्ध जादूगर के द्वारा मैजिक शो का आनंद उपस्थित लोगों ने उठाया।

संध्या को वृंदावन से पधारे लोगों ने श्री कृष्ण लीला का वृहद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ट्रस्टी रतन जालान, प्रदीप राजगढ़िया प्रमोद सारस्वत सहित आयोजन समिति में लगे सभी पदाधिकारियों ने गोपाष्टमी महोत्सव की सफलता के लिए सभी को आभार जनित धन्यवाद प्रेषित किया।

बुधवार को कांके स्थित सुकुरहुट्टू गौशाला में आंवला नवमी का पूजन होगा साथ ही साथ गौ माता के इलाज के लिए गौ हॉस्पिटल का उद्घाटन भी सुबह 10 बजे किया जायेगा।

# जल जीवन मिशन : घटिया सामान के इस्तेमाल पर बिफरे संयुक्त सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं की जानकारी लेने केंद्रीय गृह मंत्रालय के ज्वाइंट सचिव सुनील बर्णवाल मंगलवार को गिरिडीह पहुंचे। यहां उन्होंने डीसी समेत कई अधिकारियों के साथ नीति आयोग की बैठक की। दो दिनों के गिरिडीह प्रवास के दौरान केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन योजना के नोडल अधिकारी और सचिव सुनील बर्णवाल कई प्रखंडों का दौरा किया। उन्होंने सदर प्रखंड के अग्दोनीखुर्द के एक घर में जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण किया, तो पाया कि योजना में पीएचइडी के ठेकेदार ने बेहद घटिया क्वालिटी के सामान लगाए हैं। इस पर सुनील बर्णवाल ने मौके पर मौजूद पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता मुकेश मंडल को जमकर फटकार लगाई और सारे सामानों को बदल कर अच्छी क्वालिटी के सामान लगाने का निर्देश दिया। इसी तरह जमुआ में जहां रेन हार्वेस्टिंग योजना का जायजा लिया, वहीं सदर प्रखंड के मटरुखा में अमृत सरोवर योजना का हाल भी देखा। सचिव सुनील बर्णवाल ने इस दौरान जेएसपीएलएस में महिलाओं के द्वारा कई स्वावलंबी की दिशा में किए जा रहे है कार्यों को भी देखा। सुनील बर्णवाल और जल आयोग के सदस्य मीना ने डीसी नमन प्रियेश लकड़ा समेत कई अधिकारियों के साथ बैठक में सचिव ने इस बात पर खुशी जतायी कि सही मॉनिटरिंग के कारण आकांक्षी जिले की लिस्ट में शामिल गिरिडीह ने शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बेहतर कार्य किया और अब 112 आकांक्षी जिले में शिक्षा विभाग डेल्टा रैंकिंग में 12वें स्थान पर आ चुका है लेकिन जिले में जल जीवन मिशन योजना का हाल सबसे खराब देख सचिव ने चिंता जतायी और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन योजना में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक में डीडीसी शशिभूषण मेहरा, उप नगर आयुक्त स्मृति कुमारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अलका हेंब्रम समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत अलगडीहा के पंचायत भवन के सामने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चलकुशा प्रखंड के बीडीओ समरेश भंडारी, सीओ शशिकांत सिंकर, जिला परिषद सदस्य सविता सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, उप प्रमुख शमशेर आलम, 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, मुखिया अंजना देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक, मसकेडीह मुखिया प्रतिनिधि, सुदन मुखिया प्रतिनिधि, थाना प्रभारी, प्रखंड के तमाम पदाधिकारी एवं जनता उपस्थित हुए। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में जनता के आवेदन को स्वीकार किया गया और वरिष्ठ नागरिको को कंबल वितरण किया गया। वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना के भी आवेदन स्वीकार किया गया।

## मरकच्चो में आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपका अधिकार सरकारआपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सिमरिया पंचायत स्थित सचिवालय के समीप मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ राम सुमन प्रसाद, मुखिया सुनीता देवी, राजेश पासवान के अलावे प्रखंड के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान बिभिन्न विभागों का 625 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम मे जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो खलील ने पहुँच कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ कों ग्रामीणों कों शत प्रतिशत दिलाने के लिए मौजूद पदाधिकारीयों का मदद किया। मौके पर बी सी ओ लक्ष्मी नाथ लोहरा, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अशफाक अमहद, जनार्दन यादव, राजेश कुमार, पंचायत सेवक टोकन साव, उप मुखिया पूजा देवी, पंचायत समिति सदस्य ज्योति दास, राजू दास, खलील अंसारी, सीएचसी के आयुष डॉक्टर श्रीकांत कुमार, अमित यादव, सुनील यादव, शंकर सिंह, प्रमोद रविदास, संतोष रविदास, भुनेश्वर यादव, कामेश्वर यादव, परमेश्वर साव, दामोदर साव, सूरज साव, महेंद्र साव समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा का चुरचू प्रखंड चरही बरगहियां में मास्टर क्लास



**चरही (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग संसदीय चुरचू प्रखंड का कोयलांचल व बरगहियां क्षेत्र की मास्टर क्लास में मंगलवार को दौरा किया। आदर्श ग्राम जरबा पंचायत सभागार में दिप उजल कर कार्यक्रम का जनसंवाद किया साथ ही हजारीबाग सांसद एवं जनप्रतिनिधियों को भव्य स्वागत किया गया ग्रामीणों द्वारा सासंद से जरबा में खेल मैदान का मांग किया गया और करोड़ों रुपए से बने बंद पडे अस्पताल में डॉ को बैठने की मांग किया गया है। जरबा के बाद हेंदेगढा पंचायत भवन में कार्यक्रम में शामिल हुए वहा उपस्थित जनता से जनसंवाद किए और ग्रामीणों ने क्षेत्र के समस्या से अवगत कराया गया सासंद ने हर संभव समस्याओं से निजात दिलाने की बात कही। चरही के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किए बालिकाओं से रूबरू होकर और बेहतर करने का भरोसा दिलाया। साथ चरही कोयलांचल और बरगहियां के तमाम समस्याओं को दूर करने का बात कही है। इस क्रम ये लोग रहे मौजूद चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, जरबा मुखिया सुनिता देवी, पुर्व प्रमुख सुदामा प्रजापति, चुरचू प्रखंड मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, योगेन्द्र साव सहित कई अन्य समाजसेवी एंव ग्रामीण शामिल हुए।

## जोबर में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के जोबर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें 392 आवेदन के विरुद्ध 121 मामले का निष्पादन किया गया। 271 लम्बित रहे ।मौके पर खाद्य सुरक्षा योजना के 53,सावित्री बाई फुले योजना के 128,सीएमजीपी के 01, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 47, सर्वजन पेंशन योजना के 29,धोती साड़ी लुंगी योजना 05, कम्बल वितरण 11, केसीसी 09,भु लगान रशीद 13,ई शर्म कार्ड 06, पीडीएस राशन कार्ड में नाम सुधार आधार कार्ड से लिंक कराना 11, जीसेलपीएस 03, पेयजल 01, दाखिल खारिज 05, शिक्षा विभाग 04,के आवेदन आये ।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, रामचन्द्र दांगी, 20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव,जिप सदस्य पूर्वी सरयू पटेल, उपप्रमुख सरयू साव मुखिया चेतलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## चुरचू पुराना कब्रिस्तान में ओबी डंपिंग कर रही त्रिवेणी कंपनी के कार्य को ग्रामीणों ने रोका



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुरचू कब्रिस्तान में त्रिवेणी सैनिक कंपनी द्वारा डंपिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीण एवं मुखिया को मिलते ही सभी लोग कब्रिस्तान स्थान पहुंचे ओबी डंपिंग कार्य कर रहे त्रिवेणी सैनिक के गाड़ियों को रोका। मौके पर मुखिया मोहम्मद इलियास अंसारी ने कहा कि यह पुरानी कब्रिस्तान हमारे पूर्वजों की है यहां डम को रोका जाए एवं इसे पूर्ण रूप से सुरक्षा दी जाए क्योंकि यह एक आस्था की जगह है और मंदिर मस्जिद कब्रिस्तान सभी जगहों को पूर्ण रूप से सुरक्षित रखा जाए। त्रिवेणी सैनिक कंपनी के द्वारा इस कब्रिस्तान की चारों तरफ से बाउंड्री की जाए एवं जो डंप का रास्ता चालू किया गया है जो कब्रिस्तान से होकर गुजरती है उसे जल्द से जल्द बंद किया जाए। वही कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि 2 दिनों का वक्त दिया जाए ताकि इस पर विचार करके कब्रिस्तान को पूर्ण रूप से सुरक्षा एवं घेराव किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया करम राम, डाडीकला मुखिया इलियास अंसारी, सिंदवारी सदर मोहम्मद जुल्फेकार, मनोवर हुसैन, खलील अंसारी, मोहम्मद बबलू, मोहम्मद दाऊद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने अपने निजी खर्च और श्रमदान कर पाइपलाइन को जोड़ा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के ग्राम खैरातरी के किसानों ने अपने निजी खर्च व श्रमदान से सिंचाई योजना के पाइप को मरम्मत कराया। इस कार्य में किसानों ने आपस में चंदा कर लगभग 10,000 जमा कर पाइप खरीदा तत्पश्चात किसानों ने अपने-अपने घरों से कुदाल,गैता लाकर सिंचाई के लिए पाइप जोड़ दिया। किसानों ने पाइप जोड़ने का काम टुमारो गुफा से लेकर पनसाल्ला तक आने वाला पानी का पाइप बरसात में बह गया था जिसके बाद पनसलवा आम बुढ़वा महादेव तक पानी नहीं आ रहा था जिससे लोग सिंचाई भी नहीं कर पा रहे थे और पीने के उपयोग में भी नहीं ला पा रहे थे। ज्ञातव्य हो कि सिंचाई उद्भव योजना के सिंचाई विभाग द्वारा 15 वर्ष पहले तत्कालीन विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में सिंचाई योजना का काम किया गया था। यह योजना टुमारो जलप्रपात से पाट को जोड़ा गया था। जिससे बिना बिजली वह मोटर के पानी पाइप के माध्यम से बड़कागांव के खैरातरी,कांडतरी, सिरमा-छ्वानिया के खेतों तक पानी पहुंचता था। जिससे विभिन्न तरह के फसल उगाए जाते थे। इस बार बरसात के दिनों में डुमारो नदी में जल स्तर बढ़ जाने के कारण पाइप टूट कर रह बह गया तब से सिंचाई बंद था ।इसकी जानकारी किसानों ने विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को दिया परंतु संज्ञान नहीं लिए जाने पर ग्रामीणों ने खुद चंदा और श्रमदान कर यह पाइप को जोड़ दिया। इस कार्य को करने वालों में मुख्य रूप से बालेश्वर महतो, गणपति महतो, रामचंद्र महतो,कामेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, चेतलाल महतो, वकील महतो, कैलाश महतो, राकेश कुमार, मनोहर सिन्हा ,नारायण कुमार, दिलीप महतो, तीर्थ महतो, कैलाश महतो सहित अन्य दर्जनों किसानों का अहम योगदान रहा।

## वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग कोडरमा के सौजन्य से जयनगर प्रखंड अंतर्गत बराकर नदी के किनारे बसा गांव बेरोगाई में वन समितियों का उन्मुखीकरण सह वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बरकट्ठा अमित कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन व जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव शामिल हुए। विधायक बरकट्ठा अमित कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने वन समितियों के संबोधित करते हुए कहा कि जंगल को संरक्षित कैसे करें, इस पर विचार करने की आवश्यकता है। जंगल को संरक्षित करना अतिआवश्यक है। जंगल को बचाने के लिए सभी लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है। गांव-गांव घूमकर जंगल बचाने के प्रति लोगों में जागरुकता फैलायें। आप स्वयं और अपने बच्चे के जन्म दिन व अच्चे दिनों में पौधा जरुर लगाये हैं ताकि आने वाले पीढ़ी के लिए एक यादगार का पल हो। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जंगल को संरक्षित करें ।उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह संकल्प लें कि हमारे गांव में कुल्हाड़ी बंदी हो। आज जंगल बचाना बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। पौधे लगाने के साथ साथ वन को बचाने का प्रयास करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर पार्यावरण संरक्षण पर ध्यान दें। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन को संरक्षित करने व अधिक से अधिक पौधा लगाकर पार्यावरण संरक्षण करना है। लोगों के पौधारोपण का कार्य करना चाहिए। वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिहं ने वन समितियों को उनके दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जयनगर प्रखंड में नाममात्र की वनभूमि क्षेत्र है। विधायक अमित कुमार यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन. वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, अंचल अधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक, स्थानीय मुखिया समेत अन्य अतिथियों ने बराकर नदी के किनारे पौधारोपण कर पार्यावरण संरक्षण एवं जंगल बचाने के संदेश दिया। मौके पर अंचल अधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक, प्रशिक्षु उप समाहर्ता सारांश जैन, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, स्थानीय मुखिया व अन्य मौजूद रहे।

## दिव्यांगों की जांच सुविधा के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव निवासी विकलांग पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार सोनी ने हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सिन्हा को आवेदन सौंपकर दिव्यांगों के लिए जांच सुविधा की मांग की है ।उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि दिव्यांग अंकन जांच शिविर सदर हॉस्पिटल हजारीबाग में खाली पड़े ओपीडी में जारी कर दिव्यांगों के शारीरिक जांच अंकन किया जाए। जांच के लिए महिला दिव्यांगों के लिए महिला डॉक्टर को भी उपलब्ध कराया जाए।

## पंचायत स्तर शिविर में आमजनों की समस्याओं को सुन किया निदान

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण का शुभांरभ किया गया। दूसरा चरण 1 से 14 नवम्बर, 2022 तक आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। जिले के वरिय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी द्वारा पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आम ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोपरान्त उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराया गया। साथ ही इस कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए आवेदन प्राप्त कर उनका निष्पादन किये गये।

## बीईओ ने सीकरी स्कूल का किया औचक निरीक्षक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद व सीआरपी लखन महतो ने सिकरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय पारपेन ऊपरमोहडर,पड़रिया स्कूल का औचक निरीक्षन किया। इस दौरान छठ पूजा को लेकर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति कम थी। शिक्षा पदाधिकारी श्री प्रसाद ने पारपेन स्कूल के सचिव सुधीर प्रभाकर को स्कूल की साफ- सफाई नहीं रहने के कारण फटकार लगाया। इसके अलावा मध्या भोजन को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने खुद चखकर देखा और सही बताया। 2 से 3 दिनों में स्कूल की रंग पुताई व साफ करने का दिया निर्देश।

## सांप के डंसने से महिला की मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत जामु रविदास मुहल्ला निवासी 45 वर्षीर्या सुनीता देवी (पति गोपाल दास) का निधन ईलाज के दौरान हो गया। जानकारी के अनुसार मृतका सुनीता देवी 25 अक्टूबर कों जंगल मे लकड़ी लाने गई थी जहां रसल वाईपर प्रजाति के सांप ने डस लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल कोडरमा ले गए जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद रिम्स रांची रेफर कर दिया। वहां 6 दिनों तक ईलाज चलने के बाद भी कोई सुधार न देखकर परिजन सोमवार को अपना घर जामु ले आये जहां उसका निधन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप का जहर पूरे शरीर मे फैल गया जिसके कारण महिला के दोनो किडनी ने काम करना बंद कर दिया। जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया नीता देवी, समाजसेवी रविंद्र गुप्ता, जेएमएम नेता मो खलील, दिनेश राणा, बसंत पासवान, विवेक साव आदि उनके निवास स्थान पहुंचे और शोक व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद भी किया।

## मृतक परिवार को छह लाख नगद व परिजन को नौकरी के समझौता के बाद सोमवार रात हटाया गया सड़क जाम

- हाइवा के चपेट से हुए मौत के बाद किया गया था सड़क जाम
- त्रिवेणी सैनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि व परिजन के बीच हुआ समझौता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मृतक के परिजन को छह लाख नगद व परिवार को एक नौकरी का आश्वासन त्रिवेणी सैनिक कंपनी अधिकारी द्वारा दिए जाने के बाद सोमवार देर रात ग्रामीण द्वारा लगाया गया सड़क जाम को हटाया गया। उक्त सड़क जाम सोमवार शाम बड़कागांव निवासी राम कुमार महतो का हजारीबाग बड़कागांव पथ के 13 माइल के निकट हाईवा के चपेट में आने से हुए मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी के कोयला ट्रांसपोर्टिंग को रोककर की गई थी। जिसके बाद त्रिवेणी सैनिक कंपनी के अधिकारी जनप्रतिनिधि व मृतक के परिजनों के बीच देर रात हुए समझौता के बाद जाम हटाया गया। इस बीच लगभग 5 घंटा बड़कागांव हजारीबाग मार्ग पूर्णतः आवाजाही बंद रहा । वही कंपनी का कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य मंगलवार 1:00 बजे तक ठप रहा। जिसको लेकर रात में हुए समझौता के तहत मंगलवार को बैठक कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों द्वारा हो रहे घटनाओं को नियंत्रण करने को लेकर निर्णय लिया गया था जिसके तहत मंगलवार को बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में एनटीपीसी साइट कार्यालय सीकरी में एनटीपीसी के अधिकारी त्रिवेणी सैनिक कंपनी के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के बीच बैठक की गई। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने बताया कि बैठक में ग्रामीणों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए अलग मार्ग बनाने की मांग रखी जिसको लेकर कंपनी अधिकारी द्वारा वन भूमि का समस्या बताया तथा भूमि उपलब्ध होते ही अविलंब सड़क निर्माण करने की बात कही गई हालांकि इसको लेकर कोई भी स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जा सका ना ही इसके लिए कोई समय सीमा तय की गई लेकिन अविलंब समाधान निकालने की बात कही गई जिसके बाद 19 घंटे बाद मंगलवार को कंपनी की गाड़ियों द्वारा कोयले का ट्रांसपोर्टिंग नियमित रूप से जारी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुखिया रंजीत कुमार, राजकुमार साव सहित एनटीपीसी व त्रिवेणी कंपनी के अधिकारी व ग्रामीण तथा मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## एकादशी उद्यापन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित कोटवार मोहल्ला में एकादशी उद्यापन का शुभारंभ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य मृत्युंजय पांडे एवं उनके सहयोगी पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सह विभाग सह संघचालक हजारीबाग विभाग सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद रवानी, प्रोफेसर शिव नारायण ठाकुर उपस्थित थे। कलश यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलश यात्रा में 101 माताओं और कुंवारी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर भाग लिया। कलश यात्रा गाजे-बाजे वह गगनचुंबी नारे के साथ मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए पंचखेरो नदी स्थित उत्तरवाहिनी पहुंची जहां यज्ञचार्ज मृत्युंजय पांडे एवं यज्ञ कार्य में लगे पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहां विधि विधान के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया गया। यज्ञ के आयोजक मुख्य पुजारी चंद्रावती देवी है। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश प्रसाद, अंजु देवी, लक्ष्मी प्रसाद, रवि सिंह, नवल पांडे, सतीश सिंह, मनोज सिंह, देवेन्द्र अग्रवाल, शंकर पांडे, भुनेश्वर प्रसाद यादव, मनोज पासवान, दिनेश अग्रवाल, विजय रवानी, प्रभु राम, रोहित रंजन, राहुल कुमार, संजीव कुमार, राजन कुमार, संतोष प्रसाद, विकास कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शेखर कुमार सिंह, शुभम कुमार, सत्यम कुमार, विशु कुमार, शिवांश कुमार, पार्थ कुमार, समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## श्री श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन श्रीमद्भागवत यज्ञ प्रारंभ

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम अंबाडीह, पंचायत तेतरोंन, में पंच दिवसीय श्री श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन, सह श्रीमत भागवत ज्ञान, यज्ञ अचार पंडितों के द्वारा किया जा रहा है। यह यज्ञ मंदोदरी देवी पति भीखी राणा के पुत्र इंद्रदेव राणा जी की असीम कृपा एवं मन्नत पूरी के लिए यज्ञ किया जा रहा है। इस यज्ञ में महिलाएं यज्ञ स्थल से कलश लेकर उत्तरवाहिनी जल भरने के लिए अंबाडीह से बडानो माथे पर कलश लेकर नंगे पाव जल भरने गाजे-बाजे के साथ पहुंची। आचार्य बसंत शास्त्री ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है एवं यज्ञ द्वारा हवन करने से क्षेत्र में किसी प्रकार की विपदा नहीं आती है। आचार्य विकास पांडे ने कहा कि यज्ञ करने से यज्ञ की ध्वनि चारों और फैलने से लोगों में जागृति आती है। कलश यात्रा में पूरा क्षेत्र हरे रामा हरे कृष्णा जय श्री राम जय भोलेनाथ जय बजरंगबली के जयकारे से गुंजायमान था।

## अभ्यास मैच में वीमेंस कॉलेज की महिला टीम हुई विजय



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय वर्सेस केवी विमेंस कॉलेज की महिला फुटबॉल टीम के बीच अभ्यास मैच संत कोलंबा महाविद्यालय के समीप न्यू स्टेडियम में खेला गया। मैच का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गजेंद्र सिंह ने किया। उद्घाटन से पूर्व केवी विमेंस महाविद्यालय के खेल शिक्षक जमाल अहमद, विशाल कुमार, आरएफसी सचिव अभय पासवान, जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के खेल शिक्षक उमेश ठाकुर, सहयोगी शिक्षक दयानंद कुमार यादव एवं अजीत हांसदा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अभ्यास मैच काफी रोमांचक रहा। मैच का निर्णय टाई ब्रेकर से हुआ जिसमें के वी वीमेंस महाविद्यालय विजय हासिल की। इस दौरान गिरिडीह में होने वाले मैच के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई और कहा गया कि विजय होकर हजारीबाग तथा विनोबा भावे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। साथ ही साथ केवी विमेंस महाविद्यालय खेल शिक्षक विशाल कुमार ने कहा कि इस तरह का अभ्यास मैच नियमित रूप से होनी चाहिए।

## चरही पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन संपन्न



**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चरही पंचायत भवन में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक बीडीओ इन्दर कुमार जिला परिषद सदस्य बासूदेव करमाली मुख्य रूप से उपस्थित हुए ।जिसमें मनरेगा, वन विभाग, कृषि एवं पशुपालन, केसीसी लोन, बालविकास परियोजना, खाद्य आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि विभागों के स्टॉल लगाया गया। शिविर में पंचायत के विभिन्न गांव से ग्रामीण अपनी समस्या व योजना के लिए आवेदन जमा किया। बीडीओ ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें ।इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कुछ आवेदनों का निष्पादन ऑन दा स्पॉट किया गया । इस दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया ।मौके पर मुखिया,संझली मुर्मू उप मुखिया अभिजीत सिंह पंचायत सचिव धनी राम प्रखंड के कर्मियों सहित कई ग्रामीणों ने उपस्थित हुए ।

## अदाणी फाउंडेशन ने अम्बाजीत में लगाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को महुगाई कला पंचायत स्थित अम्बाजीत मध्य विद्यालय में निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। अपने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 81 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉ आरके रंजन के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की एक टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11:00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। कैंप में कई महिलाएं भी अपने बच्चों के साथ आई हुई थीं। अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगाए गए इस मेडिकल चेक अप कैंप में ग्रामीणों ने खुद से आगे आकर अपने स्वास्थ संबंधी चीजों की जानकारी डॉक्टर को दी और उनसे आवश्यक परामर्श लिया। इस दौरान डॉक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, वजन, धड़कन और नब्ज की जांच की और उनके सामान्य शारीरिक फिटनेस की जानकारी ली। कई ग्रामीणों ने डॉक्टर से अपने आंखों की समस्याएं, तनाव, डायबिटीज, कमजोरी, बॉडी पेन, कफ, कोल्ड, फीवर, त्वचा संबंधित बीमारियां और बैक पेन आदि की शिकायत की। कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह देते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। डॉक्टर ने यह भी कहा कि बदलते मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता है और सबसे पहले बच्चे इसकी चपेट में आते हैं। इसीलिए सर्दी, खांसी और जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे हेल्थ चेकअप कैंप समय-समय पर लगते रहने चाहिए ताकि उनका समाज स्वस्थ बना रहे।

## टाटीझरिया की डूमर पंचायत में लगा शिविर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के डूमर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। इस आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त किए गए एवं योजना संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान शिविर में मनरेगा के तहत चार लोगों को जॉब कार्ड का वितरण, दो लाभुकों को केसीसी, सोना सोबरन योजना के तहत चार लाभुकों को साड़ी धोती का वितरण किया गया। ठंड के मद्देनजर 80 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण, तीन लाभुकों को राशन कार्ड, सात को पेंशन, 11 किशोरियों को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर 190 किशोरियों के द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के आवेदन समर्पित किया गया।

## वित्तीय साक्षरता को लेकर राष्ट्रव्यापी सघन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेर्शानुसार वित्तीय साक्षरता को लेकर राष्ट्रव्यापी सघन जागरूकता कार्यक्रम 2022 के तहत 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक बैंकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक सुधाकर पाण्डेय ने बताया कि आभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगो को वित्तीय साक्षर बनाना, साइबर धोखाघड़ी की बढ़ती हुई घटनाओ के लिए सतर्क एवं जागरूक करना, शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे मे एवं आरबीआई के ग्राहक जागरूकता कार्यक्रमों से अवगत कराना है। इसके तहत जिले के सभी बैंक के शाखा,ग्राम पंचायत,प्रखंड एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते बैंक ऑफ इंडिया पूरे नवम्बर माह में होने वाले इस कार्यक्रम का संयोजक है। कार्यक्रम के पथ प्रदर्शक के रूप मे आईसीआईसीआई बैंक एवं इंडियन बैंक को दायित्व दिया गया है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप मे आईसीआईसीआई बैंक के हिमांशु भूषण एवं इंडियन बैंक के माजीद इरफान के साथ-साथ जिला स्थित सभी बैंकों के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर को इसकी जिम्मेवारी दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को इस कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रणी जिला प्रबंधक, सुधाकर पाण्डेय द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के पैगोडा चौक शाखा में किया गया।

## जहर खाकर बुजुर्ग महिला ने जान दी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत अंबाडीह मे एक बुजुर्ग महिला की जहर खाने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बतसिया मसोमात (उम्र 70 वर्ष, पति स्व बंधु महतो, ग्राम अंबाडीह जयनगर) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद के बाद जहर खा लेने से अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद मंगलवार सुबह कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## आम्रपाली परियोजना सीसीएल ने 48वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया



टंडवा (आजाद सिपाही)। सीसीएल की आम्रपाली चन्द्रगुप्त प्रियजिन क्षेत्र नें स्थापना दिवस नए महाप्रबंधक कार्यालय आम्रपाली परियोजना में धूम धाम से मंगलवार को मनाया ।कार्यक्रम की शुरूआत महाप्रबंधक ने कोल इंडिया का झण्डा तोलन कर किया। आम्रपाली परियोजना सीसीएल ने 48वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया ।मौके पर मुख्य अतिथि ए.के.सिंह,महाप्रबंधक आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र। विशिष्ट अतिथि सीओ टंडवा विजय कुमार दास,टंडवा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह मौजूद थे ।इस अवसर पर जमीन के बदले तीन विस्थापित रैयतों को सीसीएल में नियुक्ति स्थायी नियुक्ति पत्र दिया गया। सत्रह प्रभावित विस्थापित युवाओं को हैवि मोटर वेहिकल कमर्शियल लाइसेन्स,सत्रह अंबे, महालक्ष्मी तथा आरकेटीसी वोर्कर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए परित्तोषित भेंट,दस सीसीएल कर्मी को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए परित्तोषित भेंट दिया गया ।वही विद्यालय बिंगलात, तथा सराढु के छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया ।मौके पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुये कहा की कोल उत्पादन के साथ प्रभावित तथा विस्थापित गावों का विकास की लक्ष्य है बताया। इस मौके पर के.के. पांडा, संगीत कुमार, अशोक कुमार,इंटक नेता बिनोद बिहारी पासवान, अनूप खन्ना, मोहम्मद जहूर, महेश वर्मा समेत कई उपस्तिथ थे।

## भ्रष्टाचार के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाजपा

टंडवा (आजाद सिपाही)। भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार पूरे राज्य में प्रदर्शन कार्यक्रम सरकार के विरुद्ध किया जाना है ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी टंडवा प्रखण्ड के सभी सम्मानित नेता एवं कार्यकर्ता मंडल के सभी पदाधिकारी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सभी पंचायत के पंचायत संयोजक एवं सहसंयोजक का बैठक दो नवंबर दिन बुधवार समय 12.00 बजे स्थान विधायक आवास टंडवा में सुनिश्चित किया गया है ।सभी भाजपेइयो को बैठक में शामिल होने की अपील की गयी है।

## चट्टी पेटो में आयोजित भक्ति जागरण पर रात पर झूमे दर्शक



टंडवा (आजाद सिपाही)। छठ पूजा के अवसर पर चट्टी पेटो छठ पूजा महासमिति के सौजन्य से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन छठ पारण सोमवार रात्रि को किया गया ।कार्यक्रम की उद्घाटन पेटो मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव ने फीता काटकर किया। आयोजक समिति के द्वारा मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं बैच पहनाकर किया गया। अनिल राज भक्ति जागरण ग्रुप के कलाकारों ने जोड़े जोड़े नारियल चढ़ाई बो तोहरा छठी मैया के गीत से गायिका संगीता ने शुरूआत किया ।इस उपरांत कलाकारों द्वारा आने को भक्ति गीतों पर दर्शकों को रात भर झुमाया ।इस मौके पर समिति संयोजक राजेश कुमार ठाकुर,पूजा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उपाध्यक्ष बजरंगी यादव, सचिव अरविंद कुमार कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार उप सचिव गोविंद साव, उपाध्यक्ष बिनोद राम, अमित प्रसाद गुप्ता, रमेश साव,पैक्स अध्यक्ष गजेंद्र यादव,चन्दन गुप्ता,कंचन यादव,बसंत कुमार, डॉ रविंद्र कुमार, आदित्य कुमार,विनेश यादव, सुरेंद्र यादव, प्रदीप साव,नितेश कुमार, शत्रुघन कुमार, सीनू साव, महेंद्र साव,राहुल गुप्ता, समेत सैकड़ो दर्शक उपस्तिथ थे।

## दुर्गी पंचायत में मुखिया ने किया कंबल वितरण



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। दुर्गी पंचायत भवन में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्गी पंचायत मुखिया मोकिम अहमद ने किया। समारोह के दौरान सैकड़ों असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया मोकिम ने कहा बढ़ती ठण्ड को देखते हुए बुजुर्ग एवम असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया है और आगे भी किया जायेगा। मौके पर जितेन्द्र मुंडा,गुलाम मुसुदिन, मो कमालुद्दीन, नसीर अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पारगढ़ा में भगवती जागरण का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के पालु पारगढ़ा में सोमवार की देर रात भगवति जागरण का आयोजन छठ पूजा के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होने सभी ग्रामीणों को बधाई दी। मौके पर पंचायत की मुखिया पानो देवी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह आदि ने सम्बोधित किया। इसके बाद कलाकारों ने दर्जनों की संख्या में भजन गाकर श्रोताओं को भक्ति से सराबोर करते रहे। इस मौके पर पिंटु अग्रवाल, हरिदास साव, बैजनाथ साव, अजंता साव, मनोज साव, अनुराग महतो, धीरज महतो, रिंकु महतो, पिंटु कुमार, रंजन महतो, देवदीप महतो, प्रेमनाथ महतो, सुनील महतो, गोबिन्द महतो, श्रीकुमार महतो, पूर्णिमा देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## सांकुल में गायिका शहनाज अख्तर ने ग्रामीणों और नेताओं को खूब झुमाया




पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव में सोमवार की देर रात भगवति जागरण का आयोजन छठ पूजा के अवसर पर किया गया। जागण में छुम छुम छननन बाजे, पंडा कराय रहे पूजा मैया जी की झुम झुम आदि अपने लोकप्रिय गीतों को गाकर गायिका शहनाज अख्तर ने ग्रामीणों व नेताओं को रातभर खुब झुमाया कार्यक्रम में स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, अशोक साव, राजीव जायसवाल, पंकज महतो, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार शामिल होकर ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। सेवा संघ सांकुल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के शुरूआत में लोकप्रिय गायिका सौम्या पाठक ने लोकगीतों को गाकर श्रोताओं का मन मोहा। शनि म्यंजिकल ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रम के माध्यम से रातभर श्रोता भजन और भक्ति गीतों का आनंद उठाते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सेवा संघ के लोग शामिल थे।

## जयनगर में गोपाष्टमी पूजा



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के जयनगर गांव में मंगलवार को गोपाष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। इसमें पंडाल के अंदर राधा कृष्ण समेत भगवान शंकर, गणेश और लड्डु गोपाल की प्रतिमा स्थापित कर पुरोहित अनिल पाठक के द्वारा पूजा कराई गई। इस मौके पर जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया हीरा देवी व पंसस अरबिन्द गिरी ने भी पूजा अर्चना की। इसके साथ ही पूजा अर्चना के बाद जयनगर के आस पास के गांव यथा बलकुदरा, रसदा, लबगा, आदि गांवों से भी सैकड़ो ग्रामीण मंडप में पहुंच कर दर्शन व पूजन किया। इसके बाद आरती हुई फिर प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विजेन्द्र मुंडा, अरघदेव राम, दिलीप पाहन, कृष्णा मुंडा, चंदन ठाकुर, सोनी रवि, अभिलाषा प्रसाद, दशरथ ठाकुर, धरमु ठाकुर, वीरमोहन मुंडा, सुनील प्रजापति, कार्तिक मुंडा, लखन ठाकुर, दीनानाथ, शंकर, सूरज, राजु, रमन, राजेश, अनिल, जितेन्द्र, सोनु, छोटु, महावीर मुंडा, विनोद पाहन, नरेश राम, मिथिलेश, सुजीत ठाकुर, सुरेश मुंडा, दर्शन मुंडा, तिलक ठाकुर, चंद्रमोहन, रवि सहित अन्य लोगों ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भुमिका निभायी।

# अधिकारियों का यह दायित्व है, योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने की : डीसी



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारर कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा की। बैठक के दौरान डीसी ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रखंड वार शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों एवं अब तक निष्पादित किए गए आवेदनों की समीक्षा की। मौके पर डीसी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों बीआरपी, सीआरपी आदि को कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जिले के सभी योग्य बच्चियों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। इसके लिए डीसी ने जिला स्तर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शिविर के दौरान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा संख्या में आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने जिला स्तर से जिला कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

**शिविर में आने वाले लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश**

सर्वजन पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, एचआईवी से पीड़ित लोगों के लिए पेंशन योजना के तहत शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को पेंशन का लाभ देने के संबंध में कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं, डीसी ने प्रखंडों में आयोजित हो रहे शिविरों के दौरान मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शिविर में आने वाले लोगों की जांच करने एवं उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**अधिकारियों का यह दायित्व है, योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने की**

बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है, उनमे सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि उन सभी योजनाओं में शतप्रतिशत योग्य लाभुक योजना का लाभ लें। इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है एवं वरीय पदाधिकारियों को कार्यों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने की जरूरत है।

## आपराधिक घटनाओं को रोकने में रामगढ़ पुलिस असफल

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना में महज कुछ ही महीनों में दूसरी बार रामगढ़ थाना प्रभारी बने इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह की कार्यशैली चर्चा में है। बड़ी बड़ी बातें करने इन्सपेक्टर साहब अपराध को रोकने में असफल है। जिसके कारण चोर उचक्के शहर में आतंक मचाए हुए हैं। हालांकि अपराध पर कंट्रोल और शहर की विधि व्यवस्था सामान्य रखने में बड़ी-बड़ी बातें करते नजर आते हैं, जो यह चर्चा में है। लेकिन उनकी दावों की हवा जमीन पर निकल रही है। चोर उचक्के लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में बीती रात चोरों ने 15 ऑक्सीजन सिलेंडर पर अपना हाथ साफ कर लिया है। पुलिस खानापूर्ति कर ड्यूटी पूरी कर ली है। हालांकि उनका दावा है कि बहुत जल्द ही शहर को अपराध मुक्त कर देंगे। लेकिन उनका दावा कितना प्रतिशत सही होगा जो यह भविष्य के गर्भ में छुपा है।

**क्या है मामला**

इस मामले में महेश्वरी इंटरप्राइजेज के संचालक भंवरलाल महेश्वरी ने रामगढ़ थाना में एक आवेदन देकर चोरी का मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि 1 नवंबर को करीब 9 बजे सुबह दुकान खोला। इसके बाद साईं मंदिर के बगल में ऑक्सीजन सिलेंडर का स्टॉक जांच किया तो वहां रखे 15 ऑक्सीजन सिलेंडर कम पाया गया।

## सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद को मिले : मंत्री



चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के तीन वर्ष के मौके पर पूरे राज्य में एक साथ विभिन्न स्थानों पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को द्वितीय चरण के पहले दिन जिले के सभी बारह प्रखंडों में चतरा प्रखण्ड के टीकर पंचायत, गिद्धौर प्रखण्ड के बारियातु पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के औरू पंचायत, इटखोरी प्रखण्ड के शहरजाम पंचायत, कान्हाचट्टी प्रखण्ड के मदगड़ा पंचायत, कुन्दा प्रखण्ड के बौधाडीह पंचायत, लावालौंग प्रखण्ड के कोलकोले कला पंचायत, मयुरहंड प्रखण्ड के बेलखोरी पंचायत, पत्थलगडा प्रखण्ड के नोनगांव पंचायत, प्रतापपुर प्रखण्ड के जोगीडीह पंचायत, सिमरिया प्रखण्ड के डाड़ी पंचायत एवं टण्डवा प्रखण्ड के राहम पंचायत में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन। 01 नवम्बर से 14 नवम्बर 2022 तक जिले के सभी संबंधित प्रखण्डों के पंचायतों में रोस्टर अनुसार आयोजित की जाएगी। आज के कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने जिले के हंटरगंज प्रखंड के पंचायत औरु में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शामिल हुए।

## सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र में कोल इंडिया का स्थापना दिवस मना

उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में मंगलवार को कोल इंडिया का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सीसीएल बरका - सयाल क्षेत्र महाप्रबंधक ऑपरेशन विनोद कुमार के द्वारा कोल इंडिया का झंडोत्तोलन किया गया। तत्पश्चात कोल इंडिया गीत बजाया गया। मौके पर महाप्रबंधक ऑपरेशन विनोद कुमार ने कहां की एक नवंबर को कोल इंडिया का स्थापना दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में कोल माइनिंग आजादी से पहले से होता आ रहा है। आजादी के बाद 1956 में प्राइवेट माइंस को ऑर्गनाइज्ड करने के लिए एनसीडीसी का फाउंडेशन रखा गया। इसके बाद 1975 में कोकिंग कोल माइंस और नन कोकिंग कोल माइंस का प्रबंधन कर कोल इंडिया की स्थापना की गई। इस लघु नाटक की प्रस्तुति में शामिल सभी छात्र छात्राओं को डीएवी उरीमारी के प्राचार्य उत्तम कुमार राय के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें बिरसा परियोजना से तारा प्रसाद, भगवान मांझी, ओमप्रकाश मांझी, जीतन करमाली, गोविंद महतो, उरीमारी परियोजना से अजय लकड़ा,मघनू मांझी, सहदेव मुंडा, कुंडेश्वर मंडल, हीरालाल महतो, जयप्रकाश साव, सिकंदर उरांव, राम अवतार महतो, बैजनाथ सिंह, मुस्तफा, सयाल डी परियोजना से अनिल महतो,हसीम उल्लाह, वी केंद्र यादव, नरेश मुंडा,चेतलाल बेदिया, चंद्र भूषण सिंह, बीजीआर से जी श्रीनिवास, विजेंद्र महतो, रमेश यादव, गौतम पासवान, अमित कुमार सिंह, अनिल उरांव, डी कृष्णा राव, बॉस नाथ सिंह, सत्येंद्र सिंह, रमेश, अनिल कुमार शामिल है।

## अखंड भारत सम्मान से सम्मानित हुए चतरा जिला के शिक्षक श्रीराम राय

अजय चौरसिया




चतरा (आजाद सिपाही)। जिले के मयूरहंड प्रखंड के पंदनी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमझर के शिक्षक श्रीराम राय को अखंड भारत सम्मान से सम्मानित किया गया। देश की जानी मानी संस्था श्री सत्येंद्र फाउंडेशन के द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 147 वें जन्मदिन के अवसर पर यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया जाता है। राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका के लिए श्री राय को यह अखंड भारत सम्मान प्रदान किया गया है। बताते चले कि शिक्षक श्रीराम के द्वारा बहुत सारी देशभक्ति से ओत प्रोत कविताओं की रचना की गई है। जो देशप्रेम की भावनाओं को जागृत करती है। साथ ही एक शिक्षक के रूप में इनके द्वारा बच्चों में देश भक्ति की लौ जलाने के लिए विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं। अखंड भारत सम्मान से सम्मानित होने पर प्रखंड के शिक्षकों ने भी श्री राय को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में शिक्षक पशुपति सिंह, आकाश सिंह, विकास सिंह, महेंद्र राणा, उमेश कुमार, रूपेश सिंह, अजित सिंह, भुनेश्वर रविदास, गणेश कुमार, रंजीत कुमार, बबिता कुमारी, रीता कुमारी, बेबी कुमारी समेत का नाम शामिल है।

### प्रकाशोत्सव पर छठे दिन नौजवानों ने भक्ति रस का नजारा पेश किया

# गुरु गुरु गुरु कर मन मोर, गुरु बिना मैं नाही होर...

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर निकाली जा रही प्रभातफेरी के छठे दिन मंगलवार को नौजवानों ने भक्ति रस का नजारा पेश किया। प्रभात फेरी शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर मेन रोड, बिजुलिया, ब्लॉक, टायर मोड़, कांकेबार होते हुए होटल सैनी पहुंची। यहां स्व भगत सिंह सैनी के परिवार के लोगों ने साध संगत का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा ने सैनी होटल के संचालक हरविंदर सिंह सैनी को सरोपा देकर सम्मानित किया। वही, साध संगत की अगुवाई कुजू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान रामदयाल सिंह चोपड़ा के हाथों में निशान साहब लेकर आगे चल रहे थे।



### प्रभात फेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत सिंह कोहली, यश छाबड़ा, जितेंद्र सिंह पवार, गुरप्रीत सलूजा, सुरेंद्र सिंह बेदी, इकबाल सिंह, रघुवीर सिंह होरा, हरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी, रमन कोहली, राजू जस्सल, इंद्रपाल जस्सल, हरिंदर छाबड़ा, स्नेहा गांधी, रघुवीर सिंह छाबड़ा, प्रीतम सिंह कालरा, डॉ नरेंद्र सिंह सोनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन परमिंदर जस्सल, डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, बंटी चमन, सतपाल होरा, हरजाप सिंह गांधी, मनी सिंह, गुरजीत सिंह सलूजा, अजैब सिंह छाबड़ा, सीमा कोहली, रंजू अरोड़ा, इंद्रजीत कौर कोचर, रिक्की लांबा, विक्की लांबा, लवली गांधी, डॉ मनवीर कौर, बलविंदर कौर छाबड़ा सहित समाज के कई महिला, पुरुष व नौजवान शामिल थे।

### छठे दिन नौजवानों ने भक्ति रस का नजारा किया पेश

प्रभात फेरी के दौरान नौजवानों ने भक्ति रस का नजारा पेश किया। जिसमे, गुरु गुरु गुरु कर मन मोर, गुरु बिना मैं नाही होर. वाहो वाहो बानी निरंकार है, नाम मिले तां जीवा नानक नाम मिले, गुण गावां दिन रात, अब किछ किरपा कीजे बहुत फेर पाई किरपान आदि गुरुवाणी पूरा क्षेत्र गूंजता रहा।

## छठ पूजा के सम्मान पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर भुरकुंडा नलकारी नदी तट पर लगने वाला छठ पूजा के सम्मान पर मंगलवार को बंगला कुंआ युवा शक्ति क्लब के तत्वावधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे मौजूद थे। भंडारे में दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूजा समिति के संरक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि छठ मेला सम्पन्न होने पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अमन चौहान, सचिव कुणाल चौहान, सह सचिव शाहबाज खान, कोषाध्यक्ष प्रेमरंजन दुबे सहित इरफान, वसंत, प्रेम, अभिनव, राहुल, समीर, विक्की, अरुण, विशाल, शोएब, सनी, विकाश का योगदान रहा है।

## कुजू में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ महोत्सव प्रारंभ



कुजू (आजाद सिपाही)। आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत आत्मकथा ज्ञान महायज्ञ महोत्सव कार्यक्रम के मौके पर मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पुराना बाजार कुजू निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में छठ तालाब कुजू पहुंचे। जहां श्रीधाम अयोध्या से आये कथावाचक सह आचार्य श्री व्यास जी महाराज ने यजमान बने अनिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल व अमित अग्रवाल सपत्नीक को मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करायी गयी। तत्पश्चात 51 महिलाओं ने कलश में शुद्ध जल भरकर गाजे-बाजे के साथ देवीमण्डप डटमामोड़, कुजू बस्ती, कुजू चौक होते हुए वापस पुराना बाजार पहुंचे। जहां कलश स्थापित कर वेदी पूजन समेत कई कर्मकांड की गयी। वही, दोपहर बाद पुराना बाजार कुजू स्थित गीतांजलि सिनेमा हॉल में कथावाचक श्री व्यास जी महाराज द्वारा महा भागवत पूजन के बाद कथा प्रारंभ की गई। तत्पश्चात संध्या बेला में प्रसाद वितरण की गई। इस अवसर पर मुखिया राकेश मेहता, जय कुमार ओझा, जयप्रकाश अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, शंभू अग्रवाल श्वेता अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल अंजनी अग्रवाल, अनु अग्रवाल, मीना देवी, रजनी अग्रवाल, कुमुद, धर्मदेव, प्रीति, अतुल, राहुल, हंसराज, प्रांजल, श्रेया अदिति मोहित, राजकुमार केशरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## रतवे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



कुजू (आजाद सिपाही)। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मांडू प्रखंड अंतर्गत रतवे पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित की गयी। इस दौरान मुखिया आशमा खातून ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को लेकर विभाग की ओर से कई स्टाल लगाए गए। इस बीच स्टॉल लगाकर कई आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही, प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। यही नहीं बल्कि लोगों ने कार्यक्रम के दौरान खुलकर अपनी समस्याओं को रखा। मौके पर बीपीओ रमेश बेदिया, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कृपाल कश्यप, पंसस निशा देवी, पंचायत सेवक अरविंद कुमार महतो, रोजगार सेवक रंजन कुमार रवि, पर्यवेक्षिका अंशु कुमारी, बसंती देवी, भारती कुमारी, सारिका कुमारी, रजनीश कुमार, अजीमुन निशा, उषा देवी, लाल केश्वर महतो, मो नफीस आलम, अब्दुल कुदुस अंसारी, राजनाथ महतो, सहदेव महतो, रंजीत कुमार, अजमत हुसैन, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पांच लोगों को दिया गया 10 - 10 हजार का चेक जेएसएलपीएस के सदस्यों ने फूलों-झानो के आशीर्वाद योजना के तहत पांच महिलाओं को हडिया शराब बेचने वाली महिलाओं को 10/10 हजार का चेक प्रदान किया. साथ ही उन्हें शराब बेचना छोड़कर स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया. जिन्हें चेक दिया गया. उनमें पंचायत की सिमती देवी, नूतन कुमारी, सुनीता देवी, दो अलग-अलग गीता देवी शामिल है।

## समाजसेवी का हार्ट अटैक से निधन, शोक

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बजरंग संघ रोड निवासी सह समाजसेवी संदीप चंद्र पोद्दार (53)वर्ष का आकस्मिक निधन इलाज के दौरान रिम्स रांची में हो गया ।बताया गया कि चार दिन पहले अचानक उनकी तबीयत घर में ही बिगड़ गई ।जिसे तुरंत इलाज के लिए आस्था नर्सिंग होम ले जाया गया ।जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया ।जहाँ इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हो गया था ।लेकिन अचानक सोमवार को करीब बारह बजे उन्हें हार्ट अटैक आया और परिजन जबतक चिकित्सक को बुलाते उन्होंने अंतिम सांस ले चुके थे ।रिम्स से शव घर पहुँचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था ।बताया गया कि वे अपने पीछे पत्नी,एक बेटा,एक बेटी और भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं ।उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को पटासुर मुक्ति धाम में हिन्दू रीतिरिवाज से कर दिया गया ।मुखाग्नि उनके पुत्र रौनक चंद्र पोद्दार ने दी ।मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शोक व्यक्त करने वालों में जिप सदस्य जलेश्वर महतो, रमेश पोद्दार,प्रताप पोद्दार, बापी पोद्दार, गौर पोद्दार, पंचम पोद्दार, मदन कुमार दास,राजेश कुमार दास, जितेंद्र कुमार, लालटू चंद्रा, मंटा चक्रवर्ती, धनंजय पोद्दार, बिल्ला पोद्दार, अनूप पोद्दार, रूपेश पोद्दार, राजू दास,बीर सिंह दास,प्रकाश पोद्दार आदि ने शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## कोलियरी मजदूर कांग्रेस की बैठक में प्रतिनिधियों ने ली सदस्यता



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। केन्द्रीय कर्मशाला बरकाकाना के गेस्ट हाउस में कोलियरी मजदूर कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री रामेंश्वर सिंह फौजी ने किया ।बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टी एवं यूनियन प्रतिनिधियों नें कोलियरी मजदूर कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण किया ।सदस्यता ग्रहण करने में इंटक रामगढ जिला अध्यक्ष संजय शर्मा,सुमीत कुमार साव,रणजीत सिंह क्षेत्रिय सचिव, आरसीएमएस बरकाकाना,अंजु देवी,पुर्व बड़कागांव विधान सभा प्रत्यासी,सुरेश प्रसाद पासवान,पुर्व पंचायत समिति सदस्य पटेल नगर,सोहलत फहद,सदस्य यूसीडब्लूयू बरकाकाना, बालदेव राम पुर्व विधायक प्रतिनिधि, ग्रामीण क्षेत्र,दुर्गा घांसी,संयुक्त सचिव,सीएमयू बरकाकाना, राकेश कुमार,सदस्य, आरसीएमएस बरकाकाना, दीपक कुमार उर्फ गुड्डु, समाजिक कार्यकर्ता नया नगर,एसएन दुब,सदस्य बीएमएस बरकाकाना सहित कई अन्य नें कोलियरी मजदूर कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण किया।

## मासूम की मौत के बाद सीसीएल प्रबंधन ने लिया संज्ञान

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। मासूम औरव की मौत के बाद सीसीएल प्रबंधन द्वारा घटना को संज्ञान में लेते हुए जाँच पड़ताल शुरू किया। महाप्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने घटनास्थल पहुँच कर सीसीएल कर्मी रतन कुमार से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। घटना स्थल पर मौजूद महाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा शौच चेम्बर में ढक्कन नहीं होने के कारण मासूम चेम्बर में गिरा,चेम्बर कार्य से संबंधित दोषी ठिकेदार व पदाधिकारी नपेंगे ।उन्होंने बताया जाँच कमिटी का गठन किया गया है, जिनकी जाँच रिपोर्ट तीन दिनों में मिल जायेगा तदोपरांत दोषी लोगों पर अवश्य कारवाई होगी। महाप्रबंधक ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उपस्थित अधिकारी को कॉलोनी के सभी चेम्बर पर ढक्कन लगाने सहित कई अन्य निर्देश दिया। घटना स्थल पर उपस्थित वरिष्ठ श्रमिक नेता रामेश्वर सिंह फौजी ने रांची हेड क्वार्टर डायरेक्टर पर्सनल डीपी मिश्रा से घटना की पूरी जानकारी देते हुए मासूम की मौत के जिमेवार लोगों पर शख्त से शख्त कारवाई की माँग की। श्री फौजी ने बताया सीवरेज कार्य की ठीकेदारी 67 प्रतिशत कम दर पर किया गया है एवम ठिकेदार द्वारा किये गए कार्यों की गुणवत्ता व शुद्धता की जाँच करने एस ओ सिविल कभी भी सीसीएल आवासीय परिसर क्षेत्र का दौरा नहीं करते हैं जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं घटती है।

# पुल टूट गया भरोसा न टूटे

गुजरात के मोरबी शहर में जिन हालात में एक सस्पेंशन ब्रिज टूट कर नदी में जा गिरा, वह हैरत में डालने वाला है। करीब 134 लोगों के मारे जाने की बात तो अभी कही जा रही है, लेकिन बहुत सारे लोग गायब हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के वक्त पुल पर 400 से ज्यादा लोग थे। ऐसे में मरने वालों की संख्या और बढ़ जाये तो आश्चर्य नहीं। सरकार ने एक विशेष जांच दल का गठन कर दिया है। कहा जा रहा है कि जांच में जो भी दोषी पाये जायेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। मगर अपने देश में जांच समिति का गठन कठिन सवालों को टालने का एक जरिया बनता जा रहा है। इस मामले में भी पहली नजर में ही ऐसे बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं, जिनके जवाब तत्काल सार्वजनिक तौर पर दिये जाने चाहिए। अंग्रेजों के जमाने का यह ऐतिहासिक पुल मरम्मत के लिए बंद किया जाता है और मरम्मत के लिए तय अवधि से पहले ही बिना स्थानीय प्रशासन की औपचारिक मंजूरी लिए और बिना फिटनेस सर्टिफिकेट हासिल किए खोल दिया जाता है, यह बात सार्वजनिक जानकारी में आ जाती है, लोग पुल पर पहले की तरह जाने लगते हैं, उनसे बाकायदा टिकट वसूला जाने लगता है, इसकी अधिकतम क्षमता सौ सवा सौ लोगों की बताये जाने के बावजूद चार सौ लोगों को पुल पर जाने की इजाजत दे दी जाती है- ये सब ऐसे तथ्य हैं जिन्हें न तो झुठलाया जा सकता है और न ही अनदेखा किया जा सकता है। हैरत की बात यह भी है कि गुजरात सरकार के कई सीनियर मंत्री जो घटनास्थल पर ही डेरा डाले हैं, वे भी सार्वजनिक तौर पर उठाये जा रहे इन सवालों के संतोषजनक जवाब देने के बजाय यह रस्मी वाक्य बोल कर काम चला रहे हैं कि जांच समिति गठित कर दी गयी है और उसमें जो भी दोषी पाया जायेगा, उसे बख्शा नहीं जायेगा। सवाल यह है कि जो तथ्य रिकॉर्ड पर हैं उन्हें सार्वजनिक करने में क्या बाधा है? इस आग्रह का कारण यह है कि इतनी सारी अनियमितताएं सत्ताकेंद्रों की इजाजत के बगैर नहीं हो सकतीं। आखिर कोई मरम्मत कराने वाली कंपनी संबंधित सरकारी विभागों की इजाजत के बगैर पुल शुरू करने का फैसला कैसे कर सकती है अगर उसे ताकतवर लोगों का आशीर्वाद न हासिल हो? अगर मोरबी के लोगों को यह पता चल जाता है कि पुल खुल चुका है और वे टिकट लेकर पुल पर जाने लगते हैं, तो यह कैसे संभव है कि नगरपालिका अधिकारियों को यह न पता हो। जाहिर है, या तो वे दबाव में हैं या फिर उनकी मिलीभगत है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों के पद पर रहते हुए विश्वसनीय जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सरकार को समझना होगा कि यह पुल टूटने का एक स्थानीय मामला भर नहीं, देश की प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता बचाने का भी सवाल है।

**अगर मोरबी के लोगों को यह पता चल जाता है कि पुल खुल चुका है और वे टिकट लेकर पुल पर जाने लगते हैं, तो यह कैसे संभव है कि नगरपालिका अधिकारियों को यह न पता हो।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विशेषज्ञों की चेतावनियों के अनुसार इस सदी में दुनिया के कई गरीब देशों के लोगों को भुखमरी का मुंह देखना पड़ सकता है जिसके नतीजे में विश्व के करोड़ों निर्दोष लोगों को अपनी कीमती जानें देनी पड़ सकती हैं। वर्तमान मंदी का असर इतना विकराल और गहरा है कि संसार भर में भारी बदलाव आना तय है। यूक्रेन-रूस युद्ध का नतीजा कुछ भी हो, परंतु इससे पहले ही बेशुमार समस्याओं के भंवर में घिरे पिछड़े तथा अविकसित देशों की समस्याओं में और बढ़ोतरी होने के साथ-साथ विकसित देशों की स्थिति भी लाजमी तौर पर अत्यंत कमजोर तथा डावांडोल होने वाली है।**

# आर्थिक मंदी का महंगाई, बेरोजगारी व कृषि पर गहरा असर

मंगत राम पासला

2008 में अमेरिका से शुरू हुई वैश्विक आर्थिक मंदी खत्म होने का नाम नहीं ले रही। आर्थिक विशेषज्ञों तथा राजनीतिक पंडितों की ओर से भविष्य में किसी प्रकार के सुधार के आने की जगह इसके और गहरा होने की भविष्यवाणियां की जा रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध ने इस संकट से उत्पन्न संताप में और अधिक बढ़ोतरी कर दी है। इस रोग का महंगाई, बेरोजगारी, कृषि तथा श्रमिकों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों के सिर पर कर्जों का बोझ भारी हो रहा है। ऐसे चिह्न संसार भर के बड़े-बड़े देशों में देखे जा रहे हैं।

अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस तथा जापान जैसे विकसित पूंजीवादी देशों ने तो आर्थिक मंदी को स्वीकार कर अनेकों कदम उठाने भी आरंभ कर दिये हैं। विश्व संकटग्रस्त देशों के शासकों ने मंदी से निकलने के समाधान के लिए धनवान लोगों, जिनके मुनाफों ने यह संकट पैदा किया है, के मुनाफों को कम करने की जगह पीड़ित तथा मेहनतकश लोगों पर शिकंजा कसने की राह अपना ली है।

विशेषज्ञों की चेतावनियों के अनुसार इस सदी में दुनिया के कई गरीब देशों के लोगों को भुखमरी का मुंह देखना पड़ सकता है जिसके नतीजे में विश्व के करोड़ों निर्दोष लोगों को अपनी कीमती जानें देनी पड़ सकती हैं। वर्तमान मंदी का असर इतना विकराल और गहरा है कि संसार भर में भारी बदलाव आना तय है। यूक्रेन-रूस युद्ध का नतीजा कुछ भी हो, परंतु इससे पहले ही बेशुमार समस्याओं के भंवर में घिरे पिछड़े तथा अविकसित देशों की समस्याओं में और बढ़ोतरी होने के साथ-साथ विकसित देशों की स्थिति भी लाजमी तौर पर अत्यंत कमजोर तथा डावांडोल होने वाली है।

**हमें श्रीलंका, पाकिस्तान तथा अन्य पड़ोसी देशों की बिगड़ रही आर्थिक हालत को ध्यान में रखना चाहिए।**



**सरकारी क्षेत्र के सभी कारखानों तथा अन्य औद्योगिक घरानों को कार्पोरेट घरानों ने कौड़ियों के भाव बेच कर मनमर्जी मुताबिक लूट-खसूट करने की इजाजत दे दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं तथा रहने-सहने की जरूरतें आम आदमी के हाथों से निकल चुकी हैं। आम लोगों की एकता को तोड़ने तथा उनका ध्यान जरूरी मुद्दों से हटाने के लिए धार्मिक मुद्दों को उछाल कर समाज का साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की होड़ लगी हुई है।**

विकासशील देशों में शामिल भारत इस वैश्विक मंदी से अलग नहीं रह सकता। देश के पूंजीवादी विकास माडल के चलते बेरोजगारी पिछले 45 सालों के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी है। महंगाई के आंकड़ों को बेशक शासक जितना चाहें छिपाने का यत्न करें मगर वास्तविकता यह है कि आम लोगों के लिए बढ़ रही महंगाई के कारण विशेषकर खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने के कारण दो वक्त की रोटी को जुटाना भी काफी मुश्किल हो गया है। समाज में बढ़ रही आत्महत्याएं और नशाखोरी, बलात्कार, चोरी-डकैती इत्यादि की बढ़ रही आपराधिक वारदातों का संबंध प्रत्यक्ष रूप से लोगों की हो रही आर्थिक दुर्दशा से जुड़ा हुआ है, जिसे केवल कानून प्रबंध की मशीनरी से ही संभाला जा सकता है।

ऐसे समय में पीड़ित लोग अपनी मुश्किलों के हल के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। लोगों की ऐसी जोरदार आवाज तथा एकता ही शासकों को तबाह और आर्थिक नीतियों को बदलने को मजबूर कर सकती है। लोगों के विरोध से सबक लेकर केंद्र की भाजपा सरकार ऐसे कोई कारगार लोक समर्थित कदम नहीं उठा रही, जिससे महंगाई पर नकेल कसी जा सके और बेरोजगार हाथों को स्थायी तथा योग्य कौशल वाला रोजगार मिल सके। विदेशी पूंजी निवेशकों को आमंत्रित कर उनके जाल में फंसने की जगह स्वयं निर्भर आर्थिक विकास तथा सरकारी क्षेत्र की मजबूती के ऊपर जोर देना वर्तमान समय की सबसे बड़ी मांग है।

स्वतंत्रता के बाद पूंजीवादी विकास मॉडल अपनाने के बावजूद आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के संकल्प से पब्लिक सेक्टर की मजबूती के कारण बड़ी गिनती में भारतीय लोगों की आर्थिक स्थिति कुछ बेहतर बनी थी। इस नीति के ऊपर चलते ही हमारा देश साम्राज्यवादी देशों की ब्लैकमेलिंग का सफलतापूर्वक सामना करने के योग्य भी हो सका था। अफसोस है कि अब अपने साम्राज्यवादी दोस्तों तथा उनके निर्देशों के अनुसार भाजपा सरकार ने नव उदारवादी आर्थिक नीतियों को लागू करने की डगर पकड़ी है, जिससे कार्पोरेट घरानों तथा साम्राज्यवादी लुटेरों की और भी मौजें लग गयी हैं तथा मेहनतकश मजदूर और किसानों के लिए और भी मुश्किलें पैदा हो गयी हैं।

सरकारी क्षेत्र के सभी कारखानों तथा अन्य औद्योगिक घरानों को कार्पोरेट घरानों ने कौड़ियों के भाव बेच कर मनमर्जी मुताबिक लूट-खसूट करने की इजाजत दे दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं तथा रहने-सहने की जरूरतें आम आदमी के हाथों से निकल चुकी हैं। आम लोगों की एकता को तोड़ने तथा उनका ध्यान जरूरी मुद्दों से हटाने के लिए धार्मिक मुद्दों को उछाल कर समाज का सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने की होड़ लगी हुई है। सत्ताधारी दल की ओर से टीवी पर बहसों के दौरान ऐसे मुद्दों को उछाला तथा धार्मिक कार्यक्रमों को इस तरीके से पेश किया जाता है कि जिससे समाज में आपसी भाईचारा तथा एकता का संदेश जाने की जगह नफरतों की अंधेरियां झूलने लगती हैं।

हमें श्रीलंका, पाकिस्तान तथा अन्य पड़ोसी देशों की बिगड़ रही आर्थिक हालत को ध्यान में रखना चाहिए। यदि हम कबूतर के जैसे आंखें मूंद कर बिल्ली से बचाव की नीति अपनाते रहेंगे, तो यह 150 करोड़ की आबादी वाले हमारे महान देश के लिए अत्यंत दुखदायी होगा। स्थिति को समझ कर नये रास्ते तलाशने की जरूरत है। किसी भी तरह की कमजोरी तथा ढीलापन घातक सिद्ध हो सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# डॉ ईरानी की कर्मनिष्ठा उद्योग जगत के लिए माइल स्टोन : रघुवर दास



**रघुवर ने कहा, टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ. ईरानी के उद्योगहित, मजदूर हित और जनहित में किये गये कार्यों को सलाम करता हूं।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्मभूषण डॉ. जमशेद जे ईरानी मृत्यु पर शोक जताया। उन्होंने कहा जमशेदपुर की धरती से गहरा उनका लगाव था। उन्होंने टाटा स्टील से सेवानिवृत होने के बाद भी जमशेदपुर में ही रहना उचित समझा। लौहनगरी की इसी धरती पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने कहा टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ. ईरानी के उद्योगहित, मजदूर हित और जनहित में किये गये कार्यों को सलाम करता हूं। उनकी कर्मनिष्ठा मुझे प्रभावित करती रही है और समझता हूं कि उद्योग जगत के लिए एक माइल स्टोन का कार्य करेगा। डॉ. ईरानी ने टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक की हैसियत से जमशेदपुर वासियों के लिये जो किया उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उनके इसी जन कल्याण की भावनाओं की वजह से मैं उन्हें पसंद करता था। उन्होंने जमशेदपुर के लोगों के लिए जो किया उसकी जितनी भी सराहना की जाय कम है। जब भी जमशेदपुर पूर्वी के विधायक की हैसियत से उनके समक्ष जमशेदपुर वासियों के हित में कोई प्रस्ताव रखा उन्होंने सहर्ष कहा 'होयेगा रघुबीर होयेगा। वे मुझे 'रघुबीर नाम से संबोधित करते थे। मैं जब 1995 में जमशेदपुर पूर्व क्षेत्र से विधायक चुना गया था तो जमशेदपुर के गैर कंपनी क्षेत्र में टिस्को के पानी, बिजली एवं सड़क आदि नागरिक सुविधायें नहीं देती थी। डा. ईरानी के समक्ष मैंने गैर कंपनी क्षेत्र की 86 बस्तियों में नागरिक सुविधायें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा तो उन्होंने इसे चरणवद्ध लागू करने पर सहमति प्रदान की। डॉ. ईरानी के आदेश पर वर्ष 96-97 से टिस्को ने 86 बस्तियों में चरणबद्ध नागरिक सुविधायें देना प्रारंभ किया। डॉ. ईरानी के इस कदम की जितनी भी सराहना की जाये कम है। इसके पहले कभी किसी गैर कंपनी क्षेत्र की संस्था, व्यक्ति को बिजली, पानी का कनेक्शन या बस्तियों में सड़क, नाली की सुविधायें नहीं उपलब्ध करायी गयी थी। उनके आदेश पर पहली बार साकची गुरुद्वारा बस्ती, काशीडीह बगान एरिया, शिव सिंह बगान एरिया,रामदेव बागान और पटेलनगर के निवासियों को बिजली,पानी के कनेक्शन दिये गये। इसी अवधि में पहली बार बागुन नगर में सरकारी निधि से निर्मित सड़क का उन्होंने जब उद्घाटन किया तो इसकी काफी सराहना की थी। इस सरकारी सड़क की गुणवत्ता ने उन्हें काफी प्रभावित किया था। इसके बाद शहर के विकास के लिये उन्होंने दिल खोलकर काम किया। बस्तियों की जनता के लिए उन्होंने जो किया उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। मेरा डॉ. ईरानी के साथ एक मजदूर के रूप में तथा एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो संबंध रहा है, उसे मैं अपने जीवन का सबसे बेहतर समय मानता हूं। इस स्नेह एवं प्यार के लिए मैं हमेशा उनका शुक्रगुजार रहूंगा। डॉ. ईरानी का व्यक्तित्व आकर्षक और अक्खड़ था, वे उद्योग हित के साथ मजदूर हित, लोकहित के सच्चे शुभचिंतक थे। उनका अक्खड़पन भी सराहनीय रहा है। उन्हें जो उचित लगता था उसे होयेगा कहते थे। कभी गलत एवं अनुचित काम के लिए हामी नहीं भरते थे। इस्पात उद्योग में उनके योगदान के लिए ही उन्हें भारत सरकार के पद्म भूषण की उपाधि से सम्मानित किया था। डॉ. इरानी की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली शोहरत का ही नतीजा था उन्हें इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया था।

## सिंहभूम चेंबर ने डॉ जमशेद जे इरानी के निधन पर किया शोक प्रकट



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्री ने डॉ जमशेद जे ईरानी के निधन पर शोक प्रकट किया। मंगलवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने चेंबर के सदस्यों के साथ उपस्थित होकर अंतिम यात्रा में श्रद्धांजलि अर्पित किये। उन्होंने बताया टाटा स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक पद्मभूषण डॉ. जमशेद जे इरानी का जमशेदपुर की धरती से गहरा लगाव था। उन्होंने टाटा स्टील से सेवानिवृत होने के बाद भी जमशेदपुर में ही रहना उचित समझा। लौहनगरी की इसी धरती पर उन्होंने अंतिम सांस ली। सिंहभूम चैंबर टाटा स्टील के पूर्व एमडी डॉ. ईरानी के उद्योगहित, मजदूर हित और जनहित में किये गये कार्यों को सलाम करता है। उन्होंने कहा वे उद्योग जगत की महान हस्ती थे। उनके निधन से उद्योग जगत को काफी नुकसान हुआ है। महासचिव मानव केडिया ने कहा डॉ इरानी ने टाटा स्टील के साथ-साथ शहर को विकसित करने मे भी अहम भूमिका निभायी। शहरवासी इसे कभी भूला नहीं सकते हैं। मौके पर सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष पीआरडब्ल्यू मुकेश मित्तल एवं अन्य उपस्थित रहे।**

# विधायक ने किया दूसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** झारखंड सरकार के तीन साल पूरा होने पर आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिविर का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पोटका के विधायक संजीव सरदार के द्वारा दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद सूरज मंडल, उप प्रमुख उर्मिला सामाद, बीस सूत्री जिला सदस्य चंद्रावती महतो शामिल रहे। मौके पर विधायक ने क्षेत्र के ग्रामीणों को उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। विधायक संजीव सरदार ने कहा झारखंड में हेमंत सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर के दूसरे चरण मंगलवार से शुरू किया गया। उन्होंने कहा प्रथम चरण के शिविर में लाखों ग्रामीणों की समस्याओं का निष्पादन किया गया। मंगलवार को दूसरे चरण में पोटका प्रखंड के जुड़ी एवं गंगाडीह पंचायत में कुल 3453 लोगो ने विभिन्न विभागों में अपने आवेदन जमा किये। जिसमे से 102 समस्याओं का आन दा स्पॉट निष्पादन किया गया। विधायक ने कहा हेमंत सरकार ने विगत तीन वर्षों में गांवों की पेंसन और राशन कार्ड की दो महत्वपूर्ण समस्या को लगभग समाप्त कर दिया है। शिविर में ग्रामीणों की अन्य कई समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर के माध्यम से प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों के समस्या का निदान कर रहे है। ताकि सरकार आपके द्वार शिविर में दूर दराज के ग्रामीण लाभ मिल सके।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुखिया कार्तिक मुर्मू, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, पंसस रायसिंह सरदार एवं उर्मिला सरदार, उपमुखिया हंसी मल्लिक एवं कुशनु मुर्मू, जिला खेल पदाधिकारी अनिमेष त्रिपाठी, सीओ इम्तियाज अहमद, बीडीओ निखिल कक्षप, ग्राम प्रधान भीम सरदार एवं गौतम कुंडू, बीपीएम मंटू मुंडा,थाना प्रभारी रविंद्र मुंडा व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डॉ.जमशेद जे ईरानी कारपोरेट दिग्गज थे, टाटा स्टील को उनके सलाह की कमी खलेगी : बी मुथुरामन, पूर्व वाइस चेयरमैन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील पूर्व वाईस चेयरमैन बी मुथुरामन ने कहा डॉ. जमशेद ईरानी उन प्रमुख हस्तियों में से एक हैं जिन्होंने भारत के उदारीकरण के बाद के युग में भारतीय उद्योग की नींव रखने में मदद की। एक समय टाटा स्टील कमजोर तकनीकी रूप से पुरानी, उच्च परिचालन लागत के साथ, बाजार की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद का अभाव और बहुत कम ग्राहक तथा बाजार में पैठ की कमी के माहौल से घिरी थी। उस दौरान विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंट्स ने टाटा स्टील को अप्रतिस्पर्धी और अस्थिर करार दिया। केवल दस वर्षों के समय में 1992 और 2001 के बीच डॉ जेजे इरानी ने रतन टाटा के समर्थन और मार्गदर्शन के साथ टाटा स्टील के संचालन और व्यवसाय के सभी क्षेत्रों में पूर्ण परिवर्तन किया। 2001 तक यह दुनिया में स्टील की सबसे कम लागत वाली उत्पादक बन गयी। इसने कई पुरानी तकनीकों को नयी तकनीकों और उपकरणों से बदल दिया। ग्राहक एवं बाजार उन्मुखीकरण में बड़े पैमाने पर सुधार लाया। 90 के दशक के मध्य में उनके द्वारा कस्टमर हर हाल में एक स्लोगन बनाया गया। उस दौरान कंपनी के उत्पादों और सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ। संक्षेप में 10 वर्षों की छोटी अवधि के भीतर नई टाटा स्टील की नींव रखी गई है। इसे कई पहलकदमियों के माध्यम से प्राप्त किया गया था। प्रक्रियाओं और उत्पादों की गुणवत्ता पर पैनी नजर, लागत में भारी कमी, मैनपावर रैशनलाइजेशन और जनशक्ति की गुणवत्ता में सुधार, आधुनिक तकनीकों और उपकरणों को शामिल करने एवं आकांक्षात्मक एवं असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्यों को हासिल करने का प्रण और प्रयोग को प्रोत्साहित करने की संस्कृति का निर्माण कराया था। किसी भी समय कंपनी भर में हजारों सुधार परियोजनायें लाने वाले व्यक्ति थे जेजे इरानी। जिनका समर्थन और मार्गदर्शन रतन टाटा ने किया था। उन्होंने इन प्रयासों को व्यावहारिक तरीके से आगे बढ़ाया। 1991 में अप्रतिस्पर्धी एवं अन सस्टेनेबल के रूप में लिखी गई थी। उंनके प्रयास से टाटा स्टील 2001 तक एक शानदार सुपरस्ट्रक्चर के निर्माण के लिए पर्याप्त नींव वाली कंपनी बन गई थी। 1991 में भारत के आर्थिक उदारीकरण के समय भारतीय उद्योग की प्रक्रियाओं और उत्पादों में बहुत कम गुणवत्ता उन्मुखीकरण था। जेजे ईरानी ने जापान के जेयूएसइ के साथ समय व्यतीत करने वाले पहले भारतीय कॉर्पोरेट अधिकारियों में से एक थे। उन्होंने ने टीक्यूएम पर प्रारंभिक पाठ सीखकर वापस आये। वे भारतीय उद्योग के अन्य दिग्गजों के साथ भारत में गुणवत्ता आंदोलन के बीजारोपण के सूत्रधार थे। हालांकि गुणवत्ता अब टाटा स्टील के डीएनए में शामिल हो गई है। निरंतर सुधार से टाटा स्टील एवं जमशेदपुर में जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। टाटा स्टील में अपने नेतृत्व के वर्षों में जेजे ईरानी ने नींव रखी थी। उन्हें रतन टाटा से मिला मार्गदर्शन व समर्थन था। उनके मौत के बाद टाटा स्टील को उनकी सलाह की कमी खलेगी। जमशेदपुर के लोग जिनके वे अभिन्न अंग बन गये थे अपने बीच उनकी अनुपस्थिति को मसहूस करेंगे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पचपड़वा देव स्थल संरक्षण एवं विकास योजना कार्य का मंत्री ने किया शिलान्यास



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर गांव में कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय का सरना/मसना संरक्षण एवं विकास योजना मद में वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत योजना 'ग्राम- कल्याणपुर में पचपड़वा देव स्थल संरक्षण एवं विकास योजना कार्य' का शिलान्यास मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार द्वारा किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्राक्कलित राशि कुल 1286885 रुपये मात्र के अंतर्गत चहारदीवारी, चबूतरा एवं सौर ऊर्जा संचालित जल मीनार का अधिष्ठापन कराया जाना है। कार्यक्रम में लाभुक समिति के अभिकर्ता भोला उरांव, ललन बैगा के साथ कल्याणपुर पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख विमला देवी, कल्याणपुर ग्रामवासी एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

### आर्य समाज गढ़वा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की धूमधाम से हुई शुरुआत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार से आर्य समाज गढ़वा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आरंभ हुआ। इस अवसर पर हरिद्वार से पधारे आचार्य कृष्ण देव आर्य ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ संपन्न कराया। आज के मुख्य यजमान सुशील केसरी एवं उनकी पत्नी पूनम देवी ने श्रद्धा के साथ लोगों की मंगल कामना के लिए यज्ञ में आहुति प्रदान की। इस कार्यक्रम में आर्ष कन्या गुरुकुल हजारीबाग छात्राओं ने वेद मंत्रों का सस्वर पाठ किया। साथ ही साथ अपनी सुमधुर वाणी से भजन प्रस्तुत किये। आचार्य कौटिल्य के निर्देशन में आरुषी शास्त्री ने कई कठिन आसनों का प्रदर्शन किया। ब्रह्मचारिणी सौम्या शास्त्री, कोमल शास्त्री, रानी शास्त्री और नेहा शास्त्री ने अपने मधुर भजन से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान नंद कुमार गुप्ता ने गढ़वा वासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की प्रार्थना की। इस अवसर पर निर्मल कुमार केसरी, गीता केशरी, श्री कृष्ण गोपाल आर्य, उपकार गुप्ता, विमला देवी, सुलेखा गुप्ता, खुशबु दूबे तथा डीएवी मॉडल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने अपनी आहुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञान प्रकाश केसरी, विनय प्रकाश, चंचला केसरी, संगीता गुप्ता, ज्योति प्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### चोरी के सामान के साथ दो घरों में चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल थाना क्षेत्र के कंचनपुर एवं हुरदाग गांव में छठ पर्व के दिन सुनसान पाकर दो घरों में चोरों ने चोरी की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरों को रंगे हाथों पकड़कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि छठ पर्व के दिन सुनसान घर देखकर अज्ञात चोरों ने अनुज यादव कंचनपुर निवासी के घर में घुसकर संदूक तोड़कर आभूषण एवं पैसा निकाले वहीं हुरदाग गांव के जगन्नाथ राम के घर में सुनसान पाकर घर में घुसकर संदूक तोड़कर आभूषण एवं पैसा निकाल लिए। पुलिस ने गांव वालों की मदद से तत्परता दिखाते हुए चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के समक्ष स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस के हत्थे चढ़े युवक राहुल कुमार यादव ने चोरी की बात कबूल की है। इस संबंध में बताते चलें कि घर में छठ पूजा के फायदा उठाते हुए चोर के द्वारा घर में रखा बक्सा तोड़कर जेवर एवं पैसा चोरी कर ली गई। वहीं बगल के यादव टोला में जाकर भैंस चोरी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि राहुल कुमार यादव पिछले डेढ़ माह पूर्व रामानुजगंज जेल से छूट कर आया है। इस पर चोरी में संलिप्तता का आरोप पहले से ही लगते आ रहे हैं। स्वभाव से यह चोर है। मौके का फायदा उठाकर आसपास के क्षेत्र में चोरी करने का इसकी पुरानी परंपरा रही है। पुलिस ने युवक को पकड़कर गढ़वा जेल भेज दिया है तथा चोरी का सामान परिवार को सौंप दिया गया है।

**आक्रोश :** पुत्री की चिता ठंडी होने से पहले ही संदेहास्पद स्थिति में मिला पिता का शव

# गुस्साये लोगों ने पुलिस को शव को उठाने से रोका

- डॉग स्क्वायड टीम नहीं कर सकी शिनाख्त
- गिरिनाथ सिंह ने घटना को दुखद बताते हुए पुलिस से जल्द उद्भेदन करने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**मेराल।** थाना क्षेत्र के कजराठ गांव में दो दिन के अंदर पिता और पुत्री की संदेहास्पद मौत से गांव में सनसनी फैल गई है। मंगलवार की सुबह गांव के रमेश चौधरी का शव दानरो नदी किनारे संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गयी है। यह खबर जंगल की आग की तरह आसपास के कई गांव में फैल गयी और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए।

खोजी कुत्ता मंगाकर घटना का उद्भेदन करने पर अड़े ग्रामीण

उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर केके साहू व थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा गांव के लोगों के समक्ष पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए शव को उठाने का प्रयास किया, परंतु घटना से गुस्साये परिजन तथा गांव के लोग खोजी कुत्ता मंगा कर घटना का उद्भेदन करने की मांग पर अड़ गये। लोगों का कहना है कि दो दिनों के अंदर पिता एवं पुत्री की संदेहास्पद मौत के पीछे बड़ा षड्यंत्र है तथा दोनों की हत्या की गई है।

### रविवार की रात्रि में मिला था पुत्री का फंदे से झूलता हुआ शव

बता दें कि रविवार की रात्रि में रमेश चौधरी की पुत्री गुड्डी कुमारी का शव घर में ही फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला था। सोमवार को अंत्यपरीक्षण के बाद पुलिस द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा गया था। गुड्डी की चिता अभी पूरी तरह ठंडा भी नहीं हुई थी कि अगले ही दिन पिता रमेश चौधरी की संदेहास्पद स्थिति में नदी किनारे शव पाया गया।

**नदी में पानी की वजह से शिनाख्त नहीं कर पाया डॉग स्क्वायड :** लोगों की मांग पर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम नदी में पानी की वजह से कुछ शिनाख्त नहीं कर पायी। डॉग स्क्वायड टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों ने बहुत प्रयास किया परंतु शव की दूसरी और नदी में पानी की वजह से डॉग स्क्वायड नदी के किनारे बैठ गया।

घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि पिता और पुत्री की संदेहास्पद मौत दुखद है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने पलामू के डीआईजी से बात कर घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड बुलवाने का काम किया, परंतु कोई सफलता नहीं मिल पायी। उन्होंने घटना के पीछे पारिवारिक तथा सामाजिक कारण भी बताते हुए पुलिस से मामले का जल्द उद्भेदन करने की बात कही।

## सेवानिवृत्त 55 शिक्षकों के विरुद्ध राशि रिकवरी की कार्रवाई स्थगित करने की मांग

- शिक्षक संघ गढ़वा जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव ने उपायुक्त के कार्यालय अधीक्षक एवं डीएसई गढ़वा कार्यालय के प्रधान सहायक को सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार एवं जिलासचिव नागेंद्र चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से आज प्रधान सचिव एवं निदेशक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार तथा उपायुक्त गढ़वा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के नाम से गढ़वा जिले के सरकारी माध्यमिक स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को राज्यपाल के आदेश से अधिसूचित विभागीय अधिसूचना संख्या- 434 दिनांक 01-03-2016 में निहित प्रावधान के आलोक में स्वीकृत प्रवरण वेतनमान को रद्द करने की कार्रवाई स्थगित करने जो Cont.(C)No.605/2020 सुनील कुमार शुक्ला बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य से संबंधित वाद के संबंध में उपायुक्त गढ़वा कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा कार्यालय के प्रधान सहायक को ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

इस बाबत जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, रांची के पत्रांक 2615 दिनांक 11-10-2022 एवं विभागीय संकल्प संख्या- 434 दिनांक 01-03-2016 के द्वारा अधिसूचित झारखंड सरकारी माध्यमिक विद्यालय नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2015 के अध्याय -3 के नियम-3 के उप नियम (ख)-।।। में दर्शाए गए स्नातक प्रशिक्षित मूल कोटि के शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान में नियम-6 में दर्शाए गए प्रावधान के आलोक में प्रोन्नति देने का नियम है। इस नियम की स्पष्ट व्याख्या करते हुए तत्कालीन विभागीय सचिव आराधना पटनायक ने पत्रांक- 955 दिनांक 04-05-2016 और पत्रांक- 1611 दिनांक 28-08-2017 के द्वारा राज्य के सभी उपायुक्त को वरीय/प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति देने के लिए दिशा निर्देश दिया गया था। इस प्रावधान के आलोक में सरकारी माध्यमिक विद्यालय के मूल कोटि के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को उक्त नियमावली के अध्याय-8 के नियम-11 के उप नियम-।। के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय स्थापना समिति द्वारा गढ़वा जिला के स्नातक प्रशिक्षित सरकारी माध्यमिक शिक्षकों को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दी गई है, जो शत प्रतिशत नियमानुकूल है।

### कार्रवाई स्थगित नहीं हुई तो बाध्य होकर सेवानिवृत्त शिक्षकों को उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा

सभी सक्षम शिक्षा पदाधिकारियों से अनुरोध है कि सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शिक्षक हित में गढ़वा जिला के सेवानिवृत्त हो चुके उन पचपन स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को दिए गए प्रवरण वेतनमान को रद्द करने एवं राशि रिकवरी की कार्रवाई को स्थगित करने के लिए भवदीय स्तर से उचित कार्रवाई करने की कृपा की जाये। अन्यथा बाध्य होकर उन सभी प्रभावित पचपन शिक्षकों को उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा।

कालांतर में अनाधिकार निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखंड, रांची ने पत्रांक- 1201 दिनांक 27-07-2020 के द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक संथाल परगना प्रमंडल दुमका की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी और इस समिति के प्रस्ताव के आधार पर निदेशक (मा.शि.) झारखंड, रांची द्वारा पत्रांक -1802 दिनांक 24-09-2021 और आदेश संख्या -895 दिनांक 31-03-2022 निर्गत कर जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा को अनाधिकार पूर्व में दिए गए प्रवरण वेतनमान को समीक्षा/संशोधन करने का निर्देश /आदेश दिया गया है।

जिलासचिव नागेंद्र चौधरी ने भी बताया कि निदेशक (मा.शि.) झारखंड, रांची द्वारा अनाधिकार गठित समिति के प्रस्ताव के आधार पर विभागीय संकल्प संख्या- 1726 दिनांक 21-06-2022 निर्गत हुआ है। इस पत्र की कंडिका-4की उप कंडिका (७) में निहित प्रावधानानुसार यह संकल्प निर्गत तिथि से प्रभावी होगा। इसके बावजूद निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), झारखंड, रांची के निदेश/आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा विभागीय अधिसूचना संख्या- 434 दिनांक 01-03- 2016 के आलोक में प्रवरण वेतनमान प्राप्त शिक्षकों पर कार्रवाई की जा रही है, जो सर्वथा अनुचित है। यह नैसर्गिक न्याय के प्रतिकूल है। जिसके कारण उच्च न्यायालय में अनेकों याचिका दायर हुए हैं और लगातार हो रहे हैं।

अन्त में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, जिला संयोजक रेयाज अहमद, जिला सचिव नागेंद्र चौधरी एवं सेवानिवृत प्रभावित शिक्षक श्रवण कुमार पाल ने निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) झारखंड, रांची /अध्यक्ष-सह- उपायुक्त तथा सचिव -सह -जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा जिला शिक्षा स्थापना समिति गढ़वा से करबद्ध अनुरोध किया है कि सरकारी माध्यमिक शिक्षक सेवा शर्त नियमावली 2015, अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01-03-2016 के आलोक में वर्ष 2018 में दिए गए प्रवरण वेतनमान के लाभ को विभागीय संकल्प संख्या 1726, जो दिनांक 21-06-2022 से प्रभावी होने के फलस्वरूप भूतलक्षी प्रभाव से क्रियान्वित करना न्याय संगत नहीं है, के आलोक में तत्काल प्रभाव से प्रवरण वेतनमान से लाभान्वित तथा प्रभावित पचपन स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों पर की गई कार्रवाई को स्थगित किया जाये।

## एकता दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने लगायी दौड़




- एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भारत के प्रथम गृहमंत्री सह कई रियासतों में बंटे भारत को एक देश के रूप में परिवर्तित करने वाले महान राष्ट्रभक्त एवं प्रखर महापुरुष स्व. सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर एसपीडी कॉलेज की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने एकता दौड़ का आयोजन किया। इस मौके पर कैडेट्स ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प लिया।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी के महिला-पुरुष कौडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य निखलेश चौबे ने किया। दौड़ के बाद कैडेट्स ने एक भारत को बनाये रखने और श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने का संकल्प लिया। इस मौके पर एनसीसी पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि आजादी के बाद भी अपना देश रियासतों के रूप में कई टुकड़ों में बंटा हुआ था। कई रियासत भारत में विलय का विरोध कर रहे थे। जबकि कश्मीर रियासत पर कब्जा के लिए पाकिस्तान ने हमला भी कर दिया था। हैदराबाद और जूनागढ़ रियासत भी भारत में विलय से इंकार कर रहे थे। ऐसी विषम परिस्थिति में आजादी के साथ ही देश के कई टुकड़े होने के आसार बन गए थे। देश के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल ने कड़ा एक्शन लेते हुए एक भारत का विरोध कर रहे रियासतों को बड़ी सबक सिखायी और उन्हें बल पूर्वक भारत में मिला लिया। दो सौ वर्ष की गुलामी के बाद आजाद हुए भारत देश को एकता में पिरोने वाले सरदार पटेल की जयंती को देश एकता दिवस के रूप में मनाता है। सरदार पटल के प्रयासों को मूर्त रूप देने की जिम्मेवारी अब हम सब पर है। हमें प्रमुख रूप से दो काम करना है। पहला देश की एकता को अक्षुण्ण रखना और दूसरा देश को हर क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाना है। एनसीसी कैडेट्स इस कार्य में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

मौके पर डॉ चन्द्र कुमार, महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय, प्रो केबी अंसारी, अर्जुन मेहता, अरुण तिवारी, विवेकानन्द उपाध्य एवं वीरेंद्र पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पारिवारिक विवाद में कीटनाशक खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव निवासी अनिल यादव का पुत्र मृत्युंजय यादव ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया किसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई जिसके बाद मृत्युंजय ने कीटनाशक खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। चिनिया सड़क में अंबा खोरिया के समीप बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक चिनिया थाना क्षेत्र के ढोल गांव निवासी पंकज पनिका बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घायल अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल पर बैठाकर ससुराल जा रहा था। इसी बीच अम्बाखोरया के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गयी। जिसमें दुर्घटना हो गयी, जबकि उसकी पत्नी सही सलामत है। आसपास के लोगों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### बाइक टेंपो की चपेट में आने से दो घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला नगर उंटारी सड़क पर पालहे गांव के समीप टेंपो की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के करिवाडीह गांव निवासी अजय चंद्रवंशी का पुत्र रवि रंजन कुमार और उनकी पुत्री मेनिका देवी शामिल हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मेनका के ससुराल में विवाद चल रहा है, जिसको लेकर वह अपने भाई के साथ गढ़वा न्यायालय जा रही थी, उसी दौरान पाले में टेम्पो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें उक्त दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

**कार्यक्रम :** सांसद-विधायक ने संयुक्त रूप से किया दो पुलिया व सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

## जल्द ही सरूअत को पर्यटन क्षेत्र रूप में विकसित किया जायेगा : वीडी राम

- झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर राज्य सरकार लोगों को ठगने का कार्य कर रही है : आलोक चौरसिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भंडरिया।** भड़रिया थाना क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़गड़ प्रखंड के मालगाड़ी चौक स्थित गुगा एवं चंपिया नदी पर तीन करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से बनने वाले दो पुलिया के निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय सांसद विष्णु दयाल राम एवं क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही दो राज्यों को जोड़ने वाले बरगड़ मुख्यालय से मुटकी छत्तीसगढ़ सीमा तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास दोनों जनप्रतिनिधियों के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शीलापट्ट का अनावरण कर किया गया। सड़क निर्माण कार्य की लागत दो करोड़ पचपन लाख रुपये बतायी गयी है। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने सभा को भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र के दर्जनों समस्याओं से सांसद एवं विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिसमें बरवाडीह से अंबिकापुर तक अधूरी रेल लाइन परियोजना, सरूअत पाट को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने, कॉमर्शियल बैंक की स्थापना सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर राज्य सरकार लोगों को ठगने का कार्य कर रही है। वर्तमान में झारखंड में हड़िया और दारू पीने वालों की सरकार है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। घोटालेबाज एवं भ्रष्टाचारी का मनोबल राज्य में बढ़ा हुआ है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने संबोधन में कहा कि बरगड़ प्रखंड का अपेक्षित विकास वास्तव में अभी तक नहीं हुआ है जो स्वीकार करने योग्य है लेकिन यहां का विकास आज तक क्यों नहीं हुआ लोगों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की जो भी मांगें हैं उसे पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि पर्वत पहाड़ को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। हम लोगों का प्रयास जारी है। जल्द ही सरूअत को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे जिप सदस्य रूपांजलि जायसवाल, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती, अंचलाधिकारी मदन महली, बरगड़ मुखिया मोनिका कश्यप, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, रूपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रेश प्रसाद, जिला मंत्री स्वाति तिर्की उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सरदार पटेल की जयंती पर ली गयी राष्ट्र की एकता और अंखडता की शपथ

- किसी भी देश की समृद्धि और मजबूती के लिए राष्ट्र की एकता और अंखडता सर्वोपरि है : निदेशक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त स्थानीय जी.एन. कॉन्वेंट स्कूल में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत कुमार ठाकुर के द्वारा सम्मलित रूप से दीप प्रज्वलित कर सरदार पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि 31 अक्टूबर को भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। दरअसल सरदार पटेल ने 560 रियासतों को भारत संघ में एकीकृत करने में अहम भूमिका निभाई थी। राष्ट्र को एकजुट करने के लिए सरदार पटेल के किए प्रयासों को स्वीकार करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। किसी भी देश की समृद्धि और मजबूती के लिए राष्ट्र की एकता और अंखडता सर्वोपरि है। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूती देने के लिए शपथ दिलाई गयी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दूबे, उदय प्रकाश, नरेंद्र सिन्हा, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, नीलम केशरी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, रिजवाना शाहिन, संतोष प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मंदिर के गुंबज पर चढ़ कर युवक ने की तोड़फोड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से दो घंटे तक काफी मशक्कत के बाद नीचे उतारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा रियाडा मोड़ स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर में देर रात्रि एक सिरफिरे युवक ने मंदिर के शिखर पर चढ़कर 2 घंटे तक जमकर उत्पाद मचाया। इस तोड़फोड़ से मंदिर का कुछ हिस्सा मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। सूचना पर पहुची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर किसी तरह युवक को मंदिर के शिखर से स्थानीय लोगों की सहायता से नीचे उतारकर सुरक्षित हिरासत में लेकर सदर थाना ले गयी। यह घटना सोमवार देर रात लगभग 09 बजे की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दुर्गा मंदिर में जीर्णोद्धार कार्य चल रहा था, जिस वजह से वहां सीढ़ी भी मौजूद थी। युवक मंदिर में घुसकर सबसे पहले बजरंगबली का पूजा किया और उनको गले से लगाया और उसके बाद वो सीढ़ी के सहारे मंदिर के शिखर पर चढ़ गया और मंदिर में तोड़फोड़ करने लगा। इस तोड़फोड़ से मंदिर का कुछ हिस्सा मामूली रूप से






क्षतिग्रस्त हुआ है। देखते ही देखते मंदिर के चारों तरफ बड़ी संख्या में लोग जुटने लगे और तोड़फोड़ होता देख आक्रोश में आ गये। मामले की गंभीरता को समझते हुए जिले के डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत समेत सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने में जुट गये वहीं शिखर पर चढ़ा युवक युवक को उतारने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़ी मेहनत करनी पड़ी और 2 घंटे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से युवक को मंदिर के शिखर से नीचे नीचे उतारा गया और युवक को सदर थाना पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी। तोड़फोड़ करने वाले युवक की पहचान जवाल किस्को निवासी तुलसी उरांव पिता स्व बिरसा उरांव के रूप में हुई है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार वो अपने ससुराल बूटी झाखरा जा रहा था। लेकिन वह अचानक मंदिर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। फिलहाल सदर थाना पुलिस युवक से पूंछताछ कर रही है। उसकी पत्नी सोनामणी उरांव ने बताया कि वो ससुराल जाने के लिए राणा चौक दोपहर 01 बजे आया था। उसी दौरान उसको दौरा आने लगा। सुबह से कुछ खाया पिया नहीं था। उत्तेजित होकर वो इधर उधर भागने लगा। उसको ऐसा लगा था कि उसको कोई मारने वाले हैं और उसकी पत्नी को कोई मार देगा ऐसा बावलाप्पन कर रहा था। इसके बाद वो भाग गया। जिसको खोजबीन के लिए परिजन रातभर इधर उधर घूमते रहे। परिजनों ने बताया कि जब दस साल का था तब वो गुजरात कमाने गया था उस समय उसके साथ मानसिक बीमारी हो गई थी। इसके बाद उसकी शादी हो गयी। वर्तमान में वो हिमाचल में काम कर रहा था। कुछ दिन पहले ही घर आया था। परिवार वालो का कहना है कि युवक तुलसी उरांव जब विक्षिप्त हो जाता है तो जबतक उसके शरीर से खून नहीं निकलता है तबतक उसे मूल होश नहीं आता है। जब शरीर से खून निकल जाता है तब वो शांत हो जाता है। फिलहाल उसे इलाज की जरूरत है।

लोहरदगा के उपायुक्त ने कहा कि आरोपी शख्स को मंदिर के शिखर से नीचे उतार लिया गया है अब इसकी पड़ताल होगी उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है आखिर क्या मंशा रही है। घटना के बाद से मंदिर के पास भारी संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गयी है और मामले में शांति बनी रहे इसकी कोशिश की जा रही है।

### हिंदू समाज ने तोड़फोड़ की घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की

**वहीं, तोड़फोड़ की घटना से जिले में लोगों में आक्रोश है। हिंदू समाज के लोग कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हिंदू संगठन योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर और विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री रितेश साहू ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि हमेशा सिर्फ हिंदुओं के आस्था के साथ खिलवाड़ होता है। हम लोग हमेशा प्रशासन का सहयोग करते हैं। हमारी प्रशासन से मांग है इस तरह से माहौल खराब करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।**

# लातेहार जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा को प्रधानमंत्री ने भेजा धन्यवाद संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** भारत के प्रधानमंत्री ने लातेहार जिला के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. महताब आलम को धन्यवाद संदेश भेजा है, पीएम ने धन्यवाद संदेश में महताब आलम को उनके जन्मदिन पर भेजे गये संदेश का जवाब देते हुए उन्हें धन्यवाद के साथ-साथ स्मृद्धि भारत के लिए पंच प्राण भेजें जिसमें अगले 25 वर्ष की अमृत काल की यात्रा के साथ पूरे भारतवर्ष के स्वतंत्रता शताब्दी वर्ष में प्रवेश के लिए बताया गया है साथ ही इस पूरे कालखंड को देश के लिए निर्णायक और अविस्मरणीय बनाने के लिए



संकल्प सिद्धि पांच सिद्धांत जो भारतवर्ष को विश्व का नंबर एक देश बनाने में मददगार होगा। श्री महताब आलम ने बताया कि वह पांच सिद्धांत **विकसित भारत का विराट संकल्प** : हम सभी भारतीयों को विकसित भारत बनाने के लिए विराट संकल्प लेने की आवश्यकता है। यह संकल्प हमें विश्व के अग्रणी देश में शामिल करेगा। **गुलामी की मानसिकता से मुक्ति** : जो हमारे अंदर गुलामी की मानसिकता है उससे मुक्त करने की आवश्यकता है तब जाकर जी अब हम आजादी की 100 साल में प्रवेश करेंगे, तब भारतवर्ष एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। **अपनी विरासत पर गर्व** : जो हमारे पुरखों ने विरासत दी है उस पर हर भारतीयों को गर्व करने की आवश्यकता है। **एकजुटता को बनाये रखना** : किस की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए पूरे 140 करोड़ों देशवासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है।

# लोहरदगा में भारत जोड़ों पदयात्रा होगी एतिहासिक : नेसार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 6 नवंबर को आयोजित भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम लोहरदगा जिला में वृहद रूप से किए जाने को लेकर कांग्रेस के किस्को प्रखंड अध्यक्ष यूनुस अंसारी की अगुवाई में प्रखंड क्षेत्र के सेमरडीह, रोटवा टोली, आनंदपुर, डटमा, बानपुर, दशरा टोली, हुआहार, गुड़गुड़िया, कोचा, बरनाग, कसियाडीह, खरकी, नारी, नवाडीह, होंदगा, दुरहुल, हुटाप सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी।



तैयारी कार्यक्रम हेतु क्षेत्र भ्रमण में कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, प्रदेश डेलीगेट सह लोहरदगा जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य नेसार अहमद, पूर्व मुखिया सुखमनी लकडा, चांदमनी उरांव के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए आगामी भारत जोड़ों पदयात्रा के सफल आयोजन को लेकर पूरी स्थिति वस्तु से अवगत होते हुए कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रदेश डेलीगेट सह 20 सूत्री सदस्य लोहरदगा जिला नेसार अहमद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 6 नवंबर को आयोजित लोहरदगा में भारत जोड़ो पदयात्रा एतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम से आगामी 2024 में होने वाले चुनाव में परिवर्तन लाने का काम करेगी। सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 27वीं पुण्यतिथि पर याद किये वरिष्ठ भाजपा नेता विजय बहादुर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के खुरा मे समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता के तौर पर प्रख्यात स्व. विजय बहादुर सिंह के 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके निवास स्थल विजयनगर स्थित कस्तूरबा भवन के प्रांगण में स्मरण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तीनों पुत्रों सहित अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. विजय बहादुर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। झारखंड विधानसभा में



सचिव के पीएके पद पर कार्यरत उनके पुत्र श्री पंकज कुमार ने स्मरण सभा के आयोजन उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बाबूजी ने व्यक्तिगत जीवन के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश और समाज के बेहतरी में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया। एक ओर जहां उन्होंने एक सैनिक के तौर पर देश की सीमा पर मां भारती के रक्षक की भूमिका का बखूबी निर्वहन किया वहीं दूसरी ओर एक समाजसेवी के रूप में निःस्वार्थ जनसेवा के क्षेत्र में उनके निष्पादित कार्य भी आदर्शवादिता के प्रेरकपूंज के तौर पर हम सभी के बीच दीप्तिमान है।

# भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में आस्था एवं विश्वास का पर्व छठ महापर्व के मौके पर आराध्य छठ पूजा समिति मसमानो के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुखैर भगत, विशिष्ट अतिथि के रूप में मसमानो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बबलू उरांव, कांग्रेस पार्टी के युवा कार्यकारी अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, भंडरा थाना के



एएसआई शर्मा भगत, जय श्री राम समिति कि सुषमा सिंह, अजय सोनी, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश प्रदेश संयोजक सह मार्गदर्शक मंडल स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। आगंतुक सभी अतिथियों ने संयुक्त रुप से फीता काटकर भक्ति जागरण प्रोग्राम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी अतिथियों का आयोजन समिति के द्वारा स्वागत करने के साथ बैच व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए आरआर म्यूजिकल ग्रुप रांची के वादक एवं गायक-गायिका मसमानो गांव पहुंचे। जहां पर गायक अमरेश कृष्णा सरकार व गायिका वीणा कौर, खुशबू विश्वकर्मा, बबन छैला एवं जतिन शर्मा ने एक से बढ़कर एक छठी मैया के नाम गीत लोगों को समर्पित किया।

## एनपी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

# डिग्री महाविद्यालय को छात्रों के लिए परीक्षा में गृह केंद्र बनाया जाये : सौरभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनिका के नगर मंत्री सौरभ भारती के नेतृत्व में अभाविप के एक प्रतिनिधिमंडल ने डिग्री महाविद्यालय मनिका के प्रभारी प्राचार्य विमल कुमार सिंह से मुलाकात कर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन सौंपकर डिग्री महाविद्यालय मनिका को परीक्षा केंद्र बनाने की मांग की है।

ज्ञात हो की पिछले दिनों दीपावली और छठ पूजा के अवकाश होने के चंद घंटे पहले विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र



2021-2024 के छात्रों का सेमेस्टर 2 की परीक्षा तिथि घोषित की गयी थी, जिसके बाद से ही विश्वविद्यालय के कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहें हैं, इसी संदर्भ में नगर मंत्री सौरभ भारती ने कहा कि आखिर विश्वविद्यालय की ऐसी भी क्या मजबूरी हो गई थी कि विश्वविद्यालय को आनन फानन में परीक्षा की तिथि घोषित करनी पड़ी, उन्होंने ने कहा कि विश्वविद्यालय ने डिग्री महाविद्यालय के साथ सौतेला व्यवहार किया है, आखिर किस वजह से यहां परीक्षा केंद्र नही बनाया गया है जबकि लगभग 11 महाविद्यालयों के छात्रों के लिए उन्हें उनका गृह केंद्र दिया गया है, उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द डिग्री महाविद्यालय मनिका को परीक्षा केंद्र घोषित की जाए। वहीं पूर्व नगर मंत्री उत्तम कुमार ने कहा कि किस वजह से डिग्री महाविद्यालय मनिका को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है, कहा कि बीते दिनों इसी डिग्री महाविद्यालय मनिका में जेपीएससी की परीक्षा संपन्न हुई थी, आखिर करोड़ो के बने इस महाविद्यालय में ऐसी भी क्या कमी है कि यहां से परीक्षा केंद्र को हटाकर लातेहार कर दिया है, उन्होंने ने कहा की डिग्री महाविद्यालय मनिका एक सरकारी महाविद्यालय है। बावजूद इसके बनवारी साहू महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र क्यों बनाया गया, एक सरकारी महाविद्यालय के जगह पर निजी महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाना विश्वविद्यालय के सौतेले व्यवहार को साफ साफ दिखाता है। वहीं नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार यादव ने कहा कि लातेहार मुख्य शहर से लगभग 2 किमी दूर बनवारी साहू महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाना अत्यंत ही निंदनीय है, डिग्री महाविद्यालय मनिका में दूर-दूर से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ने आते हैं उन सभी में से बहुतों को तो पता भी नहीं होगा कि बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में कहा है ऐसे में बीएस कॉलेज लातेहार को परीक्षा केंद्र बनाना उचित नहीं है।

### क्या कहते हैं प्राचार्य श्री सिंह?

**जब इस संदर्भ में प्राचार्य से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि छात्रों के हित में डिग्री कॉलेज मनिका को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए मैं स्वयं परीक्षा नियंत्रक महोदय से बात करूंगा। मौके पर दिनेश यादव, सौरभ, इरफान, प्रमोद, सदेश समेत कई छात्र उपस्थित हैं।**

## सेन्हा में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडु पंचायत के टंगरा टोली निवासी मोहन उरांव के पुत्र सुभाष उरांव का लोहरदगा थाना क्षेत्र के जुरिया पथ पर सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि किसी कार्य से लोहरदगा शहर गया हुआ था। और घर लौटने के दौरान किसी अज्ञात ट्रैक्टर के चपेट में आने से उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। वहीं युवक की मौत से परिवार के बीच गहरा शोक व्याप्त है। और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना की सूचना पर लोहरदगा थाना के पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गयी है। इस घटना को लेकर डांडू पंचायत मुखिया दिलीप उरांव मंगलवार को शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक प्रकट किया और आत्मा की शांति के लिए मौन धरना कर ईश्वर से प्राथना किया। साथ ही परिजनों से कहा की दुःख की घड़ी में रखने के लिए कहा और प्रशासन से जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने का मांग किया गया है।

## चंदवा में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को आहूत पंचायत समिति सदस्यों की बैठक जनप्रतिनिधियों के अनुपस्थिति के कारण एकाएक स्थगित करनी पड़ी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 11 बजे से प्रखंड सभागार में विकास मद क्रियान्वयन हेतु पंचायत समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में कामता, चंदवा पश्चिमी, चकला को छोड़कर ज्यादातर पंसस बैठक में उपस्थित नहीं हो सके जिसके कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा, जिससे सभागार में सजी कुर्सियां खाली पड़ी रह गयी। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि मेरे द्वारा मिटिंग कैंसिल नहीं कि गयी है मिटिंग 11 बजे दिन से निर्धारित थी पर सभागार में कुछेक कर्मचारियों को छोड़ कोई अधिकारी 11:30 बजे तक सभागार में उपस्थित नहीं थे जिस कारण बैठक का कोरम पूरा नहीं हो पाया और बैठक को स्थगित करना पड़ा।

## युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की



**चंदवा।** चंदवा के अलोदिया पंचायत के रहने वाले संदीप कुमार साहू पिता स्व. दुर्योधन साहू उर्फ टेंना साव ने मंगलवार सुबह पड़ोस रहने वाले अजीत उरांव पिता बदरू उरांव से पैसे की लेनदेन में अनबन हो गयी परिजनों ने बतलाया की संदीप कुमार साहू अजीत उराव के पास पैसे के बदले में अपना एक लैपटॉप भी बंदी में रखा था दीपक की मां मनिका देवी ने पुलिस को कहा है कि अजीत उरांव मेरे बेटे को पैसे के लेन-देन में हमेशा धमकी देते रहता था पैसा नहीं होने के कारण मेरा बेटा उसे लैपटॉप में बंदी रख दिया फिर भी अजीत उरांव हमारे बेटे को धमकाते रहता था। मनिका देवी बतलाती है कि मेरा बेटा संदीप साहू अजीत उराव से ₹15000 लिया था। मंगलवार सुबह ही दोनों में लड़ाई झगड़ा भी हुआ था। झगड़ा होने के बाद संदीप कुमार साहू ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। उसके साथ ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है।

## पलामू किला जतरा मेला में उमड़ी लोगों की भीड़



**लातेहार।** पलामू किला परिसर में मंगलवार से लगने वाले दो दिवसीय जतरा मेला लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इससे पहले मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला का उदघाटन फीता काट कर दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि जतरा मेला हमारी विरासत है। इसे बरकारार रखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि जतरा मेला हमारी पारंपरिक संस्कृति की पहचान है. राजा मेदनी राय एक प्रतापी और कुशल शासक थे। उनके शासन काल में कोई दुखी नहीं था। सब समृद्ध थे. मेला समिति के संरक्षक अवधेश सिंह चेरो ने इस मेले को राजकीय मेला घोषित करने की मांग की. विधायक ने मेला स्थल में स्थापित राजा मेदिनीराय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मौके पर डीएसपी दिलू लोहरा, मनिका जिप सदस्य बलवंत सिंह, शीतल सिंह, मेला समिति के अध्यक्ष उमेश सिंह, बिनोद यादव, रविन्द्र राम, प्रमोद यादव, आशुतोष सिंह, अभय सिंह चेरो व उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव समेत कई लोग उपस्थित थे.बताते चलें कि छठ महापर्व के पारण के दूसरे दिन प्रति वर्ष पलामू किला परिसर मे दो दिवसीय जतरा मेला का आयोजन किया जाता है। मेला परिसर में बाहर से आये दुकानदारों ने दुकानें भी लगायी हैं। खिलौनों की दुकानों मे बच्चो की काफी भीड़ देखी गयी। इसके अलावा पारंपरिक मिठाइयां बनाने वाले दुकानों में भी भीड़ थी।

## तेली समाज को दान में मिली 2.50 एकड़ जमीन



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश तेली समाज के मुख्य संरक्षक आर्मी रिटायर्ड समाजसेवी डॉ टी साहू ने बताया कि काली पूजा के शुभ अवसर पर निंगनी काली माता मंदिर प्रांगण में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अन्य जिलों से आए पदाधिकारियों की उपस्थिति में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा जिला समिति को 2.50 एकड़ जमीन दान में मिला। कॉलेज रोड लोहरदगा निवासी ब्रजकिशोर साहू पिता स्व. रामदयाल साहू जो पेशे से वकील है, एवं उनके भाइयों अवध किशोर, प्रमोद प्रसाद एवं विनोद प्रसाद ने अपने पैतृक जमीन जो मौजा सेरेंगहातु, थाना सेन्हा जिला लोहरदगा स्थित खाता संख्या 131 हाल प्लॉट नंबर 552 में से 2.50 एकड़ जमीन विद्यालय एवं छात्रावास निर्माण हेतु दान दिया गया। उक्त जमीन का एकरारनामा जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, महासचिव मनोज साहू एवं कोषाध्यक्ष रामविलास साहू के नाम संपादित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने जमीन दान दाता भाइयों का आभार जताया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना मां काली से किये।

## कैरो में कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक



**कैरो।** कैरो प्रखंड में कांग्रेस कमिटी की आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रुप से भारत जोड़ों पदयात्रा प्रखंड प्रभारी ड़ोमना उरांव सह प्रभारी संतोषी उरांव ने आगामी 6 नवंबर 2022 को जिला स्तरीय भारत जोड़ो पदयात्रा की सफलता को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी। बैठक में पंचायत अध्यक्ष सुमन उरांव मंजन उरांव नारायण उरांव शिव उरांव भोला भगत मोजाहिर अंसारी जियाउल अंसारी तिला उरांव रोहित प्रजापति मोहम्मद इंतखाब आलम दीपक कुमार यादव उमेश महली सुशील उरांव वसीम अंसारी देवराज उरांव चंद्रदेव भगत बहादुर यादव मंसूर आलम विजय कुमार एक्का मतलूब अंसारी जोरावर खान मोजेबुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने मेले का किया शुभारंभ



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला के समीप और सतबरवा थाना के सीमा पर स्थित फुलबरिया गांव में दो दिवसीय किला मेला की शुरूआत मनिका विधायक, एसडीपीओ दिलु लोहरा, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, सतबरवा थाना और मेला समिति के लोगो ने फीता जोड़कर व दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ। मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐतिहासिक किला मेला देखने के लिए हजारों लोग दूर-दूर से पहुंचे। मेले में चेरी दाई की पूजा-अर्चना की गयी और झांकी निकाली गयी। वहीं आदिवासी समूह के लोग मांदर की थाप पर थिरकते रहे। पलामू किला मेला को देखने के लिए हजारों लोग अपने निजी वाहन, आटो, साइकिल, ट्रैक्टर, जीप और पैदल मेला स्थल पर पधारे थे। लोगों ने राजा मेदिनीराय द्वारा बनाये गये पुराना और नया पलामू किला और कमलदह झील का भी भ्रमण किया। परंपरा के मुताबिक लोगों ने यहां तलवार की भी खरीदारी की। फुलबरिया गांव के शिव मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ राजा मेदिनीनगर की याद में हर साल छठ पूजा के बाद यह मेला लगता है। मेले में पलामू प्रमंडल के सभी गांव से आदिवासी समुदाय के लोग पहुंचते हैं। सतबरवा प्रखंड के फुलबरिया गांव में लगने वाले दो दिवसीय मेला में श्रद्धालु शिव मंदिर में पूजा करते हैं और पूजा के बाद उंचे पहाड़ पर स्थति किले में जाकर घूमते हैं।

## राज्य सरकार के कार्यकलापों के खिलाफ भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन सात नवंबर से



**भाजपा ने की बैठक लिये गये कई निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला की बैठक लोहरदगा रोड स्थित मुनेश्वर साहू के कॉन्फ्रेंस हॉल में अयोजित हुई। किसकी अध्यक्षता अनुपचंद्र अधिकारी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी दिनांक 7 नवंबर से 13 नवंबर 2022 के मध्य जिले के प्रत्येक प्रखंड में राज्य सरकार के कार्यकलापों के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करना है।

जिला के अंतर्गत सभी प्रखंडों में आक्रोश प्रदर्शन की तिथि एवं प्रदर्शन को नेतृत्व करने वाले का नाम की एक सूची प्रदेश में भेजनी है तथा यह सुनिश्चित करना है 1000 या अधिक की संख्या कैसे हो साथ ही साथ प्रदर्शन में तख्तों की जिसमें स्लोगन लिखा जायेगा उसकी व्यवस्था करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में भी चर्चा की गई। वहीं निवर्तमान विधानसभा स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि वर्तमान की सरकार समुदाय विशेष के लोगों को तुष्टीकरण करते-करते सारी सीमाएं लांग चुकी है। चाहे वह लव जिहाद का मामला हो, हिंदू लड़कियों को जलाकर मारने की घटनाएं हों, हिंदू धार्मिक स्थलों पर पथराव व प्रतिमाओं को खंडित करने की घटनाएं हों, ऐसी घटनाएं प्रत्येक दिन सुनने को मिल रही हैं। सरकार पूरी तरह अकर्मण्य और विफल हो चुकी है।

मंच संचालन कर रहे जिला महामंत्री मिशीर कुजूर ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार धर्मांतरण पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल रही है। हत्या बलात्कार की घटनाएं रोज घटित हो रही है उनके राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं है मुख्यमंत्री के निकट के लोगों के भ्रष्टाचार के मामले में प्रतिदिन नए-नए कारनामे सामने आ रहे हैं इनके विरुद्ध ईडी की कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध कालेधन की बरामदगी भी हो रही है। बैठक में मुख्य रूप से भुनेश्वर साहू, भिखारी भगत, चितरंजन मिश्रा, संतोष सिंह, सतनारायण पटेल, कौशलेंद्र जमुआर, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, गौरी किंडो, खुशमन नायक, केदार साहू, निसार खान, गोपाल निधि, शमीम खान जगनारायण सिंह, सुजीत नंदा, राम अवतार भगत यशवंत कुमार सिंह, गोपाल प्रसाद केसरी, मनोज वर्मा, सविंद्र कुमार सिंह भूपेन साहू दिनेश्वर प्रसाद, मनोहर बड़ाइक अमित किशोर पांडेय सनोज वर्मा, शैल मिश्र,अनीता बड़ाईक, प्रतिमा देवी लक्ष्मीनारायण यादव, रविन्द्र साहू, शकुंतला उरांव, बालकेश्वर सिंह, कामेश्वर साय, निरंजन सिंह श्रवण साहू, सुमित कुमार महली, विनोद भगत,विजय सिंह पिंटू सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

## त्वचा और थायराइड के विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में छह नवंबर को चांज करेंगे

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चर्म, कुष्ठ, गुप्त रोग एवं थायराइड रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 0छह नवंबर दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में मरीजों की जांच करेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें बालों का असमय झड़ना व असमय बालों का सफेद होना, नाखुन का कालापन के साथ साथ त्वचा संबंधी सभी बीमारियों के रोगियों की जांच की जायेगी।

## चान्हो में छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने किया तीन युवकों को गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बीती रात चान्हो पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चान्हो थानांतर्गत ग्राम चामा चंडी स्थान के पास एक निमार्णाधीन मकान में कुछ लड़कों के द्वारा एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। प्राप्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया और पूछताछ की। पीड़िता की शिकायत पर तीन लोगों के विरुद्ध छेड़खानी के मामले पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए चान्हो पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचते ही घटना में संलिप्त अपराधी भागने में सफल रहे । तत्पश्चात पुलिस ने टेक्निकल सेल के सहारे तीनों अपराधियों को आज धर दबोचा। घटना में शामिल तीनों अभियुक्त पंकज सतनामी पिता विजय सतनामी, अनूप उरांव उर्फ वरुण पिता किशुन उरांव दोनों सा. मोहन नगर डकरा, थाना खलारी, नीरज मुंडा पिता छोटन मुंडा, सा. चंडी स्थान थाना चान्हो, सभी जिला रांची को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पूछताछ के क्रम में आरोपियों की संलिप्तता पायी गयी है। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है कल तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जायेगा।

**प्रेस कांफ्रेंस :** नक्सली संगठन पीएलएफआइ के नाम पर डॉक्टर से मांगी 50 लाख की लेवी

# गुमला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**दोनों के पास से पीएलएफआइ का लेटर पैड और प्रिंटर मशीन भी जब्त किया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के प्रसिद्ध निजी अस्पताल एडवांस केयर सेंटर के संचालक सह सर्जन डॉ सौरभ प्रसाद से नक्सली संगठन पीएलएफआई के लोगों ने 50 लाख रुपये की लेवी की मांग की। इस पर डॉ सौरभ ने इसकी सूचना गुमला थाना को दे दी। सूचना मिलते ही गुमला थाना ने त्वरित कार्रवाई की। नतीजतन दो नक्सली पुलिस के चंगुल में आ गये। जिसमें तर्री फसिया निवासी श्रवण गोप और फसिया निवासी शिवा चीक बड़ाइक को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

मामले की जानकारी पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी। पुलिस ने बताया कि इन दोनों के पास से पीएलएफआई का लेटर पैड और प्रिंटर मशीन भी जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने डॉ सौरभ से 50 लाख की लेवी मांग थी।

एसडीपीओ मनीषचंद्र लाल ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2022 को नक्सलियों ने पीएलएफआई के नाम से गोकुल नगर, गुमला में स्थित केयर एडवांस हॉस्पिटल, के गेट में एक पोस्टर चिपकाया था। पोस्टर के माध्यम से तत्काल 50 लाख रुपये लेवी की मांग की गई थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई। पुलिस को पता चला कि कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया श्रवण गोप आजकल फिर सक्रिय है। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। उससे पूछताछ की। श्रवण ने बताया कि जेल से छूटने के बाद वह बेकार हो गया था। उसे आर्थिक तंगी थी। उस पर 50 हजार का लोन था। जिसकी वजह से वह काफी परेशान था। उसके पास पीएलएफआई का एक पुराना लेटर पैड मौजूद था। उस पुराने लेटर पैड से उसने कई फोटोकॉपी करायी थी। इस काम में फसिया निवासी शिवा चीक बड़ाईक ने श्रवण का सहयोग किया और इसने अपने प्रिंटर से पीएलएफआई के पुराने एक प्रति लेटर पैड की 5-7 फोटो कॉपी निकाल कर दे दिया। जिसके बाद दोनों ने मिलकर कई लोगों से लेवी मांगने की योजना बनायी। श्रवण की निशानदेही पर शिवा चिकबड़ाइक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया और दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस ने श्रवण के पास से पीएलएफआई के नाम से प्रिंट लेटर पैड की पांच फोटोकॉपी प्रतियां बरामद की हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़ी घटना को अंजाम देने से बचा लिया। श्रवण पर पहले से एक दर्जन केस दर्ज हैं। उसके खिलाफ गुमला जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों केस दर्ज हैं।

## नानक देव की जयंती पर निकाली गयी प्रभातफेरी

**यह प्रभातफेरी पांच नवंबर तक प्रतिदिन सुबह निकाली जायेगी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक पूर्णिमा को गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर सिख धर्मावलंबियों ने प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी एक नवम्बर से लेकर पांच नवम्बर तक प्रतिदिन सुबह निकाली जाएगी। प्रभात फेरी पालकोट रोड गुरुद्वारा से प्रारंभ हुई। जो शहर के विभिन्न मार्गों पर गुरुवाणी के गायन के साथ भ्रमण करते हुए पंजाबी गली में समाप्त हुई। पहले दिन की प्रभातफेरी पालकोट रोड से टावर चौक होते हुए पंजाबी गली में सरदार रणजीत सिंह तथा सरदार महेंद्र सिंह पंजाबी मसाले के घर पहुंची और सरबत के भले की कामना के साथ अरदास किया गया ।

रविवार 06 नवम्बर को अपराह्न में शहर में नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा तथा 8 नवम्बर 2022 को जशपुर रोड अवस्थित गुरुद्वारा में सहज पाठ समाप्ति होगी। किसके उपरांत भजन कीर्तन के कार्यक्रम किए जाएंगे एवं गुरु का लंगर लगाया जाएगा।

इसी तरह आगामी 10 नवम्बर को पालकोट रोड गुरुद्वारा में पाठ कीर्तन के उपरांत गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा।

बताया गया है कि हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर गुरुपर्व का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष 2022 में गुरु नानक देव जी की 553 वीं जयंती 8 नवंबर, मंगलवार को मनाई जा रही है। गुमला की नानक नाम लेवा श्रद्धालुओं के द्वारा गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व की तैयारियों के लिए आगामी 01 नवम्बर से 10 नवम्बर तक कुल दस दिनों के लिए विभिन्न कार्यक्रम तैयार किए गए हैं तथा पांच दिवसीय प्रभातफेरी प्रारंभ कर दी है।

प्रभात फेरी के मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान सेवक सरदार महेंद्र सिंह और अन्य श्रद्धालु सरदार रंजीत सिंह सरदार गुरविंदर सिंह सरदार जसवीर सिंह सरदार दिलदार सिंह हरजीत सिंह गुरमीत सिंह छोटू सिंह काले सिंह कमलेश्वर कौर जसवंत कौर कमलजीत कौर चंचल कौर गुरनाम कौर हरवंत कौर और बच्चे एवं अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 7 को रामरेखा कार्तिक पूर्णिमा मेला का उद्घाटन करेंगे



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक ऐतिहासिक छोटानागपुर का कैलाश रामरेखा धाम मेले का उद्घाटन जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 07.11.22 कार्तिक पूर्णिमा सोमवार को रामरेखा धाम में मेले का उद्घाटन करेंगे। संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए रामरेखा धाम सचिव ओमप्रकाश साहू एवं सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि रामरेखा धाम विकास समिति के आमंत्रण पर केंद्रीय मंत्री का दौरा सिमडेगा रामरेखा धाम में होगा, जहां वे प्रसिद्ध रामरेखा धाम में कार्तिक पूर्णिमा मेला का उद्घाटन करेंगे साथ ही संत-महंत एवं रामरेखा धाम समिति से मिलकर परिचर्चा भी करेंगे। इधर रामरेखा धाम विकास समिति द्वारा कोरोना काल के बाद प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित आगमन पर समिति सदस्यों ने खुशी जाहिर की है।

## घाघरा में युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र स्थित सिरकोट गांव में अपने ससुराल आये टांगर शिकवार गांव निवासी टेमना मुंडा ने फांसी लगाकर मंगलवार को अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद घाघरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक का जेठ साला बितेश्वर मुंडा ने बताया कि टेमना का मानसिक संतुलन खराब था और वह सोमवार को दिन के 11 बजे अपने ससुराल सिरकोट आया था। जिसके बाद दूसरे दिन मंगलवार की सुबह में तीन बजे खाना मांगा और खाना खाने के बाद एक रूम में सोने के लिए चला गया। जहां वह अकेला सो रहा था। वहीं सभी अपने घर का काम में लगे थे। जैसे ही 6:00 बजे जब उसे उठाने के लिए घर के लोग गए तो दरवाजा को खोला तो देखा कि टेमना मुंडा ने घर के छप्पर में अपने लूंगी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## इटकी में मुआवजा राशि को लेकर बैठक



**इटकी (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची- गुमला मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण के लिए जिला भूअर्जन कार्यालय द्वारा भूमि अधिग्रहण के मामले को लेकर मंगलवार को प्रखंड सभागार में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। बैठक में रैयतों को मुआवजा राशि के भुगतान में हो रहे विलंब व इसके दर सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में रैयतों की दो लाख रुपये प्रति डिसमिल की मांग पर भी विचार विमर्श किया गया। अधिग्रहण के दौरान भूअर्जन कार्यालय द्वारा हुई त्रुटि को सुधारने व मुआवजा की राशि को नये सिरे से तय किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व विधायक बंधु तिर्की, एनएचआई के पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी अंजना दास, अंचलाधिकारी रश्मि लकड़ा, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, रमेश महली, अबू माज, राजन किस्पोट्टा व संबंधित रैयत सहित अन्य शामिल थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने साप्ताहिक जनता दरबार में सुनी आवेदकों की फरियाद

# आवेदनों पर कार्रवाई के लिए पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जनता दरबार में सड़क निर्माण, मुआवजा भुगतान सहित कई मामले आये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के कार्यालय वेश्म में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में घाघरा प्रखंड की अन्नपूर्णा महिला मंडल के द्वारा सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित कर बताया है कि जनवितरण प्रणाली को पुनः चालू किया जाये। उपायुक्त ने इनके पत्र को अग्रसारित करते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी को जांच हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भरनो प्रखंड के पलमा गुमला के चौड़ीकरण में अधिगृहीत मकान रोड में जाने के कारण मुआवजा भुगतान करने का मुद्दा भी उठा। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सदर प्रखंड के खड़ियापाड़ा निवासी स्तुति लकड़ा द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया है कि वे आश्रय गृह खड़ियापाड़ा में केयर टेकर के पद पर कार्य करती हैं, उनका मानदेय बढ़ाया जाये। इस पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सिसई प्रखंड के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से आवेदन समर्पित कर बताया गया कि ग्राम घोड़तोपा एवं गोखुलपुर के बीच मसनीया नदी में पुल निर्माण नहीं होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा जनता दरबार में सड़क निर्माण, मुआवजा भुगतान सहित कई मामले आये जिन पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पत्र अग्रसारित करते हुए समस्याओं के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बरगांव उत्तरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत मंगलवार को प्रखंड के बरगांव उत्तरी पंचायत से की गयी। मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो, प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में प्रखंड के सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जरूरतमंद ग्रामीणों का आवेदन लिया गया। इस दौरान फुलो झानो योजना के तहत चार महिलाओं को 20-20 हजार का ऋण, सामाजिक सुरक्षा से 30 लाभुकों को कंबल, 25 लाभुकों को पेंशन का पीपीओ, 156 सावित्री बाई फुले योजना के किशोरियों को राशि वितरण, आवास योजना में 367 आवेदन, आजीविका में 210 आवेदन, ई-श्रम में 115 आवेदन सहित अन्य योजनाओं के कुल 979 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर मुखिया सुनिता देवी, बीपीआरओ संतोष भगत, बीओ अजय कुमार साहू, जनसेवक संत कुमार, रोजगार सेवक सुखनाथ भगत, स्वयंसेवक गोविंद प्रसाद, आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं, डीलर के साथ स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, श्रम नियोजन, राजस्व विभाग, बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल आपूर्ति, शिक्षा विभाग व आवास योजना सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### रुकी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के दूसरे चरण पर घाघरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रुकी में मंगलवार को किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि गुमला अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने लोगों से कहा कि झारखंड सरकार द्वारा यह महत्वकांक्षी योजना चल रही है ग्रामीण बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ उठायें। वहीं मौजूद घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, घाघरा पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य मानती देवी ने भी मौजूद लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना को लाभ उठाने की जानकारी दी। शिविर में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सात किशोरियों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के तहत 2 महिला मंडल को 300000 रु. सीसीएल, 200 जरूरतमंद को कम्बल, 15 पीपीओ, ग्रामीणों के बीच 500 आम के पौधे का वितरण किया गया। मौके पर पूर्वी क्षेत्र की जिप सदस्य मनती उरांव, बीडीओ विष्णुदेव कच्छप, घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी घाघरा, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी/कर्मी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जलहन गांव में जंगली हाथियों ने कई किसानों की धान की फसलों को किया नष्ट



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जलहन गांव में जंगली हाथियों ने कई किसानों की फसलों को नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने मंगलवार को सरांगो पंचायत के मुखिया राजेश बड़ाइक को दी। घटना के संबंध में मुखिया राजेश बड़ाईक ने बताया कि बीते सोमवार की देर रात गांव के मुन्ना असुर, विरमा असुर, चरवा असुर, राजेश असुर व एक अन्य किसानों की धान फसलों को जंगली हाथी ने नष्ट कर दिया। वहीं पीड़ित किसानों ने वन विभाग से उचित मुआवजा की मांग की है ताकि उनकी आर्थिक पूजी की क्षतिपूर्ति की जा सके। मुखिया राजेश बड़ाईक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई सूचना के बाद लिखित आवेदन वन विभाग को दिया जाएगा ताकि किसानों को उचित मुआवजा मिल सके।

### बाइक की डिक्की तोड़ कर 53 हजार रुपये सहित अन्य कागजात की चोरी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना से महज सौ मीटर की दूरी पर बाइक की डिक्की तोड़कर 53 हजार कैश, एटीएम, पासबुक, आधार कार्ड, स्कूल से संबंधित कागजात की चोरी कर ली गई। घटना को लेकर पीड़ित बरगांव निवासी सरकारी शिक्षक छक्कन लाल साहू ने सिसई थाना में मंगलवार को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि मैं एक सरकारी शिक्षक हूं, मैं मंगलवार को एसबीआई सिसई से अपने खाते से 53 हजार रुपये निकासी कर अपनी हीरो स्पलेंडर बाइक की डिक्की में अन्य कागजातों के साथ रखा था। बैंक से निकलकर घर आने के क्रम में मैंने चाय पीने के लिए थाना रोड स्थित रमेश पान दुकान के पास गाड़ी खड़ा की। जब मैं चाय पीकर बाइक के समीप लौटा तो देखा कि मेरी बाइक की डिक्की खुली है और उसमें रखे कैश सहित सारे दस्तावेज गायब हैं। उन्होंने थाना में आवेदन देकर अपने पैसे सहित सभी कागजात व दस्तावेज की खोजबीन करने और चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने समस्याएं सुनायी। इस दौरान चैनपुर के पूर्वडीहा से आयी क्लास नौवीं की छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि कक्षा नौवीं में पढ़ाई के दौरान मेरे माता-पिता का देहांत हो गया था जिस कारण कुछ दिनों के लिये मेरी पढ़ाई बाधित हो गयी थी और अब मेरा एडमिशन नहीं लिया जा रहा है अतः उन्होंने उपायुक्त से अपना नामांकन राजकीय बालिका + 2 उच्च विद्यालय में करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट एडीपीओ को बुलाकर उक्त




छात्रा का नामांकन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। इस तरह चैनपुर के पतरिया खुर्द से आये राघवेन्द्र प्रसाद ने उपायुक्त से धान का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत की इस पर उपायुक्त ने डीएसओ को उचित कार्रवाई करने की बात कही। वहीं पांकी के लोहरसी से आये चमन साव ने उपायुक्त को बताया की आगलगी के कारण उनका घर जल कर राख हो गया एवं घर में रखा सारा सामान भी जल गया अतः उन्होंने उपायुक्त से अग्निकांड में हुए भरपायी करने हेतु अनुरोध किया इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए डीसी ने आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को कॉल कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। इसी तरह लॉ एंड आर्डर से जुड़े विभिन्न मामलों को सदर एसडीओ को अग्रसारित करते हुये कार्रवाई करने की बात कही। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में जमीन विवाद, मुआवजा राशि, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान, नियोजन से संबंधित आवेदन आए जिसे उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

# सरकार आपके द्वार शिविर में आये कुल 9234 आवेदन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारंभ हो गया है जिसके तहत आगामी 14 नवंबर तक जिले के अलग-अलग पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी 21 प्रखंडों के 21 पंचायतों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9234 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 709 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।

**शिविर में किसी लाभुक को कंबल,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित :** आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**बुधवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर को हुसैनाबाद के पथरा,छतरपुर के डाली,चैनपुर के पूर्वडीहा,पाटन के राजहारा,व पांकी के डंडारकला पंचायत भवन में लाभुकों के शिविर का आयोजन कर आमजनों को लाभान्वित किया जायेगा।

## प्रखंड के बेनिकला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद प्रखंड के बेनिकला पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह,जेएमएम नेता वशिष्ठ कुमार सिंह,अंचलाधिकारी नंद कुमार राम,मुखिया श्रवण राम,पंचायत समिति सदस्य नीतू कुमारी आदि ने दीपप्रज्वलन कर किया ।कार्यक्रम के दौरान जनवितरण ,पेंशन समेत सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं से जुड़े मामले आये जिनका निष्पादन किया गया। मौके पर जिप सदस्य टूटू सिंह ने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है और हर व्यक्ति को इन योजनाओं से जोड़ कर इसका लाभ सुनिश्चित कराना है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सबो का सहयोग जरूरी है ।मौके पर जेएमएम नेता वशिष्ठ कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है ।आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है ।मौके पर मुख्य रूप से रामप्रवेश सिंह,राजेश सिंह,पिंटू गुप्ता,रामायण सिंह समेत कई विभाग के कर्मी व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## सरदार पटेल का भारत के नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान : संजय सिंह यादव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पटेल विकास मंच के तत्वधान में सरदार बलभभाई पटेल जी की जयंती मनाई गई ।पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव,समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,नगर अध्यक्ष शशि कुमार व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी,पूर्व नपं अध्यक्षा उषा देवी,वार्ड पार्षद उमरावती देवी, राजद के प्रदेश सचिव राज अली,मानस व पटेल विचार मंच के अध्यक्ष परमानंद चौधरी सहित अन्य लोगो ने माल्यार्पण किया ।मौके पर झारखण्ड प्रदेश के राजद दल के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि आज जो भारत देख रहे है,उसे निर्माण करने में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का अतुलनीय योगदान है ।उन्होंने कहा कि पटेल जी की जीवनी से हम सभी को सिख लेने की जरूरत है ।मौके नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा है कि सरदार भलभ भाई पटेल जी का विचार देश व समाज के लिए प्रासंगिक है ।नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी ने कहा कि पटेल जी छोटे से लेकर बड़ा कई काम किए है,जो देश वासी सदा याद रखेगा ।मौके पर सुर्जनाथ पासवान,इजहार अंसारी,प्रदीप ।पटेल,उदय सोनी,जनक पासवान,मिथुन उर्फ असगर खान,अर्जुन सिन्हा,रणजीत पासवान,अजित चौधरी, उदय सोनी,प्रेमचंद चौधरी,शशि पटेल,धीरेंद्र पटेल,शशि पटेल,ऋषि पटेल,परवीन पटेल ,प्रदीप पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के परिभ्रमण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू परिभ्रमण को लेकर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने समाहरणालय में वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मिनट-टू मिनट कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन स्टेडियम से हवाई अड्डा तक विधि व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निदेश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपते हुए इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निदेश दिया ।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाए। चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत आपके योजना,आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता



का निदेश सभी पदाधिकारियों को दिया। परिसंपत्तियों की वितरण को लेकर लाभुकों का आवागमन हेतु पर परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया ।वहीं जेएसएलपीएस के डीपीएम को सखी मंडल की दीदियों/लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने एवं पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया ।उन्होंने सूचना एवं विज्ञान अधिकारी को 4 नवंबर के दिन सभी शिविर वाले पंचायतों में सीएम के कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज,नगर आयुक्त समीरा एस,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा,प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते समेत जिले के सभी वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# पंचायत प्रतिनिधि ईमानदारी से करें अपने कार्तव्यों का निर्वहन : रामचंद्र चंद्रवंशी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। समारोह में पंचायत प्रतिनिधियों व भाजपा प्रखंड कमेटी के कार्यसमिति सदस्य को सम्मानित किया गया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभी को खुद शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कोई भी प्रतिनिधि छोटा या बड़ा नही होता। सभी का सम्मान बराबर है। कार्य क्षेत्र छोटा बड़ा हो सकता है। पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकार और कर्तव्य को समझते हुए ईमानदारी से कार्य करेंगे तो गांवों का संपूर्ण विकास हो जायेगा। गांव व पंचायत के विकास में हर संभव मदद पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर क्षेत्र का पूर्ण विकास करना ही मेरा सपना है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित किया जायेगा। श्री चंद्रवंशी ने




पंचायत प्रतिनिधियों को कई टिप्स भी दिया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि बगैर किसी भेदभाव के गांवों का विकास करें। पंचायत के लोगों को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। मौके पर वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, डॉ विनय प्रसाद शुक्ला, रविंद्रनाथ उपाध्याय, ओम प्रकाश तिवारी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रम्भा देवी, बबन राम, शिवबांश मिश्रा,नरसिंह चौबे, अनुज चौधरी, मनीष कुमार गुप्ता, मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, अंजू देवी, संजू चौबे, रोशीला देवी, रम्भा मिश्रा,धर्मेंद्र चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, दिनेश शुक्ला, प्रवीन मिश्रा, रविशंकर चौबे, उपेंद्र तिवारी, विनोद चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने सपरिवार गजानंद माता मंदिर में की पूजा-अर्चना, 101 कड़ाही का प्रसाद चढ़ाया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज के विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने सपरिवार हुसैनाबाद के पोलडीह स्थित गजानंद माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। इस मौके पर 101 कड़ाही में प्रसाद चढ़ाया गया। विधायक समेत सभी ने गजानंद माता से परिवार क्षेत्र जिला राज्य व देश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पोल्डीह गांव पहुंचते ही विधायक कमलेश कुमार समेत परिवार के सदस्यों का फूल माला व गाजे बजे के साथ स्वागत किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। लोगों का प्यार और स्नेह उनकी सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने गजानंद माता से हुसैनाबाद–हरिहरगंज के तमाम लोगों को सुख समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह की धर्मपत्नी मधु सिंह, युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, अजीत सिंह के अलावा परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल थे ।

# अगस्त 2022 का दस हजार क्विंटल अनाज समेत नमक एवं चीनी के गबन मामले में लीपापोती की गयी : विधायक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के लाभुकों का अगस्त 2022 का दस हजार क्विंटल अनाज ऊपर ही ऊपर बेच दिया गया। इसके अलावा ग्रीन कार्ड का राशन, अंत्योदय का चीनी, नमक के अलावा स्कूलों में चलने वाले मध्याह्न भोजन का अनाज भी गबन कर लिया गया है। उन्होंने इस संबंध में पत्राचार किया था। इस मामले में जांच के नाम पर खानापूर्ति कर प्रभारी सहायक गोदाम मैनेजर समेत अन्य दोषी लोगों को बचाने की नाकाम



कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में वह चुप बैठने वाले नहीं हैं। पूर्व में भी हुसैनाबाद गोदाम की सीबीआई जांच हो चुकी है। जिसमे गबन उजागर हुआ था। कार्रवाई भी हुई थी। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम से अबतक जितने भी घोटाले हुए हैं, सभी को उजागर करने के लिए उच्चस्तरीय जांच कराना आवश्यक है। ऐसा नहीं हुआ तो वह विधानसभा में मामला उठाकर विधानसभा की समिति से जांच कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद, हैदरनगर के साथ साथ हरिहरगंज गोदान की भी जांच कराई जायेगी।उन्होंने कहा कि वह रांची पहुंच कर अनाज घोटाले की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से कराने को लेकर मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री को पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर आंदोलन भी किया जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा सभा क्षेत्र में 6 माध्यमिक विद्यालयों में मैनेटेन्स की राशि सरकार ने दी है। लेकिन सही ढंग से मैनेटेन्स का कार्य नही किया गया है। चेंजिंग रूम के निर्माण ने बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। प्रेस कांफ्रेंस में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान,एनसीपी नेता गुड्डू सिंह, एनसीपी अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान शामिल थे।

# भविष्य में पलामू किला जतरा मेला राजकीय मेला होगा : रामचंद्र सिंह

**पलामू (आजाद सिपाही)** । मंगलवार को पलामू के राजा मेदिनीराय के याद में लगने वाला इतिहासिक दो दिवसीय मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। वही कार्यक्रम का संचालन अवधेश सिंह चेरो ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाला समय में दुबिया खान मेला की तरह पलामू किला जतरा मेला भी राजकीय मेला के रूप में जाना जाएगा। पलामू किला की मरम्मत के लिए हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हम लगातार कोशिश कर रहे हैं। वही अवकाश प्राप्त शिक्षक राम लखन सिंह ने कहा कि यह मेला भगवंत राय के द्वारा शिव मंदिर की स्थापना कर किया गया था। राजा मेदनी राय के समय में दूध की नदियां बहती थी इसीलिए एक



कहावत मशहूर है, धनी धनी राजा में मे मेदनीया, घर घर बाजे मथानिया। बताते चलें कि इस ऐतिहासिक मेले में झारखंड के कई जिलों समेत दूसरे राज्यों से भी लोग मेला घूमने आते हैं इसीलिए भिंड हजारों में नहीं लाखों में होती है और इसकी सुरक्षा के लिए सतबरवा पुलिस पूरे दलबल के साथ मौके पर तैनात भी रहती है। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह चेरो, सुरक्षा समिति के प्रभारी यमुना सिंह बरवाडी इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी मनिका जिला परिषद सदस्य समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खड़गपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई समस्याओं का हुआ समाधान




**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय तथा मुखिया काजल कुमारी ने संयुक्त रूप किया ।शिविर में खड़गपुर पंचायत क्षेत्र के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग–अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। वही मुखिया काजल कुमार, समाजसेवी सत्येंद्र मेहता आदि ने लोगों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ जयप्रकाश नारायण व सीओ वासुदेव राय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। वहीं मुखिया काजल कुमारी ने कहा कि सरकार की सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता है ।शिविर में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए . आवेदनों की जांच कर ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गयी। मौके पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन, नाजीर ब्रजेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, आवाज कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार, अंचल प्रधानसहायक अनिल सिंह, प्रखंड सहायक अलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**आईसीसी टी-20 विश्व कप : श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया**

# टीम इंडिया के लिए नॉकआउट जैसा मैच : बांग्लादेश से आज एडिलेड में होगी भिड़ंत, बारिश की आशंका

**एडिलेड ।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी मैच हारने के बाद टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में अगर-मगर की स्थिति में आ गई है। इस कारण बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को एडिलेड में होने वाला सुपर-12 ग्रुप-2 मुकाबला काफी अहम हो गया है। यह मैच भारतीय टाइमिंग के अनुसार दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा। इस स्टोरी में हम आगे जानेंगे कि जीत और हार का भारतीय टीम के समीकरण पर क्या असर पड़ेगा। साथ ही पिच रिपोर्ट और दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 भी जानेंगे।



### अब मौसम का हाल जान लेते हैं

वेदर फॉरकास्ट करने वाली वेबसाइट एक्यूवेदर के मुताबिक भारत-बांग्लादेश मैच के समय बारिश की आशंका 30 से 60 फीसदी तक है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया में मौसम काफी तेजी से बदलता है। इसलिए आगे बारिश की आशंका ज्यादा भी हो सकती है और कम भी।

### अब मैच के नतीजे का क्या असर होगा

अभी भारतीय टीम 3 मैचों में दो जीत और एक हार के साथ 4 अंक लेकर ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर है। वहीं, बांग्लादेश की टीम भी इतने ही मैचों से 4 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। भारत बेहतर नेट रेट की वजह से अभी बांग्लादेश से आगे है। इस मैच में जीत हासिल कर पर भारत के लिए सेमीफाइनल में प्रवेश की राह काफी आसान होगी। वहीं, हार की स्थिति में बांग्लादेश लगभग बाहर हो जाएगा। इस मुकाबले के बाद बांग्लादेश का आखिर मैच पाकिस्तान से है और भारत को जिम्बाब्वे से खेलना है। भारतीय टीम अगर बांग्लादेश से हार जाती है तो फिर उसकी राह मुश्किल हो जाएगी। इस स्थिति में आखिरी मैच में जिम्बाब्वे पर जीत के बावजूद भारत के अधिकतम 6 अंक ही हो पाएंगे। ऐसे में पाकिस्तान अगर अपने आखिरी दो मैच जीत लेता है तो उसके भी 6 अंक हो जाएंगे। फिर बेहतर नेट रन रेट वाली टीम को फायदा होगा। भारत की हार की स्थिति में बांग्लादेश के चांसेज भी काफी बढ़ जाएंगे। अगर वह भारत के बाद पाकिस्तान को भी हरा लेता है तो उसके 8 अंक हो जाएंगे।

## आपके द्वार कार्यक्रम का दूसरा चरण नौडीहा बाजार प्रखंड के खैरादोहर पंचायत में लगा



**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)** ।झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जो पहले चरण 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक प्रखंड के छः पंचायतों में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। द्वितीय चरण एक नवंबर को प्रखंड के खैरादोहर पंचायत में लगा और कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान,बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान, मुखिया पातो देवी, पंचायत समिति सदस्य सह राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, पश्चिम पंचायत समिति सदस्य बलवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाए गया था। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरादोहर के बच्चों को स्कूल पोशाक का भी वितरण किया एवं गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरण किया गया। जिसमें लोग अपनी अपनी समस्या संबंधित स्टॉलो पर आवेदन दें रहे थे।

## कतरास क्षेत्र में कोल इंडिया का स्थापना दिवस धूमधाम से मना



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया स्थापना दिवस को लेकर मंगलवार को कतरास क्षेत्रीय मुख्यालय कतरास एवं स्थानीय इकाइयों में कोल इंडिया फ्लैग का झंडोत्तोलन किया गया। क्षेत्रीय मुख्यालय में महाप्रबंधक कतरास एके सिंह ने झंडोत्तोलन कर सभी कर्मियों को स्थापना दिवस की बधाई दी एवं सभी से अपील की कंपनी के विकास में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की। मौके पर क्षेत्रीय मुख्यालय में झंडोत्तोलन के उपरांत कॉर्पोरेट गीत बजाया गया। स्थापना दिवस पर 20 कर्मियों को पदोन्नति का आदेश महाप्रबंधक कतरास एवं एसीसी सदस्यों के द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर कैलाश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन, विनोद कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त, सुरेंद्र भूषण क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक, एसएन सांडिल्य क्षेत्रीय प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिकी, राणा संतोष सिंह, सौरभ सिंह और एसीसी सदस्यों में छोटू सिंह हलदर महतो, हरेंद्र सिंह, प्रदीप पासवान, उमेश शर्मा उपस्थित थे।

## बोकारो जनरल अस्पताल के नर्सिंग स्कूल में स्पीच प्रतियोगिता आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल अस्पताल के नर्सिंग स्कूल में सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट के सतर्कता विभाग द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत की थीम पर स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ अरुण कुमार, डीसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ तृप्ति चंद्रा, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. एन शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) एसपी गुप्ता, प्रिंसिपल (स्कूल ऑफ नर्सिंग) भारती गांगुली, प्रबंधक(सतर्कता) चित्रा पराशर, प्रबंधक (सतर्कता) सुष्मिता कुमारी सहित नर्सिंग स्कूल की 100 से अधिक छात्रायें उपस्थित थी। कार्यक्रम के आरंभ में प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गई। तत्पश्चात अरुण कुमार ने सतर्कता विभाग के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन चित्रा पराशर ने किया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में समस्याओं से रू ब रू हुए पदाधिकारी



**चास (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कालापत्थर पंचायत शिविर में उप विकास आयुक्त कीर्ती श्री शामिल हुई। जिला के विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविर में शामिल हुए जिला के वरीय पदाधिकारीगण कार्यक्रम का आयोजन। चास प्रखंड के कालापत्थर/पुपुनकी/नावाडीह पंचायत, चंदनकियारी प्रखंड के भोजुडीह पू., झालबरदा पंचायत, गोमिया प्रखंड के कथारा/बांध पंचायत, नावाडीह प्रखंड के भलमारा पंचायत, चंद्रपुरा प्रखंड के तुरीयो पंचायत, पेटरवार प्रखंड के अंग वाली उ. पंचायत, जरीडीह प्रखंड के अरालडीह पंचायत, कसमार के बगदा पंचायत,नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 15 में किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, सेवा की गरांटी, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, गव्य एवं पशुपालन आदि विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गये। जिन्हें क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किये जायेंगे। विभिन्न शिविरों में शामिल अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम में आपकी समस्याओं का समाधान करने का ऑन द स्पॉट प्रयास किया जा रहा है। कुछ समस्याओं जिनका निष्पादन ऑन द स्पॉट संभव नहीं है,उसे सप्ताह भर में निष्पादित कर दिया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभी शिविरों में ऑन स्पॉट निष्पादित मामलों एवं स्वीकृत आवेदनों के लाभुकों के बीच जिला के वरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचलाधिकारिओं द्वारा लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## टुंडी के कदैया में छह वर्षीय लड़की का शव मिला, हत्या की आंशका

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** दक्षिणी टुंडी के कदैंया पंचायत अंतर्गत मंगलवार को कदैया ग्राम के रंजीत तुरी की छह वर्षीय लड़की की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिये जाने की सनसनीखेज समाचार मिला है। लड़की सोमवार शाम से अपने घर से लापता थी काफी खोजने के बाद भी उसे ढूंढ नही मिला। मंगलवार सुबह लोगों नेलड़की का शव देखा। घटना की खबर पाकर टुंडी थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। और मामले की छानबीन शुरू कर दी। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर लाश को देखकर इस कड़ी निंदा की। टुंडी थाना प्रभारी शरदा रंजन प्रसाद सिंह ने कहा की अगर ग्रामीणों का साथ मिला तो उन दरिंदो को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हम पीछे नहीं रहेगें। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडे, सतीश, चंद्रमा, पंसंस राजेश सिंह, मुखिया मनसू रजक, अजीमुद्दीन अंसारी, बाबा मनीर मस्तान, वासुदेव स्वर्णकार, सत्य नारायण सुनार, गुरुपद कुमार, नरेश स्वर्णकार, गुरु चरण बास्की, पलटू कुंभकार, वकील तुरी, रमेश, विहिप प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर, वकील, यादव सेन के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### पटेल सेवा संघ ने मनायी वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती, पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री

# बेहतर भारत निर्माण की नींव है झारखंडः सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय पटेल सेवा संघ धनबाद ने सोमवार को उत्सव भवन में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती सह स्थापना वर्ष धूमधाम के साथ मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में आजसू सुप्रीमों सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि में पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, जिलाध्यक्ष मंटू महतो, सुरेंद्र कुमार सिन्हा एवं डीएन सिन्हा उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया। आगंतुक अतिथियों को भव्या आनन एवं कुमारी ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर स्वागत किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने कहा कि बेहतर भारत निर्माण करने कि नींव झारखंड है। हम सभी राज्य के लोगों को एक विचार बनाने की आवश्यकता है। जिस प्रकार सरदार पटेल ने किया था। इस दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वही सभी मंचासीन अतिथियों ने पटेल के विचार धारा को आगे बढ़ाने पर बल दिया। कहा की समाज को पहले से और ज्यादा मजबूत तथा समाजोपयोगी बनाने के लिए सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमें अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। इसी क्रम में अभी तक 300 लोग से ज्यादा इससे जुड़ चुके हैं। इस विशेष अवसर पर एक समाजोपयोगी स्मारिका पत्रिका कुर्मी जागृति का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही समाज के मेधावी छात्र छात्राओं अनमोल सिंह आइटी खड़गपुर एवं मोनिका सिंह आइटी राउरकेला को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा उनका सम्मान किया गया।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेंद्र कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा, संतोष कुमार, सच्चिदानंद सिंह, उदय कुमार सिंह, बीजेंद्र सिंह, बमेश्वर सिंह, अजित पटेल, शत्रुधन कुमार, दिनेश सिंह,अवध बिहारी सिंह, बाबन नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

### श्री गंगा गौशाला कतरास में 11 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ

# विधायक ढुल्लू ने फीता काटकर किया उद्घाटन, रागिनी सिंह ने किया तुलादान





आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** श्री गंगा गौशाला कतरास में 11 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का उद्घाटन मंगलवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व उन्की धर्मपत्नी सावित्री देवी ने विधिवत पूजा-पाठ कर किया। इससे पूर्व विधायक ने गो पूजन व ध्वजारोहण किया। वही ललिता देवी मनोज सिंधल कामधेनु हवन-पूजन, डॉ शिवानी झा-विजय कुमार झा ने मुर्ति घर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी पहुंची जहां उन्होंने सर्वप्रथम गौ माता की विधिवत पूजा अर्चना की, गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान एकल अभियान के सदस्यों द्वारा लाये गये गौ रथ एंबुलेंस का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रीमती सिंह ने तुलादान कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

### सनातन धर्म के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा की समाज के लिए सनातन धर्म के नाते हम आगे बढ़कर कर गोशाला में बढ़ चढ़कर कार्य करेंगे। विधायक ने गोशाला के अंदर तालाब के सौंदर्यीकरण एवंएनएच-32 से लेकर गौमाता के निवास स्थान तक एक माह के भीतर सड़क निर्माण कार्य कराने की घोषणा के बाद टेंडर प्रक्रिया का पत्र गौशाला कमेटी को सौपा। इसके अलावा स्वर्गीय पुना महतो के नाम से गौशाला का तोरणद्वार बनाने की भी घोषणा की। विधायक ने कहा की प्रभु के कृपा एवं आदेश का पालन करते हुए सच व धर्म के रास्ते पर चलता हूं। जब कभी भी गौशाला व सनातन धर्म के प्रति जरूरत पड़े आप हमे आदेश दिजिये, एक सेवक के रूप में हमेशा आगे रहूंगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, महासचिव महेश कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल बंसल,दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, स्वागत अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संयोजक सुमित अग्रवाल, कमलेश सिंह सहित बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, महेश कुमार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विहिप के कमलेश सिंह, कृष्ण कन्हाई राय, श्रवण खेतान, अनिल केडिया, दिलीप अग्रवाल, सुनील शर्मा, नरेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, पंकज सिंह, संतोष जलान, सुभाष राजगढ़िया, किरण चावड़ा,अरूण चौधरी, विष्णु चौरसिया बजरंग अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## अंबेडकर कॉलोनी में चोरों ने मचाया उत्पात, दो घरों का ताला तोड़ की चोरी

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर कॉलोनी में सोमवार की रात्रि चोरों ने उत्पात मचाया। चोरों ने ब्लॉक संख्या 25, क्वार्टर संख्या 298 किरण देवी जो सीसीएल के करगली अस्पताल में काम करती है उसके घर का ताला तोड़कर नगदी रुपये और जेवर की चोरी कर ली। किरण देवी छठ मनाने के लिए गिरिडीह अपने बेटे के साथ मायके गई हुई थी। चोरी की घटना का जानकारी पड़ोसियों ने किरण देवी को फोन के माध्यम से दिया। किरण देवी ने बताया कि इस चोरी में 2 जोड़ी चांदी का पायल, अलग अलग स्थान पर रखे हुए करीब 8 हजार नगदी, एक बड़ा पैसों से भरा गुल्लड़ की चोरी हुई है। चोरों ने कुल तीन ताले और एक लॉकर को तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वही चोरों ने ब्लॉक संख्या 2 और 3 के बीच में सीआइएसएफ ब्लॉक में संवेदक सह कौटिल्य महापरिवार का सदस्य शंभू दुबे के घर का ताला तोड़कर उत्पात मचाया। शंभू दुबे के घर में कोई मौजूद ना होने की वजह से चोरी में हुए नुकसान का अनुमान नहीं लगाया जा सका, क्योंकि शंभू दुबे पूरे परिवार के साथ छठ मनाने के लिए बिहार के गया गए हुए हैं।

# नशे की जरूरत पूरी करने के लिए करता था बाइक चोरी, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएस सिटी थाना पुलिस ने चोरी की दो बाइक को बरामद कर लिया। सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा मेले से बाइक की चोरी की गई थी। मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने इस मामले में चास थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर चोर आदित्य कुमार बांसफोर उर्फ बबन, बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर वन निवासी अनिल कुमार उर्फ रोहित और कैंप टू हनुमान नगर के निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया।



### आरोपी पहले भी जा चुका है जेल

थाना प्रभारी दुलर चौड़े के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर आदित्य कुमार दोनों गिरफ्तार युवकों को नशे का आदि बना कर बाइक की चोरी कराया करता था। बाइक चोरी करने के बाद ये तीनों लोग खरीदार की तलाश में थे ताकि बाइक बेच कर नशे का सामान खरीद सके। इससे पहले ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दुलर चौड़े ने बताया कि गिरफ्तार बाइक चोर नशे के लिए चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आदित्य कुमार पहले भी चोरी के कई मामलों में जेल जा चुका है।

## ब्राह्मणों के सामने नतमस्तक हों जलेश्वर, नहीं तो विनाश के लिए तैयार रहें: ब्राह्मण समाज



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो द्वारा ब्राह्मणों को लेकर विवादित व्यान देने की वजह से समाज में उबाल है। जिसको लेकर विभिन्न इलाकों में जलेश्वर महतो का पुरजोर विरोध हो रहा है। मंगलवार को ब्राह्मण समाज कतरास तथा ब्राह्मण कल्याण मंच के बैनर तले कतरास सूर्य मंदिर से विरोध मार्च निकालकर कतरास थाना चौक पर जलेश्वर महतो का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व सूर्य मंदिर प्रांगन में वैदिक मंत्रोच्चारण से ब्राह्मणों को त्रिपुंड लगाया गया। जिसके बाद शंख ध्वनि बजाते हुए ब्राह्मण विरोध मार्च में चल रहे थे। आक्रोशित ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि जलेश्वर की मति मारी गई है। उसका विनाश निश्चित होने वाला है। जलेश्वर महतो अगर खैरियत चाहता है तो वह जिस प्रकार सार्वजनिक मंच से ब्राह्मणों को अपमानित करने का काम किया है। उसी तरह ब्रह्मणो का एक सभा आयोजित कर समाज के लोगों से माफी मांगे। ब्रह्मणों ने कहा कि अभी तो यह आंदोलन की शुरूआत है इसके बावजूद भी अगर जलेश्वर ब्राह्मणों के सामने नतमस्तक हो नहीं जाता है तो सजा अपनी विनाश के लिए तैयार रहें। साथ ही जानकारी देते हुए कहा की बुधवार को नवागढ़ मोड़ से शव यात्रा निकाला जायेगा। जिसमें विभिन्न इलाकों के ब्राह्मण शामिल रहेंगे। मौके पर ब्राह्मण कल्याण मंच के अध्यक्ष अरविंद दुबे , सचिव रामकुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रामाशंकर तिवारी, एनडी पांडेय, उत्तम पांडेय, चंडी ग्याली,भरत शर्मा, प्रिंस शर्मा, बबलू बनर्जी, नीरज शर्मा, सूर्य देव मिश्रा, दिलीप दसोंधी, मुकेश झा, सुभाष पांडेय, दीपू पाण्डेय, एचएन पांडेय, संतोष पांडेय, वरुण पांडेय, विकास पांडेय, वाइके पाठक, गौरव दुबे, विमलेश चौबे, आशुतोष पांडेय, सुमन पांडेय, आशीष तिवारी, केदार गयाली, संजय तिवारी, दीपू पांडेय, संतोष पाडेय, निरंजन पांडेय, सुधीर पांडेय , कमलेश पांडेय सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## मालकेरा के ब्राह्मण समाज के लोगों ने मालकेरा मोड़ में जलेश्वर महतो का पुतला फूंका

**कतरास (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो द्वारा माटीगढ़ गोवर्धन पूजा में ब्राह्मण समाज के प्रति दिये गये अमर्यादित व्यान को लेकर मंगलवार को ब्राह्मण समाज के द्वारा मालकेरा मोड़ में जलेश्वर महतो का पुतला दहन किया गया। जिसमें मालकेरा, रामपुर, कुमरजोरी एंव आस पास के गांवों के सभी ब्राह्मण शामिल हुए। इस दौरान जलेश्वर महतो की एक दवाई लत्तम जुत्तम और पिटाई, जलेश्वर महतो मुर्दाबाद, जलेश्वर महतो होश में आओ जैसे नारे लगाये गये। इस घटना को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों में काफी आक्रोश है। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि जलेश्वर महतो बतायें कि कौन कौन ब्राह्मण कसाईखाना चला रहे है। इससे पहले भी जलेश्वर महतो ब्राह्मण समाज के लोगों को अपमानित करने का काम किया है। पर जलेश्वर महतो को मालूम होना चाहिए कि जो ब्राह्मण पुजा पाठ करवाते है वो श्राद्ध भी करवाता है। पुतला दहन कार्यक्रम मे ब्राह्मण समाज के लोग शामिल थे।


## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

-: आम सूचना :-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 आज्ञा रानी पति स्व0 राम प्रकाश पसरिचा

अजय कुमार पसरिचा | संजय कुमार पसरिचा | मनोज कुमार पसरिचा | नीलम पसरिचा ग्रोवर | अंजु पसरिचा सेठी

अनुमण्डल पदाधिकारी
सदर, हजारीबाग

PR 281132 District (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा।

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02 वर्ष 2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 11.11.2022 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.11.2022 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.11.2022 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता या०, पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची । 2. अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता या०, पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं०2 ,धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत बांगीटांड़–लोकाई पथ कि0मी0 0.00 से 2.88 में साधारण मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23। | 2499828.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03(तीन) माह। |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र ,*GSTiN*, *UCAN*से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. *PWD* कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डल
कोडरमा।

PR 281114 Road(22-23)D

### एम्स भुवनेश्वर में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 2.0 का समापन

# अस्पताल को साफ रखना सबकी जिम्मेदारी : डॉ सुब्रत





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर को साफ रखना सभी की जिम्मेदारी है। एम्स भुवनेश्वर के अध्यक्ष डॉ सुब्रत आचार्य ने स्वच्छता अभियान 2.0 के समापन समारोह के अवसर पर कहा कि एम्स भुवनेश्वर के सभी हितधारक अपने इलाज के लिए यहां आने वाले हजारों मरीजों के लिए एक स्वच्छ अस्पताल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार की शाम मिनी सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बोलते हुए संस्थान के नर्सिंग कॉलेज के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास ने सभी विभागों द्वारा अपने स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को जारी रखने पर जोर दिया और सभी को महीने भर चलने वाले आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर एम्स भुवनेश्वर के डीन डॉ पीआर महापात्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ सच्चिदानंद मोहंती, डीडीए आइ/सी रश्मी रंजन सेठी, एफए पीके साहू, एसइ केपी मिश्रा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

अस्पताल प्रशासन विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ जवाहर एस के पिल्लई ने सभी का स्वागत किया और एक महीने तक जारी इस अभियान के दौरान संस्थान द्वारा किए गए सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए कार्यक्रम की शुरुआत एक लघु फिल्म के साथ हुई। जीवन के एक हिस्से के रूप में स्वच्छता का अभ्यास करते हुए जागरूकता पैदा करने के लिए नर्सिंग टीम द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया।

अभियान को चिह्नित करने के लिए वृक्षारोपण, सामूहिक स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता अभियान (स्कूल, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, शॉपिंग मॉल), पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, प्रत्येक दिन अलग-अलग विभागों को सौंपा गया था और प्रत्येक विभाग ने विशेष गतिविधियों का आयोजन करके इस मेगा अभियान में योगदान दिया था। सर्वश्रेष्ठ आइसीयू, वार्ड, ओपीडी, ओटी और यूनिट, निबंध लेखन प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं ने पुरस्कार प्राप्त किये।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ डॉ मुकुंद चंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य कर्मचारी अपने परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि एम्स भुवनेश्वर ने लगातार तीन वर्षों तक सर्वश्रेष्ठ कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त किया है।

# मुगल ब्रिटिशकालीन पुलों को हादसों का इंतजार



**सुनील बादल**



गुजरात के मोरवी के झूलते पुल के रस्से के टूटने की दुखद घटना इसमें मारे गए लगभग 143 लोगों के अलावा अन्य लोगों द्वारा कुछ दिनों में भुला दी जायेगी, पर इससे सीख लेकर देश भर के प्राचीन रजवाड़ों, मुगलकालीन या अंग्रेजों के जमाने के पुलों और रस्से आधारित रोप वे आदि का ऑडिट विशेषज्ञों की टीम से कराना समय की मांग है।इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर मॉनिटरिंग सेल का गठन करना चाहिए, जो इसकी रिपोर्ट रखे और राज्यों को गाइडलाइन जारी करे। ऐसा नहीं किया गया तो जंग खाये पुलों और रस्सों से हर साल कितने ही घर उजड़ते रहेंगे। हरिद्वार, राजगीर और कश्मीर में भी हो चुका है झारखंड के देवघर जैसा हादसा, रस्सा टूट कर 75 फीट नीचे गिर गया था रोपवे और मोरवी में भी रस्सा ही टूटा। इसमें कितनों को दोषी माना गया और नहीं तो क्यों? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं। पुराने पुल जो आयु पूरी कर घातक बन गये और रोपवे के रस्सों की समीक्षा तब तक नहीं की जाती, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाये। मुंबई-गोवा हाइवे पर बना ब्रिटिश कालीन पुल टूट कर गिरने से बड़ा हादसा हुआ था। गौरतलब है कि इस पुल का निर्माण करने वाली ब्रिटिश कंपनी ने 1974 में पत्र देकर हाइवे अथॉरिटी को यह जानकारी दे दी थी कि इस पुल का निर्माण 1874 में हुआ था। पुल अपनी 100 साल की उम्र पुरी कर चुका है, लेकिन इसके बाद भी 40 साल तक लगातार इस पुल का इस्तेमाल किया जाता रहा और ये हादसा हुआ। कुछ वर्षो पूर्व भागलपुर के पास एक दुर्घटना घटी थी जब ट्रेन के गुजरने के समय ही पुल धंस गया था। आज भी ऐसे ही और भी पुल हैं, जो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं फिर भी उनका इस्तेमाल किया जा रहा है। जहां कभी भी हादसा दोबारा हो सकता है।

**नर्मदा नदी के पुराने पुल-** नर्मदा नदी के इस पुराने पुल को गढ़-मंडला के राजा नरेंद्र शाह ने सन 1680 के आसपास बनवाया था, पुल पर दोनों तरफ कोई सुरक्षा रेलिंग नहीं है, इस पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं, जिससे खतरा बना रहता हैं।

**कोरोनेशन पुल-** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग का यह कोरोनेशन पुल भी अंग्रेजों ने 1937 में बनवाया था।

**पंबन पुल-** तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित पंबन आइलैंड को जोड़ने वाला यह पुल भी 1914 में ब्रिटिश सरकार ने बनवाया था।

**पुराना नैनी पुल-** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद शहर में यमुना नदी पर बना यह पुराना नैनी पुल अंग्रेजों ने 1865 में बनवाया था।

**कोईलवर पुल-** बिहार की सोन नदी वाला यह पुराना पुल कोईलवर पुल के अलावा अब्दुल बारी पुल के नाम से जाना जाता है। यह 1862 में बना था, जो की सबसे पुराने पुलों में से एक है।

**गोदावरी पुल-** आंध्र प्रदेश की गोदावरी नदी पर बना यह पुल 1897 में बनना शुरू हुआ और 30 अगस्त 1900 में बना। ये पुल लगभग 116 सालों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है।

**जुबली पुल-** यह पुल पश्चिम बंगाल के नैहाटी और बंदेल को जोड़ता है। हुगली नदी पर स्थित इस पुल को भी अंग्रेजों ने 1885 में बनवाया था।

**एलिस पुल-** अहमदाबाद में साबरमती नदी पर बना यह पुल 1892 में आम जनता के लिए बनवाया गया था।

**हावड़ा पुल-** पश्चिम बंगाल की हुगली नदी पर स्थित हावड़ा पुल को 1942 में अंग्रेजों ने बनवाया था। देहरादून के निकट जौनसार बावर की लाइफलाइन कालसी चकराता मार्ग पर यूं तो ब्रिटिश कालीन कई पुल हैं, लेकिन सैया अमला नदी पर बना ब्रिटिश कालीन पुल अब आवाजाही के लिए सुरक्षित नहीं है और यह पुल अपना सुरक्षित जीवन पूरी कर चुका है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग इस पुल को तोड़ने जा रहा है। इस साथ ही इस स्थान पर नये पुल का निर्माण होना है, पर ऐसे उदाहरण कम हैं। मोटी कमाई और भ्रष्टाचार के कारण आंख मूंदने की प्रवृत्ति भविष्य के लिए घातक है। दोषी व्यक्तियों को सजा देकर भी इस पर रोक लगायी जा सकती है।

# 14 भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई

### 4 अधिकारी नौकरी से बर्खास्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री का कड़ा रुख जारी है। राज्य सरकार के इस रुख के मुताबिक 14 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। 4 लोगों को उनकी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। 4 लोगों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गयी है और 6 अन्य लोगों की पेंशन स्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है। ये सारे 1 अधीक्षण अभियंता, 2 सहायक अभियंता, 1 डीएसपी, 1 सीडीपीओ, 1 वन परिक्षेत्र अधिकारी, 1 तहसीलदार, 1 बीडीओ, 1 वरिष्ठ प्रबंधक, 1 टैक्स कलेक्टर, 1 सप्लाई निरीक्षक और 3 कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं। पहले से 173 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है । इन 14 लोगों को मिलाकर 187 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ये सख्त कदम 5टी और मो सरकार की पहल से मिले फीडबैक के आधार पर लिए गये हैं। इसे मिला कर अब तक 187 अधिकारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है या उन्हें जबरन अवसर दिया गया। उसके साथ उनकी पेंशन स्थायी रूप से निलंबित कर दी गयी है।

# एनटीपीसी कोयला खनन ने राष्ट्रीय एकता दिवस, सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी सीएमएचक्यू कोयला खनन मुख्यालय, रांची में राष्ट्रीय अखंडता दिवस मनाया गया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 31 अक्टूबर, 2022 को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी। राष्ट्रीय एकता दिवस या राष्ट्रीय एकता दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती की याद में मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक मनाया जायेगा। इस दौरान प्रतियोगिताएं जैसे प्रश्नोत्तरी, कर्मचारियों के लिए भाषण और कर्मचारी के परिवार के सदस्यों के लिए भाषण निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा एक निवारक सतर्कता कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव है।

# झारसुगुड़ा वेदांता एल्युमीनियम ने ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा वेदांत एल्युमिनियम ने 'यूनाइट फॉर यूनिवर्सल हैंड हाइजीन' की थीम के तहत ओडिशा के झारसुगुडा में ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाया। कंपनी ने उचित हाथ धोने और स्वच्छता प्रथाओं के महत्व पर स्थानीय समुदायों को जागरूक करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला जागरूकता अभियान चलाया। झारसुगुड़ा में इस अभियान में 28 गांव शामिल थे और साथ ही स्कूली बच्चों और वयस्कों समेत करीब 1600 लोगों को संदेश दिया गया।

अभियान के हिस्से के रूप में कंपनी ने अपनी मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों (एमएचयू) टीम के माध्यम से उचित हाथ धोने की दिनचर्या के महत्व और लाभों पर जागरूकता सत्र आयोजित किए, जिसके बाद साबुन और पानी का उपयोग करके हाथ धोने के छह चरणों पर एक लाइव प्रदर्शन किया गया। गांवों में हाथ धोने की स्वस्थ आदत को बढ़ावा देने के लिए सूचनात्मक पुस्तिका भी वितरित किये गये। वेदांता एल्युमिनियम के स्वास्थ्य संबंधी उपायों पर बोलते हुए श्री सुनील गुप्ता सीईओ वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा कि वैश्विक हैंडवाशिंग डे ने हमें समुदाय तक पहुंचने और मौलिक स्वच्छता प्रथाओं का प्रदर्शन करने का अवसर दिया, जो कई बीमारियों को रोक सकती हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### संबलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह में वॉकथॉन का आयोजन




संबलपुर (आजाद सिपाही)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 पर पूर्वतट रेलवे संबलपुर मंडल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता में जागरूकता फैलाने के लिए 1 नवंबर को 'वॉकथॉन' का आयोजन किया। इस वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य सत्यनिष्ठा का संदेश फैलाना था, जो हमारी दुनिया के प्रत्येक कोने से भ्रष्टाचार उन्मूलन के माध्यम से एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने का मूल मंत्र है। अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर आनंद सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेडियम से रेल नगर गेट तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 6 नवंबर तक मनाया जायेगा।

### संबलपुर स्टेशन में सरदार वल्लभभाई पटेल पर प्रदर्शनी



संबलपुर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत, पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल द्वारा संबलपुर रेलवे स्टेशन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन यात्रा पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने किया। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान को प्रदर्शित करने और चित्रित करने वाली प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की ताकत को प्रतिबिंबित करना है। मौके पर संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में मनाया गया




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे के कार्यवाहक महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को रेलवे सदन में अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित करने और सरदार बल्लभाई पटेल की दूरदृष्टि और कर्म के ऊपर कार्य करने की शपथ दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस पर। बाद में श्री श्रीवास्तव ने रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। एकता दिवस समारोह में मुख्य कार्मिक अधिकारी तुषार कांति मंडल सहित सभी प्रमुख विभागीय अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) एलवीएसएस पतराडू ने किया।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

### यूपी में करीब आठ हजार मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** यूपी में 10 सितंबर को मदरसों को लेकर शुरू किया गया सर्वे पूरा हो गया है। सर्वे के अनुसार प्रदेश में करीब आठ हजार मदरसे गैर मान्यता प्राप्त मिले हैं। सर्वे में मदरसों की आय के स्रोत और इन्हें संचालित करने वाली संस्था सहित वर्तमान स्थिति के बारे में सवाल पूछे गये थे। हालांकि इस बाबत 15 नवंबर तक सभी डीएम अपने-अपने जिलों की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे दस सितंबर से शुरू हुआ था। सोमवार तक टीमों ने सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। सबसे ज्यादा गैर मान्यता प्राप्त मदरसे मुरादाबाद में मिले हैं।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंम्प्यूटर एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran- I ₹ 60
* English Grammar- I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran- I ₹ 60
English Grammar- I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran- I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**